वर्ष 1794 में सर विलियम जोंस ने मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद किया। औपनिवेशिक सत्ता ने इसे हिंदू कानून समझने का मुख्य जरिया बनाया। अंग्रेजों ने स्थानीय परंपराओं और देशाचार की जगह ग्रंथ केंद्रित व्यवस्था को बढ़ावा दिया। इसलिए औपनिवेशिक व्याख्या और प्राचीन सामाजिक संदर्भ को अलग करके देखना होगा। मनुस्मृति की चर्चा में उसके पाठ के इतिहास को समझना आवश्यक है। इसकी पांडुलिपियों में पाठ परिवर्तन और प्रक्षिप्त अंशों पर विद्वानों में सदा मतभेद रहा है। किसी एक विवादित श्लोक को अंतिम विधान मान लेना अध्ययन की जल्दबाजी है। असुविधाजनक प्रविधानों को केवल क्षेपक यानी बाद में कुछ जोड़ा हुआ कहकर खारिज करना भी गलत होगा। इतिहासकार का काम अपनी पसंद से पाठ चुनना नहीं है। उसका दायित्व पाठ को उसके काल और संदर्भ में देखना है। भारतीय समाज का इतिहास केवल ग्रंथों से नहीं बना। ग्रंथों के साथ लोकाचार और क्षेत्रीय परंपराएं भी चलती रहीं। किसी ग्रंथ का लिखा विधान और समाज का व्यवहार हमेशा एकसमान नहीं होता। मनुस्मृति में यदि स्त्री की स्वतंत्रता पर सीमाएं हैं तो स्त्रीधन और पारिवारिक अधिकार भी दर्ज हैं। इसका मूल्यांकन एकरंगी नहीं हो सकता। इसे न तो आधुनिक अधिकारों का घोषणापत्र माना जा सकता है और न केवल उत्पीड़न का दस्तावेज।

भारतीय सभ्यता का अनुभव अत्यंत व्यापक है। ऋग्वेद में लोपामुद्रा, घोषा और अपाला जैसी ऋषिकाओं के सूक्त मिलते हैं। उपनिषद में गार्गी और मैत्रेयी के दार्शनिक प्रश्न दर्ज हैं। याज्ञवल्क्य से गार्गी का शास्त्रार्थ हमारी बौद्धिक चेतना का प्रमाण है। मनुस्मृति के किसी एक विधान से पूरी सभ्यता को परिभाषित नहीं किया जा सकता। प्राचीन विधान को सीधे आज की राजनीति से जोड़ना तार्किक नहीं है। वर्तमान सरकार की आलोचना उसकी नीतियों, निर्णयों और कार्यों के आधार पर होनी चाहिए। किसी प्राचीन ग्रंथ को आज की सरकारी नीतियों का आधार सिद्ध करने के लिए ठोस प्रमाण चाहिए। केवल राजनीतिक आरोप लगाना पर्याप्त नहीं है। राहुल गांधी चुनाव के समय मंदिरों और धार्मिक प्रतीकों के प्रति सहज दिखते हैं। चुनावी राजनीति से बाहर निकलते ही परंपरा पर तीखे हमले होने लगते हैं। आस्था राजनीतिक मौसम के हिसाब से बदलने वाली वस्तु नहीं हो सकती। स्त्री की गरिमा और स्वतंत्रता किसी एक धर्म-संप्रदाय का विषय नहीं है। यह सार्वभौमिक संवैधानिक मूल्य है। इसी कसौटी की परीक्षा तीन तलाक के प्रश्न पर भी हुई। 2019 में तीन तलाक को दंडनीय बनाने वाले कानून का कांग्रेस ने विरोध किया था। यदि स्त्री की गरिमा और स्वतंत्रता सार्वभौमिक मूल्य हैं, तो उनकी रक्षा की कसौटी भी सार्वभौमिक होनी चाहिए। किसी प्रथा की आलोचना केवल इसलिए मुखर हो कि वह हिंदू परंपरा से जुड़ी है और दूसरी जगह वही मुखरता कमजोर पड़ जाए, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। संवैधानिकता का अर्थ सुविधा के अनुसार मानक बदलना नहीं है।

स्त्री सशक्तीकरण की असली परीक्षा आज की राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी में है। 2023 का नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी दिशा में बड़ा कदम है। राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मु से लेकर सेना, न्यायपालिका और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भूमिका बदलते भारत का चित्र प्रस्तुत करती है। यह भारत अपने अतीत से संवाद करता है, लेकिन उसका बंधक नहीं बनता। स्त्री के प्रश्न को केवल मनुस्मृति तक सीमित करना समस्या को छोटा करना है। आज शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के सवाल मुख्य हैं। राजनीतिक दलों को इन पर ठोस नीतियां देनी चाहिए। अतीत की निंदा आसान है। वर्तमान को बदलना कठिन उत्तरदायित्व है। हिंदू समाज में सुधार की आवश्यकता स्वीकार करना और पूरी परंपरा को कठघरे में खड़ा करना दो अलग बातें हैं। भारतीय समाज ने अपने भीतर से राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद और स्वामी विवेकानंद जैसे सुधारकों को जन्म दिया। परंपरा की शक्ति आत्मसमीक्षा में होती है। सुधार परंपरा के विरोध से नहीं, बल्कि उसके भीतर से संभव होता है। मनुस्मृति पर बहस को दो अतिवादों से बचाना होगा। न तो इसका अंध समर्थन उचित है और न ही एक श्लोक के आधार पर पूरी सभ्यता को दोषी ठहराना सही है। सभ्यता को उसकी उपलब्धियों और सीमाओं दोनों के साथ पढ़ना होगा।

राहुल गांधी को स्पष्ट करना होगा कि वे भारतीय सभ्यता को किस दृष्टि से देखते हैं। उन्हें हिंदू परंपरा में केवल रूढ़ियां दिखती हैं या उसकी आत्मसुधार की क्षमता भी नजर आती है? संविधान और सांस्कृतिक परंपरा के संबंध को वे किस रूप में समझते हैं? इन प्रश्नों के उत्तर किसी नारे से नहीं मिलेंगे। इनके लिए स्पष्ट वैचारिक दर्शन चाहिए। सुधार की बात हो तो समान कसौटी के साथ हो। राजनीति हो तो स्पष्ट विचार के साथ हो। यह बहस मनुस्मृति से बहुत आगे की है। यह तय करेगी कि हम अपने इतिहास को कैसे पढ़ते हैं और वर्तमान को किस विवेक से बदलते हैं। भारत को न तो अतीत का अंध गौरव चाहिए और न ही अतीत से अपराध बोध। देश को इतिहासबोध, आत्मसमीक्षा और संविधान में अटूट निष्ठा की आवश्यकता है। सभ्यतागत आत्मविश्वास अतीत पर शर्मिंदा होने में नहीं, बल्कि उसे समझकर आगे बढ़ने में है।

(लेखक दिल्ली विवि के आर्यभट्ट कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

# तकनीक की लत के शिकार होते बच्चे



क्षमा शर्मा

**जहां यह कहा जाता हैं कि बच्चों ने नई तकनीक न सीखी तो वे पिछड़ जाएंगे, वहीं उन्हें उनका लती भी बनाया जा रहा हैं**

इन दिनों दुनिया भर में बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम पर चिंता जताई जा रही है। आस्ट्रेलिया ने सबसे पहले 16 साल तक के बच्चों पर स्कूल में मोबाइल ले जाने और टिकटाक, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब आदि के इस्तेमाल पर रोक लगाई। ब्राजील, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन आदि देशों ने भी थोड़े-बहुत फेरबदल के साथ ऐसा किया है। फ्रांस, ब्रिटेन, स्पेन, कनाडा, पुर्तगाल, इटली, दक्षिण कोरिया आदि देश भी ऐसा कर चुके हैं या करने की तैयारी में हैं। इस मामले में भारत में हिमाचल सरकार ने स्कूलों में मोबाइल ले जाने पर पाबंदी लगा दी है। कर्नाटक की सरकार 16 साल तक के बच्चों के लिए डिजिटल मीडिया पर बैन और स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर लगाम कसेगी। आश्चर्यजनक रूप से अमेरिका में ऐसा नहीं किया गया है। इसका कारण शायद यह है कि तमाम बड़ी टेक कंपनियां अमेरिकी ही हैं। इन्होंने ही ऐसे एल्गोरिदम विकसित किए हैं, जो बच्चों को फोन और डिजिटल मीडिया की लत लगा देते हैं। इससे इन्हें भारी मुनाफा होता है। पूंजी के मालिकों को वही भगवान लगती है, दुनिया के बच्चों का क्या होता है, यह दुनिया जाने।

टेक कंपनियों के मालिक यह जानते हैं कि बच्चों पर मोबाइल स्क्रीन और उन पर देखे जाने वाले तमाम कार्यक्रमों का क्या असर पड़ता है। इसलिए वे अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखते हैं। है न कमाल। एक तरफ यह सिखाया गया है कि तकनीक ही असली भगवान है। अगर बच्चों ने जल्द से जल्द इसे नहीं सीखा तो सफलता और जीवन की रेस में वे पिछड़ जाएंगे और दूसरी तरफ उन्हें इसी तकनीक का लती बनाया जा रहा है। पिछले दिनों एक बड़ी टेक कंपनी के मालिक ने अपनी दूसरी बेटी के जन्म पर खुशी प्रकट करते हुए एक पत्र में लिखा कि बच्ची बाहर खेलेगी। फूलों की खुशबू को महसूस करेगी। पत्तों को देखेगी। ऐसी ही एक और बड़ी टेक कंपनी के कर्ता-धर्ता अपने बच्चे को मोबाइल के पास भी नहीं फटकने देते। एक अन्य कंपनी के सर्वेसर्वा ने 11 साल की उम्र तक अपने बेटे को फोन से दूर रखा। कंप्यूटर की दुनिया में नाम कमाने वाली कंपनी के बड़े भारतीय अफसर ने अपने बच्चों को 14 साल की उम्र तक फोन का इस्तेमाल नहीं करने दिया। एक और टेक कंपनी के प्रमुख अपने बच्चों के स्क्रीन टाइम को लेकर समय के बहुत पाबंद हैं। एआइ से जुड़े एक दिग्गज अपने बच्चों के जीवन में एआइ की घुसपैठ जल्दी नहीं कराना चाहते। साफ है कि ये लोग चाहते हैं कि इनके बच्चे मिट्टी की सुगंध महसूस करें। प्रकृति को जीवन का हिस्सा बनाएं। हमेशा भगदड़ में रहने के मुकाबले अकेले रहना भी सीखें।



तकनीक के उपयोग को लेकर साधा जाए संतुलन। फाइल

आज अमेरिका समेत पश्चिमी देशों में ऐसे बहुत से पार्क हैं, जहां बच्चों को विशेष रूप से मिट्टी में खेलने के लिए ले जाया जाता है। कहते हैं कि इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसकी तगड़ी फीस भी देनी पड़ती है। यही नहीं, वहां बच्चे ऐसे स्कूलों में भी पढ़ते हैं, जहां मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पाबंदी है। एक समय अपने यहां भी मिट्टी में खेलने को जीवन का आवश्यक अंग माना जाता था, लेकिन बैक्टीरिया और रोगों का डर दिखाकर बच्चों से दूर कर दिया गया। सोचने की बात यह है कि अगर आप धनकुबेर हैं, तो आपके लिए अलग नियम हैं और दूसरों के लिए अलग। आपके बच्चे मोबाइल, कंप्यूटर, टीवी, डिजिटल मीडिया से दूर रहें और दूसरे बच्चों को यह सिखाया जाए कि यदि जीवन में ये चीजें नहीं, तो कुछ नहीं। आप हर रेस में पिछड़ जाएंगे। यह सब पढ़ते हुए आमजन को मूर्ख बनाने के कितने ही तरीके याद आ रहे थे। बहुत पहले बड़ी-बड़ी अभिनेत्रियां एक खास ब्रांड के साबुन का विज्ञापन करती थीं। इस साबुन का विज्ञापन करने वाली किसी भी हीरोइन ने शायद ही कभी इसका इस्तेमाल किया हो। चाकलेट का विज्ञापन बहुत से अभिनेता-अभिनेत्रियां करते हैं। कई साल पहले एक अभिनेत्री ने कहा था कि उसके बच्चे ने आज तक चाकलेट नहीं खाई। यदि वह कोई अच्छा काम करता है, तो उसे पुरस्कार के रूप में गुड़ दिया जाता है।

यह मार्केटिंग का ही असर है कि लोग बच्चों को तमाम जंक फूड खिलाने में शान समझते हैं। आजकल बच्चे भारतीय भोज्य पदार्थों के मुकाबले स्कूल में लंच के लिए भी ऐसे ही हाई कैलोरी खाने की चीजों को पसंद करते हैं। ऐसी विज्ञापनबाजी के कारण ही भारत के पारंपरिक मिठाई उद्योग पर खतरा मंडरा रहा है। कई खेती करने वाले लोग कह चुके हैं कि वे अपने खेतों में दो तरह की फसलें उगाते हैं। एक वे जिनमें जरा भी कीटनाशक नहीं डाला जाता। कहने को तो यह कहा जाता है कि सब बराबर हैं। जो हम खाते हैं, उससे बेहतर अतिथि को खाने को देते हैं या दूसरों के बच्चों को अपना बच्चा मानें, लेकिन जब दुनिया भर के लोगों में फैले अपने-पराए की भावना नजर आती है तो ये सारी बातें कोरी किताबी लगने लगती हैं। एक तरफ चैरिटी की बातें की जाती हैं और यह कहा जाता है कि हम सब बराबर हैं, मगर अफसोस है कि मुनाफे के लिए हर तरह की तरकीबें अपनाई जा रही हैं और लोगों की सेहत से भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

(लेखिका साहित्यकार हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

## चेतना का उत्सव

जन्माष्टमी केवल कृष्ण के जन्म की स्मृति नहीं है। वह मनुष्य के भीतर जन्म लेने वाली उस चेतना का उत्सव भी है, जो अंधेरे के बीच प्रकाश की तरह अपना रास्ता बनाती है। कृष्ण का जन्म कारागार में हुआ। बाहर भय का वातावरण है, भीतर बेचैनी और चारों ओर ऐसी परिस्थिति, जिसमें मनुष्य की स्वतंत्रता लगभग समाप्त हो चुकी है। उसी बंद जगह में एक बालक जन्म लेता है। जन्माष्टमी का सबसे गहरा अर्थ है कि जीवन के कठोरतम क्षणों में भी भविष्य जन्म ले सकता है। कृष्ण का जन्म भय के विरुद्ध जीवन की घोषणा है। वे राजमहल में नहीं, कारागार में जन्म लेते हैं। जन्माष्टमी बाहर कृष्ण के जन्म का उत्सव है और भीतर मनुष्य के पुनर्जन्म की संभावना का। जब विवेक भय पर विजय पाता है, जब प्रेम अधिकार से मुक्त होता है, जब मनुष्य अन्याय के सामने खड़ा होता है और अपने कर्म की जिम्मेदारी स्वीकार करता है, तब उसके भीतर कृष्ण का जन्म होता है। जन्माष्टमी की प्रार्थना यह है कि हमारे भीतर वह दृष्टि जन्म ले, जिससे हम अपने समय को पहचान सकें। वह साहस जन्म ले, जिससे हम अन्याय के सामने खड़े हो सकें। वह प्रेम जन्म ले, जिसमें दूसरे को बांधने की इच्छा न हो और वह विवेक जन्म ले, जो जीवन की जटिलता में भी सही दिशा खोज सके।

कृष्ण की विलक्षणता ही यह है कि वे किसी एक सांचे में बंद नहीं होते। वे बालक हैं, मित्र हैं, प्रेमी हैं, सारथी हैं, रणनीतिकार हैं और दार्शनिक भी हैं। वे मनुष्य को एकरेखीय नैतिकता से बाहर निकाल परिस्थिति, विवेक, संबंध और जिम्मेदारी की जटिल दुनिया में ले जाते हैं। उनके लिए कर्म केवल बाहरी क्रिया नहीं, अस्तित्व की जिम्मेदारी है। वे जीवन के विरोधाभासों से बचते नहीं, उन्हें अपने भीतर समेटते हैं। इसलिए कृष्ण जितने प्राचीन हैं, उतने ही आधुनिक भी दिखाई देते हैं।

परिचय दास

# ब्रह्मांड के अदृश्य रहस्यों से उठेगा पर्दा

प्रदीप

**एक विशेष टेलीस्कोप के माध्यम से विज्ञानी ब्रह्मांड के रहस्यों को जानने में जुटे हैं**

हाल ही में स्पेसएक्स के फाल्कन हेवी राकेट से प्रक्षिप्त होने के बाद नासा का 'नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप' अब पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के दूसरे लैग्रांज बिंदु (एल-2) की ओर बढ़ रही है। दूरबीन राकेट से सफलतापूर्वक अलग हो गई है और उसने पृथ्वी स्थित नियंत्रण केंद्र से संपर्क स्थापित कर लिया है। इसका संचार एंटीना तथा सूर्य के अवांछित प्रकाश से बचाने वाली सुरक्षात्मक संरचना भी सफलतापूर्वक तैनात हो चुकी है। विज्ञानी अब इसके उपकरणों को धीरे-धीरे सक्रिय कर रहे हैं। अगले कुछ महीनों के परीक्षण और अंशांकन (कैलिब्रेशन) के बाद यह ब्रह्मांड के उन रहस्यों की पड़ताल शुरू करेगी, जो आधुनिक विज्ञान के सामने आज भी एक बड़ी पहेली बने हुए हैं।

वैज्ञानिक मान्यताओं के अनुसार, डार्क मैटर और डार्क एनर्जी ही इस ब्रह्मांड का आधार हैं। लेकिन इन दोनों को लेकर कोई विकसित समझ हमारे पास फिलहाल नहीं है। इसे समझने के ठोस आधार को ढूंढने में खगोल विज्ञानी दो-तीन दशकों से जुटे हुए हैं। डार्क एनर्जी व डार्क मैटर की गुत्थी को सुलझाना रोमन स्पेस टेलीस्कोप मिशन का उद्देश्य है। इसका नाम अमेरिकी खगोलविद नैन्सी ग्रेस रोमन के सम्मान में रखा गया है।

इस टेलीस्कोप को विज्ञानी 'हब्बल की मां' कहकर संबोधित कर रहे हैं, क्योंकि नासा की प्रमुख खगोल वैज्ञानिक नैन्सी ग्रेस रोमन के नेतृत्व में ही 30 साल पहले हब्बल स्पेस टेलीस्कोप को ब्रह्मांड की खोजबीन के लिए अंतरिक्ष में भेजने का मार्ग प्रशस्त हुआ था। इसलिए नैन्सी ग्रेस रोमन को हब्बल स्पेस टेलीस्कोप की जननी के रूप में भी जाना जाता है। उनके नाम पर भेजी गई यह नई वेधशाला हब्बल और जेम्स वेब जैसी दूरबीनों का स्थान लेने के बजाय उनकी क्षमताओं का विस्तार करेगी। रोमन की सबसे बड़ी विशेषता इसका अत्यंत व्यापक दृष्टि-क्षेत्र है। इसका मुख्य उपकरण- वाइड फील्ड इंस्ट्रूमेंट, अवरक्त प्रकाश में अंतरिक्ष के विशाल क्षेत्रों का अध्ययन करेगा। जहां हब्बल किसी सीमित क्षेत्र की अत्यंत विस्तृत तस्वीर लेने में सक्षम है, वहीं रोमन एक साथ कहीं अधिक बड़े क्षेत्र का सर्वेक्षण कर सकेगी। इससे विज्ञानी अरबों मंदाकिनियों का मानचित्र तैयार कर सकेंगे और यह समझने का प्रयास करेंगे कि ब्रह्मांड की विशाल संरचनाएं कैसे बनीं और समय के साथ कैसे विकसित हुईं।

ब्रह्मांड का विस्तार केवल जारी ही नहीं है, बल्कि उसकी गति निरंतर बढ़ रही है। इस रहस्यमय त्वरण के लिए डार्क एनर्जी को जिम्मेदार माना जाता है। दूसरी ओर, डार्क मैटर स्वयं दिखाई नहीं देता, उसका गुरुत्वाकर्षण आकाशगंगाओं और ब्रह्मांडीय संरचनाओं को प्रभावित करता है। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो रोमन टेलीस्कोप अगले वर्ष के आरंभ में अपनी शुरुआती तस्वीरें और आंकड़े भेजना शुरू कर सकती है।

(लेखक विज्ञान संचारक हैं)

## राम मंदिर में नई पहल

'राम मंदिर का संचालन' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय में राम मंदिर ट्रस्ट के पहले सीईओ के रूप में जितेंद्र मिश्र की नियुक्ति के संदर्भ में दक्षता, प्रशासनिक क्षमता और पारदर्शिता की आवश्यकता को रेखांकित किया है। मंदिर जैसे आस्था के केंद्र में व्यवस्थाओं का पेशेवर और अनुशासित संचालन निश्चित रूप से आवश्यक है और इस क्रम में यह पहल उचित ही कही जाएगी। हालांकि, इस नियुक्ति को लेकर एक तबके द्वारा की जा रही अनावश्यक आलोचना पूर्वाग्रह से अधिक प्रेरित दिखाई पड़ती है। कुछ लोगों की प्रकृति ही सकारात्मक सुझावों के बजाय हर निर्णय में कमियां तलाशने की होती है। नियुक्ति किसी की भी होत, संभवतः उसमें भी कोई न कोई 'छेद' खोज लिया जाता है। ऐसी नकारात्मकता की अति के बजाय मंदिर की प्रतिष्ठा, सुचारु संचालन और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु किए जा रहे प्रयासों की भी कुछ सुध ली जाए और कुछ सार्थक सुझाव दिए जाएं तो कहीं बेहतर होगा।

ओपी चौधरी, सन सिटी, रतलाम (मप्र)

## भेदभाव पर अदालती चोट

मां बनना न केवल एक सुखद अहसास है, बल्कि एक बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। हालांकि यही जिम्मेदारी अक्सर कामकाजी महिलाओं के करियर में एक अदृश्य बाधा बन जाती है। हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट के सामने एक ऐसा ही मामला आया, जो एक साफ्टवेयर कंपनी में कार्यरत महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट से जुड़ा था। मातृत्व अवकाश पर जाने से पहले वह मैनेजर पद पर थीं, लेकिन जब वह काम पर लौटीं, तो उनका ट्रांसफर गुपचुप तरीके से ट्रेजरी विभाग में कर दिया गया। वहां न तो पहले जैसी जिम्मेदारियां थीं और न ही काम का वह स्तर, उन्हें उनके पद से तीन स्तर नीचे का लिपिकीय काम सौंप दिया गया। हाल ही में इस मामले पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कामकाजी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस मामले पर अदालत ने स्पष्ट किया कि मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट, 1961 का दायरा केवल मातृत्व अवकाश के दौरान महिला को नौकरी से निकाले जाने से बचाने तक सीमित नहीं है। यह कानून गर्भावस्था या अवकाश के कारण सेवा की शर्तों, रिपोर्टिंग स्ट्रक्चर और कार्यभार में किए जाने वाले उन तमाम भेदभावपूर्ण बदलावों से भी बचाता है, जिससे महिला के करियर, पद प्रतिष्ठा और पदोन्नति की संभावनाओं को नुकसान पहुंच सकता हो। अदालत ने सख्त लहजे में कहा कि मातृत्व कभी भी कार्यस्थल पर किसी महिला के पेशेवर नुकसान या अपमान का कारण नहीं बनना चाहिए। ऐसे में नियोक्ताओं को यह समझना होगा कि एक नए जीवन को दुनिया में लाना समाज के निरंतर विकास के लिए जरूरी है, न कि कोई पेशेवर अपराध। दिल्ली हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद अब नियोक्ताओं को अपनी मानसिकता बदलनी होगी ताकि कार्यस्थलों पर लैंगिक समानता और एक सुरक्षित, गरिमापूर्ण माहौल सुनिश्चित हो सके।

पैंथर तोमर, किशनगंज, दिल्ली

मेलबाक्स

## नए सिरे से निगरानी व्यवस्था

रिटायर्ड एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्र को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर ट्रस्ट के पहले सीईओ बनाए जाने पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। लेकिन यह हैरत की बात है कि जहां हर काम साधु-संतों आदि का होना चाहिए वहां एक रिटायर्ड एयर मार्शल को नियुक्त किया गया। अब देखना होगा कि रिटायर्ड एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्र की सीईओ की नियुक्ति पर कितनी राजनीति होती है। यहां यह कहना उचित होगा कि जिस तरह देश के विभिन्न मंदिरों में दान में गड़बड़ियां सामने आती रहती हैं, लोग भगवान को भी धोखा देने से गुरेज नहीं कर रहे हैं, इसके लिए देश के लगभग सभी मंदिरों में सेना के रिटायर्ड लोग मंदिरों की निगरानी के लिए रख देने चाहिए। इससे हो सकता है कि मंदिरों में गड़बड़ियां रुक जाएं और यहां होने वाली भगदड़ की घटनाएं भी थम जाएं।

राजेश कुमार चौहान, जालंधर

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**40** प्रतिशत खनिज संपदा झारखंड के पास है समूचे भारत में उपलब्ध इस संपदा में से, जबकि 30 से अधिक प्रकार के मिनरल्स इस राज्य में पाए जाते हैं। इसमें कोयला और लौह अयस्क के आलवा लाइमस्टोन, ग्रेफाइट, एस्बेस्टस, डोलोमाइट, क्वार्ज, सिलिका आदि प्रमुख हैं।



आजकल

# समय से सुनी जाए हिमालय की चेतावनी

बीते माह के अंतिम सप्ताह में तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के एक बड़े इलाके में सैलाब आया। इसकी चपेट में रसुवा, धादिंग, नुवाकोट, गोरखा, तनहुं, नवलपरासी और चितवन समेत तमाम निचले इलाकों के हजारों घर, दफ्तर, बाजार का अस्तित्व मिट गया और कई क्षेत्रों में सड़कों को भारी नुकसान हुआ है। यह त्रासदी कैसे आई, इस बाबत अलग-अलग वैज्ञानिक दृष्टिकोण सामने आए हैं। लेकिन इतना तय है कि अपेक्षाकृत युवा पर्वत हिमालय में हो रहे परिवर्तनों को समय रहते समझना होगा और उसी अनुरूप विकास कार्यों को अंजाम देना होगा



ज्ञानेंद्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद्



पहाड़ी इलाकों में नदियों के किनारे की बसावट सदैव जोखिम में रहती है। फाइल

नेपाल में हालिया जलप्रलय के भयावह दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। वस्तुतः हिमालय के इलाकों में मानसून के दौरान लोगों को अधिकाधिक प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। ये अपनी जटिल बनावट, नाजुक हालात और लगातार बदलती जलवायु परिस्थितियों की वजह से विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूस्खलन, बाढ़, भूकंप, बादल फटने और ग्लेशियर पिघलने की वजह से आने वाली बाढ़ के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं। ये आपदाएं आबादी क्षेत्र, बुनियादी ढांचों और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। इस हिमालयी क्षेत्र में आपदाओं की हिस्सेदारी करीब 44 प्रतिशत है। हकीकत यह है कि 1902 से लेकर अब तक इस क्षेत्र में दर्ज 240 आपदाओं में 132 से ज्यादा बाढ़ से संबंधित, 37 भूस्खलन की, 23 तूफानों की, 17 भूकंप की और 20 से ज्यादा चरम तापमान की दर्ज हुई हैं, लेकिन इस बार तो इस हिमालयी क्षेत्र में कुदरत ने तबाही के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

सबसे बड़ी चिंता तो मौसम को लेकर है, क्योंकि मौसम में आ रहा बदलाव मानवता के समक्ष अब तक की सबसे बड़ी चुनौती है। इससे निपटने में देरी या नाकामी भविष्य के लिए बेहद खतरनाक है। यह खतरा केवल हिमालयी क्षेत्र को ही नहीं है, हकीकत में यह समूचे विश्व के लिए खतरनाक चुनौती है जिसका मुकाबला भी दुनिया के देशों को मिलकर करना होगा। फिर पर्यावरण में हो रहे बदलाव बेहद चुनौती भरे और गंभीर हैं जिसके दुष्परिणाम सभी को भुगतने होंगे। क्योंकि ये बदलाव धरती के अस्तित्व के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुके हैं। आइसीजे तो काफी पहले इसकी चेतावनी दे चुका है। फिर मानसून मौसम विज्ञानियों को जहां गच्चा दे रहा है, वहीं मानसून की अनिश्चितता ने बारिश की तीव्रता को काफी हद तक बढ़ा दिया है।

हिमालयी क्षेत्र आज भी भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं से आए दिन दो-चार हो रहा है। फिर जलवायु परिवर्तन ने तो सब कुछ बिगाड़ कर रख दिया है। इससे जहां जल चक्र असंतुलित हो रहा है, वहीं बेसिन या तो सूख रहे हैं या जरूरत से ज्यादा भरे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते आपदा की इस तरह की घटनाओं के बढ़ने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता।

कारण जलवायु परिवर्तन के लिहाज से हिमालयी क्षेत्र काफी संवेदनशील है जिससे आने वाले समय में आपदाओं के बढ़ने का खतरा बना रहेगा। फिर अस्थिर ग्लेशियर और ग्लेशियर झीलों की बढ़ती तादाद से बाढ़ की विकरालता का खतरा दिनोंदिन लगातार बढ़ता जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि ये झीलें भूस्खलन, भूकंप, भारी वर्षा या हिमस्खलन के कारण अचानक विनाशकारी बाढ़ के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं।

एक खतरा और है, वह यह कि हिंदूकुश पर्वतमाला के ग्लेशियर भयावह रूप से तेजी से पिघल रहे हैं। नतीजतन इस इलाके की नदियां अपनी धाराएं बदल रही हैं। इन हालातों में ये सब 'क्रायोस्फेरिक टाइम बम' बन गए हैं। ये मुख्यतः पर्माफ्रास्ट के तेजी से पिघलने के चलते बनते हैं जो कार्बन डाई आक्साइड और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों के रूपांतरण में संग्रहित कार्बन उत्सर्जन करते हैं जो वैश्विक तापमान बढ़ोतरी में तेजी लाता है। हिंदूकुश पर्वत को एशिया की जल मीनार और तीसरा ध्रुव भी कहा जाता है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की अनदेखी समझ से परे है।

ऐसे समय जब समूची दुनिया बढ़ते तापमान के कहर से त्रस्त है और जब इस इलाके में मौसमी विभीषिका विकराल रूप ले रही हैं, तब ये आपदाएं इस क्षेत्र में तमाम खतरों की संवेदनशीलता की ओर संकेत करती हैं और हिमालय की नाजुक ढलान, घाटियों में मानवीय तथा निर्माण गतिविधियों के प्रति सावधान करती हैं। नेपाल में जिस तरह कुदरत का कहर बरपा है, उससे न केवल शासन तंत्र को, बल्कि नागरिक समाज को भी सबक लेने की जरूरत है।

और यह भी कि हिमालयी अंचल में विकास योजनाओं के निर्माण के समय क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए।

सबसे बड़ी बात यह कि नेपाल की यह त्रासदी महज प्राकृतिक आपदा नहीं है, सच तो यह है कि यह उस हिमालय की चेतावनी है जिसे हम हमेशा से अडिग मानते आए हैं, जबकि वह भीतर ही भीतर बदल रहा है। हमारी समझ में कभी भी हिमालय का पारिस्थितिकीय विज्ञान नहीं आया। यही सबसे बड़ी हमारी भूल रही है। यही भूल हमें ऐसी आपदा की स्थिति का सामना करने को विवश कर देती है। हमारी जिद ही हमें इस इलाके में मैदानी क्षेत्र की तरह विकास करने की ओर ले जाती है। यही वजह है कि यह पर्वत श्रृंखला जो हमारे लिए ही नहीं, समूचे क्षेत्र के लिए वरदान है, हमारा साथ छोड़ रही है। बीते दशक की आपदाएं चेतावनी हैं जिन्हें समझना और उन पर अमल बेहद जरूरी है। हिमालय बदल रहा है, यहां ग्लेशियर झीलों के रूप में आ रहे लगातार बदलाव से इस अंचल में आपदा की आशंका सदैव बनी रहती है ही। इसलिए अभी भी समय है कि सभी हिमालयी देशों को इसके मूल चरित्र को समझते हुए इसके संरक्षण हेतु आगे आना होगा। जाहिर है ऐसे हालात में इस अति संवेदनशील इलाके में एक साझी पर्यावरणीय दृष्टि विकसित करने, भारत, चीन, नेपाल, भूटान और तिब्बत क्षेत्र के बीच वैज्ञानिक संस्थाओं और आपदा प्रबंधन तंत्र विकसित किए जाने की जरूरत है जो एक साथ अतिवृष्टि, भूस्खलन, ग्लेशियरों के पिघलने, ग्लेशियर झीलों के टूटने, पर्माफ्रास्ट से होने वाले नुकसान पर अंकुश लगा सके।

## जल प्रलय के दौर में नदियों की अस्मिता



कौशल किशोर
पर्यावरण मामलों के जानकार

कैलाश मानसरोवर की तीर्थयात्रा का इस साल का सीजन 2013 की केदारनाथ यात्रा याद दिलाती है। नेपाल के रास्ते तिब्बत की ओर बढ़ते यात्रियों के साथ सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग भयानक तबाही में काल के गाल में समा गए। आपदा राहत के लिए भारत समेत कई देशों ने सहयोग का हाथ बढ़ाया है।

वस्तुतः चौथी औद्योगिक क्रांति और पोस्ट पेंडेमिक वर्ल्ड आर्डर को गति देने हेतु रेयर अर्थ मिनरल्स की खोज तिब्बत से लेकर आइसलैंड तक चल रही है। आज चीन और अमेरिका समेत दुनिया भर के देश इसमें पूरी निष्ठा से लगे हुए हैं। इसके पहले से तीसरे ध्रुव को जल का सर्वश्रेष्ठ भंडार माना जाता है। चीन ने एशियन वाटर टावर के रूप में इसकी व्याख्या कर इसे खतरनाक हथियार में तब्दील करने का लक्ष्य साध लिया है। हिमालय की व्यथा के नाम पर ट्रांस हिमालयन फोरम आरंभ करती है। इसमें भारत को शामिल नहीं किया गया। वर्चस्व स्थापित करने की चीनी रणनीति में इसकी अहमियत है।

भारत समेत आठ देशों ने मिलकर हिंदूकुश और हिमालय के विकास के लिए 1980 के बाद प्रयास शुरू किया था। चीन और बांग्लादेश के साथ नेपाल, भूटान, म्यांमार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी इसमें शामिल हैं। काठमांडु में इसका मुख्यालय बनाया गया। लेकिन चीन की पर्यावरण रक्षा इतने से पूरी नहीं होती। इसलिए ट्रांस हिमालयन फोरम शुरू किया गया। इसके सामने फ्रांस के साथ मिलकर भारत ने अंतरराष्ट्रीय सोलर एलायंस शुरू किया। भारत गंगा ब्रह्मपुत्र मेघना बेसिन कारपोरेशन फोरम से चीन को दूर रखता है। इनमें बहुपक्षीय साझीदारों ने जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी संतुलन जैसे मुद्दों को इन मंचों पर उठाया है। इनके साथ संयुक्त राष्ट्र और इसके विभिन्न घटक लगातार सक्रिय हैं। द्विपक्षीय राजनयिक संबंध का इतिहास इससे भी पुराना है। दरकते हिमालय को बचाने के लिए सभी प्रतिबद्धता का दावा कर रहे हैं।

अपने देश में गंगा के पूजन का रिवाज है। नेपाल में बागमती और चीन में येलो रिवर की संतान संकट में हैं। बिहार के तमाम नेता आज फरक्का बराज तोड़ने की बात पर आमादा हैं। लेकिन इसी गंगा पर सरहद पार बांग्लादेश में बराज बनाने का काम चल रहा है। दोनों देशों के बीच गंगा जल संधि को 12 दिसंबर को 30 वर्ष पूरा होने जा रहा है। इसके नवीनीकरण की प्रक्रिया में कई सवाल उठते हैं। जल पर कब्जा करने के इस दौर में नदी को ही खारिज किया जाता है। यदि ऐसा नहीं होता तो नीति निर्माता निचले क्षेत्र से पानी रोकने की अपील का जवाब देते। इस प्रश्न से मुंह फेर कर तोता नारा लगा रहा- अविरलता बिन गंगा निर्मल नहीं! आज हिमालय और गंगा की नैसर्गिकता को सहेजना ही सबसे आवश्यक है। इसके अभाव में गंगा, यमुना, गंडक, बागमती और कोशी जैसी नदियों के लिए अस्मिता का संकट बना रहेगा।

पर्यावरण और पारिस्थितिकी का संकट खड़ा करने के लिए दोषियों की पहचान कर आज सजा देने की जरूरत है। पिछली सदी के आठवें दशक में पर्यावरण कार्यकर्ता, पत्रकार और विशेषज्ञों ने मिलकर यूनाइटेड किंगडम को भरपाई के लिए मजबूर किया था। पावर स्टेशनों से होने वाले प्रदूषण से नार्वे और जर्मनी के जंगलों और झीलों को नुकसान पहुंचा था। शुरू में अंग्रेजों ने इस आरोप से इन्कार कर विवाद खड़ा किया था। विवाद और बहस के बाद उन्हें अपनी जिम्मेदारी माननी पड़ी और उसका भुगतान किया था। ऐसे में नेपाल की हालिया त्रासदी के लिए जिम्मेदार देश को इससे सबक लेना चाहिए और भविष्य में पूरी सतर्कता बरतने की जरूरत है।

खरी-खरी

## तेरा पानी-मेरा पानी

मनीष कुमार चौधरी

देश में नहीं पूरी दुनिया में 'तेरा पानी-मेरा पानी' की राजनीति चल रही है। कोई नदी को अपना बता रहा है, तो कोई समंदर पर कब्जा जमाए बैठा है। फर्ज कीजिए पौराणिक काल में नदियों पर राजनीति हो जाती तो क्या होता! यदि ब्रह्मा अपने कमंडल से गंगा को निकलने नहीं देते और राजनीति करने लगते कि गंगा को रिलीज नहीं करूंगा, तो नेताओं की वाटर पालिटिक्स धरी रह जाती न! ब्रह्मा ने राजनीति से परे हटकर गंगा को निकलने दिया। सोचिए, फिर भगीरथ पलट जाते तो क्या होता? लेकिन उन्होंने भी खुद को राजनीति से परे रखा व खूब मेहनत-तपस्या कर शिव को प्रसन्न किया और गंगा के वेग को अपनी जटाओं से होकर गुजरने देने की प्रार्थना की।

करने को तो शिव भी राजनीति कर सकते थे कि 'मैं क्यों गंगा का बोझ ढोऊं। तुम अपनी जानो', कहकर भागीरथ को टरका भी सकते थे। ऐसे में क्या गंगा धरती पर कदम रख पाती? शिव को तनिक भी इल्म हो जाता कि मैं जिस गंगा का वेग अपनी जटाओं में ले रहा हूं, उसी पानी पर राज्य पानी की राजनीति करने लगेंगे तो वे गंगा का बोझ अपने मत्थे कतई नहीं लेते। लेकिन शिव तो भोले भंडारी थे। ऐसा नहीं कर पाए। सब जानते हैं राजनीति देवी-देवताओं में भी खूब चलती थी, पर जनहित में अपने भक्त तथा प्रजाजनों के लिए वे अपनी राजनीति को ताक पर रख देते थे। इसलिए भगवान राजनीति से उठकर धरती पर नदियां लाए, संगम बनाए, त्रिवेणी होने दी और उन्हें समंदर तक खींचकर ले गए। न कोई राजनीति और न राज्यों की सीमा रेखाओं का कोई टेक्निकल चक्कर। नदी तेरी मरजी, तुझे जहां बहना है, वहां बहती चली जा। भगवान को क्या पता जिस नदी को जहां वह निर्बाध छोड़ रहे हैं, वहां बाद में देश, प्रांत बन जाएंगे। आसपास के देश व राज्य नदी को विवादित बना रहे हैं।

ऐसे में नदियों के सामने धर्मसंकट है। बेचारी अपने मूल स्वभाव में बहें या इस राज्य, उस राज्य की वाटर पालिटिक्स में उलझें! वह तो धरती पर मानव जाति की प्यास बुझाने आई हैं। न कि राजनीति और राजनेताओं के वोट पाने की चालबाजियों के लिए...। पर इन नेताओं को कौन समझाए!

पोस्ट

जब लोग नदी के प्राकृतिक रास्ते में बस्ती बसा लें तो फिर आपदा के लिए किसे दोष दें?
आरके विज@ipsvijrk

भारत में राजनीति तोड़ कर होती है, जोड़ कर नहीं। कभी धर्म के नाम पर तोड़ कर तो कभी जाति के नाम पर तोड़ कर। क्या यही कारण है कि किसी राजनीतिक दल को आज तक 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले?
अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1



बचपन से जौहर की कहानियां सुनती आई हूं। जब कोई जौहर को सीधे-सीधे 'कायरता' कह देता है, तो बात चुभती है। आप सहमत मत होइए, सवाल कीजिए, बहस कीजिए, लेकिन बिना पूरा इतिहास समझे वीरांगनाओं के फैसले को कायर कह देना असल में कायरता है।
रुबिका लियाकत@RubikaLiyaquat

मायावती अपने भतीजे आकाश आनंद को पहले उत्तराधिकारी बता कर काम देती हैं, फिर जब आकाश अपनी पतंग आसमान में लहराते हैं, सरकार के खिलाफ बयान देते हैं तो मायावती उनकी पतंग काट देती हैं। पहले उनके श्वसुर अशोक सिद्धार्थ को निकालती हैं और फिर आकाश का नंबर आ जाता है।
कुमार अंशुमन@anshumanscribe

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या राम मंदिर ट्रस्ट में सीईओ की नियुक्ति आवश्यक थी?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या दिशा सालियान की मौत की सीबीआइ जांच आवश्यक थी?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

अनुशासन फौजी रहे लिए भक्ति का भाव,
कोई चोर-चकार अब चला न पाए दांव।
चला न पाए दांव सुरक्षा भी हो तगड़ी,
अब साजिश का जाल न बुन पाएगी मकड़ी।
एयर मार्शल साब दिखाएं ऐसा शासन,
रामलला घर आय लोग सीखें अनुशासन!
-ओम प्रकाश तिवारी

झारखंड डायरी

# नियोजित विकास से सुविधाओं का विस्तार



शशि शेखर
संपादकीय प्रभारी, रांची

आगामी 15 नवंबर को झारखंड अपना स्थापना दिवस मनाएगा। धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के दिन 15 नवंबर, 2000 को यह एक अलग राज्य बना। उसके बाद बिहार ने कहा कि सारा खनिज तो झारखंड चला गया, अब शेष बिहार के पास बचा क्या? यह बहुत पुरानी बात नहीं है। लेकिन विडंबना यह कि झारखंड के पास देश की 40 प्रतिशत खनिज संपदा होने के बाद इन 26 वर्षों में कोई बड़ी लकीर नहीं खींच पाए हैं। इसमें केवल एक सरकार को दोष देना कतई उचित नहीं है। गठबंधन की सत्तासीन सरकार भी पिछले कार्यकाल को संपन्न करके दोबारा सत्ता में आ गई है तो जनता ने कुछ उम्मीदें भी पाली होंगी।

खनिज, श्रम, पर्यटन और हर तरह से भरपूर राज्य का पीछे रह जाना चिंता की बात है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण नियोजित विकास का न होना है। आज बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है और हम वहीं के वहीं खड़े हैं, जबकि झारखंड को बताना चाहिए था कि अलग होने से हमने, हमारे लोगों ने, हमारे शहरों ने कितनी प्रगति की है। इसे देखते हुए विकास के प्रति दृढ़ संकल्पित युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चिंता बढ़ गई है। अब शहरों के नियोजित विकास पर जोर दे रहे हैं। यह होना ही चाहिए। झारखंड मंत्रालय (झारखंड सरकार के प्रशासनिक मुख्यालय) में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पथ निर्माण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक में यह चिंता उभरी। उन्होंने राजधानी रांची को व्यवस्थित, सुगम एवं आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने पर जोर दिया।

रांची राजधानी है और पठार पर बसी है। लेकिन अनियोजित विकास के कारण बारिश में जगह-जगह जलजमाव देखने को मिल रहा है। जबकि शहर में एक बूंद बारिश का पानी नहीं ठहरना चाहिए।




नगर विकास व पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। फाइल

रांची का मास्टर प्लान बना है। इसको लागू करने की जरूरत है। शहर के बढ़ते विस्तार और आबादी को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक एवं समग्र कार्ययोजना तैयार करना जरूरी है। विकास का दायरा केवल रांची तक सीमित नहीं हो, बल्कि अन्य प्रमुख शहरों को भी विकसित करने की दिशा में कार्य होना चाहिए। राजधानी को एक माडल के तौर पर विकसित किया जा सकता है।

हमारे यहां एक बड़ी समस्या यह है कि विभिन्न विभागों के बीच तालमेल नहीं है। इससे जनता के धन की बर्बादी होती है। जब सड़क बन जाती है तब पानी के लिए पाइप बिछाया जाता है या बिजली विभाग अंडर केबलिंग का काम शुरू करता है। इसके बाद सड़क की हालत क्या होती होगी, जनता को कितनी परेशानी झेलनी पड़ती है और जनता के पैसे का किस तरह दुरुपयोग होता है, यह सब बताने की जरूरत नहीं है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निदेशित किया कि सड़क निर्माण के दौरान भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त जगह का प्रविधान किया जाए।

एक और समस्या की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान गया। उन्होंने कहा कि अनावश्यक कट के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था बाधित होती है। सड़क किनारे लटकते तार एवं अव्यवस्थित केबल को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। निर्देश दिया कि नए केबल एवं अन्य संचार तार बिछाने के दौरान भी निर्धारित मानकों एवं तकनीकी प्रविधानों का पालन किया जाए। इससे लोगों को राहत मिलेगी।

शहरी विकास की एक बड़ी समस्या अतिक्रमण है। सड़कों पर अतिक्रमण से यातायात प्रभावित होता है। इसके साथ ही सरकारी भूमि पर भी वर्षों तक लोग कब्जा किए रहते हैं। जो जमीन सरकारी है, वह जमीन हमारी है- इस मानसिकता से उबरने की जरूरत है। सीएम ने सख्त निर्देश दिया कि सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई करें। सड़क किनारे अतिक्रमण एवं अनियोजित वेंडिंग की समस्या का समाधान करते हुए संबंधित लोगों के लिए वैकल्पिक एवं व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने की बात भी कही। इसके लिए अधिकारियों को भी अपनी इच्छा शक्ति दिखानी होगी। रांची नगर सरकार के अधिकारी शहर को अतिक्रमण मुक्त करने में लगे हैं। ऐसे कार्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप भी नहीं होना चाहिए। सड़क, साफ-सुंदर और चौड़ी होगी तो सबका फायदा होगा। हम राष्ट्रहित में तेल बचा सकते हैं। अपना समय बच सकता है। हमारे भीतर भी एक नागरिक बोध होना चाहिए। सब कुछ सरकार नहीं करेगी। हमारा भी कुछ दायित्व होना चाहिए। जब हम ढाई महीने बाद अपना स्थापना दिवस मनाएं तो हमारे पास कुछ कहने के लिए शब्द हों। लोगों का विश्वास कायम हो।

मंथन

# आर्थिकी में बढ़ते गिग कामगार

आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए तमाम संबंधित कंपनियां बड़ी संख्या में गिग कामगारों की भर्ती करने जा रही हैं। ऐसे में गिग आधारित आर्थिकी से जुड़े सवालों पर चर्चा जरूरी है



डा. अमरजीत कुमार
लोक नीति विश्लेषक



गिग कामगारों के लिए नए अवसर भले पैदा हो रहे हैं, परंतु चुनौतियों का हल भी जरूरी है। फाइल

भारत में गिग अर्थव्यवस्था का आकार तेजी से बढ़ रहा है। नीति आयोग की गिग एंड प्लेटफार्म इकोनमी संबंधी रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020-21 में देश में लगभग 77 लाख गिग कामगार थे। अनुमान है कि वर्ष 2029-30 तक यह संख्या बढ़कर 2.35 करोड़ हो सकती है। यानी इस अवधि में गिग कामगारों की संख्या तीन गुना से अधिक होने का अनुमान है। वैसे गिग अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत इसका लचीलापन है। पारंपरिक नौकरी में जहां निश्चित समय और कार्यस्थल होता है, वहीं कई गिग कार्यों में व्यक्ति अपनी उपलब्धता के अनुसार काम कर सकता है। इससे ऐसे लोगों के लिए अवसर बनते हैं जो पूर्णकालिक रोजगार नहीं कर सकते या अतिरिक्त आय चाहते हैं। डिजिटल प्लेटफार्म छोटे शहरों और कस्बों में भी सेवाओं की मांग और श्रमिकों की उपलब्धता को जोड़ रहे हैं। ई-कामर्स, आनलाइन भोजन वितरण, परिवहन, घरेलू सेवाओं और डिजिटल फ्रीलांसिंग के विस्तार ने रोजगार के नए क्षेत्र बनाए हैं।

गिग कार्य में काम की उपलब्धता और आय प्रायः निश्चित नहीं होती। मांग में उतार-चढ़ाव, प्लेटफार्म की नीतियां, प्रोत्साहन योजनाएं, ग्राहक रेटिंग और काम के घंटों जैसे कई कारक कमाई को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा, वाहन का ईंधन, रखरखाव, मोबाइल इंटरनेट और अन्य कार्य-संबंधी खर्च भी कई मामलों में कामगार को स्वयं उठाने पड़ते हैं। इसलिए किसी गिग कामगार की वास्तविक आय का आकलन केवल एप पर दिखाई देने वाली कमाई से नहीं किया जा सकता। पारंपरिक नौकरी में कर्मचारी को कई प्रकार की सामाजिक सुरक्षा मिलती है, लेकिन गिग कामगारों की स्थिति में ऐसा बहुत कम ही होता है। हालांकि सरकार ने हाल ही में इनके लिए पीएफ और मेडिकल जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने का प्रविधान किया है, परंतु धरातल पर इसे लागू करने में चुनौतियां कम नहीं हैं।

हालांकि कामगारों की सुविधा के लिए इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कानूनी कदम उठाते हुए कोड आन सोशल सिक्योरिटी, 2020 को नवंबर 2025 से लागू किया गया है। इस कानून में पहली बार गिग और प्लेटफार्म कामगारों को स्पष्ट कानूनी श्रेणी के रूप में शामिल किया गया है। कानून सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत जीवन एवं विकलांगता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य एवं मातृत्व लाभ और वृद्धावस्था सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रविधानों की राह खोली गई है। इसके लिए सोशल सिक्योरिटी फंड और नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्ड जैसे प्रविधान भी किए गए हैं। यह बदलाव महत्वपूर्ण है, लेकिन कानून बनना पहला कदम है। हालांकि एक वास्तविक चुनौती यह भी है कि योजनाओं का लाभ देश के हर पात्र गिग कामगार तक सरल और समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

गिग अर्थव्यवस्था की एक नई चुनौती तकनीक से जुड़ी है। विशेष रूप से सामान डिलीवरी करने वाले डिलीवरी पार्टनर्स को समयबद्धता का पालन करना प्रायः बहुत मुश्किल होता है। सड़कों की दयनीय स्थिति के कारण उन्हें इसका नुकसान झेलना पड़ता है। कामगार का प्रदर्शन केवल इंसानी प्रबंधक नहीं, बल्कि डिजिटल सिस्टम और एल्गोरिदम भी तय कर सकते हैं। रेटिंग, आर्डर आवंटन, प्रोत्साहन और अकाउंट से संबंधित फैसलों में डिजिटल प्रणालियों की भूमिका बढ़ रही है। ऐसे में पारदर्शिता जरूरी है। यदि किसी कामगार की रेटिंग कम होने पर उसके काम के अवसर प्रभावित होते हैं, तो उसे यह जानने का अधिकार होना चाहिए कि निर्णय किन आधारों पर लिया गया। गलत रेटिंग या शिकायत की स्थिति में प्रभावी अपील और शिकायत निवारण व्यवस्था भी आवश्यक है।

**संभावनाएं** : गिग अर्थव्यवस्था को रोकना न तो संभव है और न ही जरूरी। डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में और बड़ा होने की संभावना रखता है। असली सवाल यह है कि इसका विकास कामगारों की कीमत पर हो या कामगारों के साथ। इसके लिए कुछ बुनियादी कदम जरूरी हैं- न्यायसंगत पारिश्रमिक, दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की आसान पहुंच, पारदर्शी एल्गोरिदम, शिकायतों के निपटारे की प्रभावी व्यवस्था और कौशल विकास। साथ ही कामगारों को अपने अधिकारों और उपलब्ध सरकारी योजनाओं की जानकारी भी मिलनी चाहिए।

भारत के लिए गिग अर्थव्यवस्था एक बड़ा रोजगार अवसर बन सकती है। लेकिन रोजगार की संख्या बढ़ना तभी वास्तविक उपलब्धि मानी जाएगी, जब उसके साथ रोजगार की गुणवत्ता और सुरक्षा भी बढ़े। गिग अर्थव्यवस्था भारत की नई श्रम-व्यवस्था की वास्तविकता है। जरूरत इस बात की है कि तकनीक की गति और श्रमिकों के अधिकारों के बीच संतुलन बनाया जाए। यदि ऐसा हुआ तो गिग अर्थव्यवस्था केवल एप आधारित सेवाओं का बाजार नहीं रहेगी, समावेशी रोजगार और सामाजिक सुरक्षा की नई मिसाल बन सकती है।

## दीपा ज्वेलर्स के आइपीओ को 43 गुना अभिदान

**नई दिल्ली:** दीपा ज्वेलर्स लिमिटेड के आइपीओ को बोली के अंतिम दिन गुरुवार को करीब 43 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 460 करोड़ रुपये के आइपीओ में 1,85,20,085 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 78,91,06,332 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्से को 105.96 गुना अभिदान मिला। (प्रेट्र)



अल्ट्राटेक अपने लाजिस्टिक कामकाज में इलेक्ट्रिक वाहनों के बेड़े को मौजूदा 100 वाहनों से बढ़ाकर दिसंबर 2026 तक 600 से ज्यादा ट्रक कर देगी।

– केसी झांवर, प्रबंध निदेशक, अल्ट्राटेक सीमेंट

| सेंसेक्स | निफ्टी | सोना प्रति दस ग्राम | चांदी प्रति किलो ग्राम | डालर | क्रूड प्रति बैरल |
|---|---|---|---|---|---|
| 76,152.86 | 23,873.45 | ₹ 1,59,500 | ₹ 2,40,500 | ₹ 94.51 | $ 97.13 |
| ▼ 417.49 | ▼ 41 | ▲ ₹ 3,400 | ▲ ₹ 5,000 | ▼ ₹ 0.22 | |

# मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाए आटो सेक्टर

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा– बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार उद्योग के लिए नए अवसर पैदा कर रहा

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया संकट के बाद जहां वैश्विक आटोमोबाइल सेक्टर कराह रहा है वहीं भारतीय बाजार में पैसेंजर कारों व दोपहिया वाहनों की बिक्री ने नया रिकार्ड बना दिया है। ऐसे में पीएम नरेन्द्र मोदी ने आटो उद्योग से आह्वान किया है कि वह मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ उठाए और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए साहसिक कदम उठाएं।

पीएम मोदी गुरुवार को सोसाइटी आफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक समारोह में भेजे संदेश में कहा कि मोबिलिटी सेक्टर ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा विविधीकरण, प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण से प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है। ऐसे में इस उद्योग की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई है। सम्मेलन में सभी दिग्गज आटो कंपनियों ने अपनी दशा और दिशा पर आपस में और सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ विमर्श किया।



पीएम मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा है।

अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ मोबिलिटी की मांग भी बढ़ रही है। राजमार्गों और अन्य बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार लोगों और सामानों की आवाजाही को आसान बना रहा है तथा आटो उद्योग के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी और कुशल लाजिस्टिक्स से लागत घट रही है और मैन्युफैक्चरिंग लगातार प्रतिस्पर्धी होती जा रही है। इससे आटो सेक्टर मजबूत हो रहा है और देश की वृद्धि में योगदान दे रहा है।

### जीएसटी में आटो सेक्टर की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत



इस सेक्टर का कुल योगदान देश की इकोनमी में 22.75 लाख करोड़ रुपये सालाना से अधिक है और यह देश के जीएसटी संग्रह का 15 प्रतिशत हिस्सा देता है। उद्योग तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देता है तथा कई औद्योगिकी क्षेत्रों की सेहत सीधे तौर पर इससे जुड़ी है। 2025-26 में यात्री वाहन खंड ने 46 लाख यूनिट की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष से 7.9 प्रतिशत अधिक है। इस श्रेणी से निर्यात भी 9.1 लाख यूनिट के उच्चतम स्तर पर पहुंचा।

## गडकरी बोले-अगले साल से और मजबूत होगी वाहन सुरक्षा व्यवस्था

एक अन्य सत्र को संबोधित करते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार अक्टूबर 2027 से भारत एनसीएपी 2.0 लागू करेगी। एनसीएपी यानी भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम वर्ष 2023 में सरकार की तरफ से लांच प्रोग्राम है वाहनों को उनकी सुरक्षा के आधार पर रेटिंग करती है। यह कारों (3.5 टन तक) को क्रैश करके उन्हें शून्य से पांच के बीच रेटिंग देती है।

सरकार की मंशा इस व्यवस्था को और सख्त बनाने की है ताकि कार कंपनियां भारत में और भी ज्यादा सुरक्षित वाहनों का निर्माण करें। गडकरी ने यह भी बताया कि जनवरी 2027 से नए स्वच्छ ईंधन मानक भी लागू होंगे। भारत एनसीएपी 2.0 के तहत भारतीय



स्टार्टअप द्वारा विकसित नई तकनीकों का उपयोग होगा। ड्राइवर व्यवहार सुधारने के लिए लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र में ग्रेडेड प्वाइंट सिस्टम लाया जाएगा।

वाहन नियमों को तोड़ने संबंधी अपराधों पर अंक कटेंगे और एक निश्चित सीमा पार करने पर लाइसेंस निलंबित या रद करने की व्यवस्था होगी। जबकि अच्छे ड्राइवरों को बीमा कंपनियों से प्रोत्साहन मिलेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने सेबी की एनएसई के खिलाफ अर्जियों को निपटाया

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 'को-लोकेशन' और 'डार्क फाइबर' मामलों में सेबी की नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) के खिलाफ दायर याचिकाओं का निपटान कर दिया। यह निपटान बाजार नियामक के एनएसई के साथ करीब 1,500 करोड़ रुपये के समझौते को मंजूरी देने के बाद किया गया है।

'को-लोकेशन' और 'डार्क फाइबर' मामले कुछ शेयर ब्रोकर को बाजार के आंकड़ें अन्य निवेशकों से कुछ पहले अनुचित रूप से मिलने के आरोपों से जुड़े हैं। एनएसई ने जुलाई में नियामक की सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद काफी समय से लंबित इन मामलों के निपटान के लिए 714.74 करोड़ रुपये सेबी को चुकाए थे। इन मामलों में कुल 1,491.21 करोड़ रुपये के समझौते पर सहमति बनी थी। एनएसई ने पहले 776.47 करोड़ रुपये जमा कराए थे। संशोधित शर्तों के तहत निर्धारित 1,491.21 करोड़ की पूरी राशि का भुगतान हो गया है।

## दो वर्षों में एआइ प्रोफेशनल्स का वेतन 23 प्रतिशत बढ़ा

जाब प्लेटफार्म फाउंडइट की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) से जुड़ी नौकरियों के वेतन में 2024 और 2026 के बीच 23% की वृद्धि हुई जबकि कुछ पुरानी टेक्नोलाजी वाली नौकरियों के वेतन में गिरावट आई है। इससे जाब मार्केट में वेतन असमानता और बढ़ गई है।




### पिछले दो सालों में आइटी सर्विस सेक्टर में वेतन स्थिर रहा

पिछले साल एआइ प्रोफेशनल्स के वेतन में सालाना 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो सभी श्रेणियों में सबसे ज्यादा है। इसके बाद कंप्यूटर और नेटवर्क सिक्योरिटी और सेमीकंडक्टर का नंबर आता है, जिसमें नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कंप्यूटर हार्डवेयर और ई-कामर्स जैसे सेक्टर में वेतन घटा है और पिछले दो सालों में आइटी सर्विस सेक्टर में वेतन स्थिर रहा है।

### बेंगलुरू सबसे ज्यादा वेतन देने वाला बाजार

एआइ प्रोफेशनल्स के लिए बेंगलुरु भारत का सबसे ज्यादा वेतन देने वाला बाजार है, क्योंकि यहां प्रोडक्ट कंपनियां, एआइ स्टार्टअप और जीसीसी बड़ी संख्या में हैं। बेंगलुरु में सीनियर एआइ प्रोफेशनल्स सालाना 61.70-91.25 लाख कमाते हैं और यह एनसीआर की तुलना में 10-15 प्रतिशत ज्यादा है।

### 97.81 लाख है साइबर सिक्योरिटी में वेतन की अधिकतम सीमा

रिपोर्ट में कहा गया है कि साइबर सिक्योरिटी में वेतन की अधिकतम सीमा सालाना 97.81 लाख है, जो सभी श्रेणियों में सबसे ज्यादा है। इसके उलट, सूचना-प्रौद्योगिकी और आइटी सर्विस में एंट्री लेवल वेतन सालाना 2.68-5.08 लाख से शुरू होता है और 15 साल से ज़्यादा अनुभव होने पर सालाना 57.55-72.13 लाख तक पहुंच जाता है। इन दोनों श्रेणियों में पिछले साल वेतन में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

प्रोफेशनल्स को यह समझना चाहिए कि वेतन में वृद्धि उन्हीं लोगों की ज्यादा होगी जो बिजनेस की बदलती जरूरतों के हिसाब से अपनी स्किल्स को बेहतर और अपडेट करते रहेंगे।

**-तरुण सिन्हा,** सीईओ, फाउंडइट

### सेमीकंडक्टर सेक्टर में वेतन 17% बढ़ा



तकनीकी क्षेत्र के बाहर वेतन में वृद्धि उन सेक्टर में ज्यादा हो रही है, जहां नई क्षमताएं विकसित हो रही हैं। पिछले दो सालों में, सेमीकंडक्टर सेक्टर में वेतन में कुल 17% (पहले 7%, फिर 9%) और इंडस्ट्रियल आटोमेशन में 13% (पहले 5%, फिर 8%) की बढ़ोतरी हुई है। इन दोनों ही क्षेत्रों में पिछले दो सालों में तेजी आई है। इंडस्ट्रियल आटोमेशन में सीनियर लेवल पर वेतन 58.90 लाख सालाना और सेमीकंडक्टर सेक्टर 48.49 लाख सालाना तक पहुंच गया है। आटोमोटिव सेक्टर में काम करने वालों के वेतन में पिछले साल छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

जागरण इन्फो

## एक नजर में

### सोने में गिरावट थमी, चांदी 5,000 रुपये उछली

**नई दिल्ली:** सोने की कीमतों में छह दिनों की गिरावट का सिलसिला गुरुवार को थम गया और इसकी कीमत 3,400 बढ़कर 1,59,500 प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमतों में भी उछाल आया और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,40,500 प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,35,500 प्रति किलोग्राम थी। ब्रोकरेज प्लेटफार्म लेमन के रिसर्च हेड गौरव गर्ग ने कहा कि अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड के नीचे आने से सोने और चांदी की कीमतों में रिकवरी दर्ज की गई। (प्रेट्र)

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि पर गति 2022 के बाद सबसे धीमी

**नई दिल्ली:** अगस्त में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि जारी रही और उत्पादन तथा नए कारोबार में मजबूती से इसे समर्थन मिला। हालांकि, वृद्धि की कुल रफ्तार मार्च 2022 के बाद दूसरी सबसे धीमी रही। पीएमआइ कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई के 53.3 से बढ़कर अगस्त में 54.1 हो गया। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'कुछ कंपनियों ने परिवहन सेवाओं में कमी का जिक्र किया लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों की भर्ती जारी रखी और रोजगार सृजन 15 महीने के उच्चस्तर पर पहुंच गया। (प्रेट्र)

### चीनी के खुदरा दाम घटकर अब 62.57 रुपये किलो पर

**नई दिल्ली:** चीनी आयात की अनुमति देने और थोक कारोबारियों के लिए भंडारण के नियम सख्त करने के बाद देशभर में इसकी औसत खुदरा कीमत एक सप्ताह में 3.85 प्रतिशत घटकर 62.57 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। चीनी का औसत खुदरा मूल्य एक सप्ताह पहले 65.08 रुपये प्रति किलोग्राम था। हालांकि, कीमतें अब भी पिछले महीने के 49.33 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से करीब 27 प्रतिशत अधिक हैं। चीनी का औसत थोक मूल्य भी दो सितंबर को घटकर 57.62 रुपये प्रति किलो रह गया, जो एक सप्ताह पहले 60.39 रुपये प्रति किलो था। (प्रेट्र)

## म्यूचुअल फंड्स को मिल सकती है नेट सेटलमेंट की सुविधा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सेबी ने कैश मार्केट में म्यूचुअल फंड योजनाओं के सौदों के लिए नेट सेटलमेंट की सुविधा देने का प्रस्ताव रखा है। इसका सीधा फायदा यह होगा कि फंड हाउसों को हर खरीद-बिक्री सौदे के लिए अलग-अलग रकम की व्यवस्था नहीं करनी पड़ेगी और उनकी अस्थायी नकदी की जरूरत कम हो सकती है। इसका फायदा उन दिनों में ज्यादा मिलेगा जब इंडेक्स में बदलाव या रीबैलेंसिंग के कारण बाजार में एक साथ बड़ी मात्रा में खरीद-बिक्री होती है।

सेबी ने स्पष्ट किया है कि नेट सेटलमेंट की सुविधा उन्हीं लेनदेन के लिए होगी, जिनमें किसी सिक्योरिटी में सिर्फ खरीद या सिर्फ बिक्री हो। यानी अगर एक ही सिक्योरिटी में किसी योजना ने उसी समय खरीदारी भी की और बिक्री भी, तो इन दोनों को आपस

सेबी ने रखा प्रस्ताव, यह सुविधा उन्हीं लेनदेन के लिए होगी, जिनमें किसी सिक्योरिटी में सिर्फ खरीद या सिर्फ बिक्री हो

में जोड़कर नेटिंग नहीं की जा सकेगी। फिलहाल म्यूचुअल फंड योजनाओं को कैश मार्केट में होने वाले सौदों के लिए अलग-अलग रकम की व्यवस्था करनी पड़ती है। मान लीजिए किसी म्युचुअल फंड योजना को एक दिन में कई शेयर खरीदने हैं और कुछ शेयर बेचने हैं। अभी इन सौदों का निपटान अलग-अलग होता है। यानी खरीद के लिए जितनी रकम चाहिए, उसकी व्यवस्था करनी पड़ती है, भले ही उसी दौरान कुछ शेयर बेचकर पैसा आने वाला हो।

## प्रतिस्पर्धी देशों से बेहतर प्रस्ताव पर ही अमेरिका से एफटीए संभव : गोयल

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर प्रस्ताव के बाद ही अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा। श्रीलंका, बांग्लादेश, थाइलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया समेत कई देश अमेरिकी बाजार में भारत के प्रतिस्पर्धी हैं।

भारत और अमेरिका ने फरवरी में समझौते के पहले चरण के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप देने का एलान किया था, लेकिन अमेरिका में शुल्क व्यवस्था में बदलाव के चलते दोनों देशों के बीच इस समझौते पर आगे बातचीत हो रही है। अमेरिका ने 24 जुलाई से भारत समेत कई देशों के उत्पादों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाया है। गोयल सितंबर के अंत में अमेरिका

- दोनों देशों ने फरवरी में समझौते के पहले चरण की रूपरेखा को दिया था अंतिम रूप
- अमेरिका में शुल्क व्यवस्था में बदलाव से इस समझौते पर फिर से हो रही बातचीत

### अगले महीने से लागू होगा भारत-न्यूजीलैंड एफटीए

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले महीने से लागू होगा। वस्तुओं एवं सेवाओं के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए दोनों देशों ने 27 अप्रैल को एफटीए पर हस्ताक्षर किए थे। एक अधिकारी ने बताया कि एफटीए के तहत न्यूजीलैंड में भारत के 100 प्रतिशत निर्यात को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे पहले न्यूजीलैंड में सिरेमिक, कालीन, वाहन व उसके कलपुर्जों समेत भारत के प्रमुख निर्यात उत्पादों पर अधिकतम 10 प्रतिशत तक शुल्क लगता था।

की यात्रा करेंगे। वह मिल्वाकी (अमेरिकी राज्य विस्कान्सिन का शहर) में जी-20 व्यापार मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल होने के साथ अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। बातचीत में व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से शामिल होंगे। दो दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक 30 सितंबर से शुरू होगी। अमेरिका के पास 2026 में जी-20 की अध्यक्षता है।

## महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर ने टाटा संस के शेयर हस्तांतरण की जांच की बंद

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर ने नवाजबाई रतन टाटा ट्रस्ट से दिवंगत नवल एच. टाटा को 1989 में टाटा संस के 833 शेयर के हस्तांतरण की जांच की मांग वाली शिकायत को यह कहते हुए निस्तारित कर दिया कि यह लेनदेन उस समय लागू कानून के अनुरूप था। दो सितंबर को दिए गए आदेश में 10 जून को नवाजबाई रतन टाटा ट्रस्ट (एनआरटीटी) के न्यासी विजय सिंह द्वारा दायर शिकायत का निस्तारण किया गया। इसमें मौजूदा टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा के पिता नवल एच. टाटा को करीब चार दशक पुराने शेयर हस्तांतरण की जांच की मांग की गई थी।

टाटा ट्रस्ट्स ने कहा, 'आयुक्त ने पाया कि वैधानिक आवश्यकताओं के कारण इन शेयर की बिक्री जरूरी थी और शेयर हस्तांतरण उचित दस्तावेजों पर आधारित था।' बता दें कि इससे पहले चैरिटी कमिश्नर ने जांच लंबित रहने तक सर रतन टाटा ट्रस्ट को बैठक करने से रोक




- कमिश्नर ने कहा-शेयरों का लेनदेन उस समय लागू कानून के अनुरूप हुआ था
- एनआरटीटी के न्यासी विजय सिंह ने शेयर हस्तांतरण के स्वतंत्र जांच की मांग की थी

**यह है मामला :** सर रतन टाटा ट्रस्ट ने दिसंबर 1974 में 625 टाटा संस इक्विटी शेयर और 34 वरीयता शेयर कोष में दान के रूप में एनआरटीटी को हस्तांतरित किए थे। 1979 में बोनस शेयर जारी होने के बाद एनआरटीटी की इक्विटी हिस्सेदारी बढ़कर 833 शेयर हो गई। कानूनी नोटिस में आरोप लगाया गया था कि उस समय एनआरटीटी के न्यासी रहे नवल टाटा ने जनवरी 1989 में ट्रस्ट से इस्तीफा दे दिया था और इसके कुछ समय बाद 833 शेयर व्यक्तिगत रूप से उन्हें हस्तांतरित कर दिए गए। इसमें हस्तांतरण के लिए दिए गए रिटर्न तथा उससे जुड़े दस्तावेजों और मंजूरियों पर सवाल उठाए गए थे।

दिया था। इस पाबंदी का असर ट्रस्ट पर आगे भी पड़ा, क्योंकि एसआरटीटी, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के साथ मिलकर टाटा संस का एक प्रमुख शेयरधारक है। दोनों ट्रस्ट के पास टाटा संस की करीब 51.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। दोनों द्वारा संयुक्त रूप से किसी प्रतिनिधि को नामित नहीं कर पाने से टाटा संस की 18 अगस्त को हुई एजीएम में कोरम पूरा नहीं हो सका। इसके चलते बैठक स्थगित करनी पड़ी।

## 9.71 लाख करोड़ रुपये हुई बैंकिंग प्रणाली में सरप्लस नकदी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** आरबीआइ की विदेशी मुद्रा जमा योजना से प्राप्त निवेश से बैंकिंग प्रणाली में सरप्लस नकदी बढ़कर 9.71 लाख करोड़ रुपये के रिकार्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई है। इससे पहले पांच सितंबर, 2021 को सरप्लस नकदी 9.21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। आरबीआइ के विदेशी मुद्रा उपायों से 31 अगस्त तक 136.38 अरब डालर जुटाए गए, जिसमें विदेशी मुद्रा जमा योजना के माध्यम से 127.23 अरब डालर, ओएफसीबी (विदेशी मुद्रा उधारी) से 5.26 अरब डालर और ईसीबी (वाह्य वाणिज्यिक उधारी) से 3.89 अरब डालर जुटाए हैं। योजना को मिले अच्छे समर्थन के चलते विदेशी मुद्रा जमा योजना को एक महीने पहले 31 अगस्त को ही बंद कर दिया गया था जबकि ईसीबी/ओएफसीबी सुविधा 31 दिसंबर तक खुली है। विदेशी मुद्रा जमा योजना के अलावा वेतन और पेंशन के भुगतान के सहित सरकारी व्यय ने भी बैंकिंग प्रणाली में नकदी बढ़ाई।

## फिर गिरा बाजार, सेंसेक्स 417 अंक टूटा

**मुंबई, प्रेट्र:** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा आइटी शेयरों में बिकवाली से दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। कारोबार के अंतिम घंटे में मुनाफावसूली से भी बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 417.49 अंक टूटकर 76,152.86 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और एक समय 354.13 अंक चढ़कर 76,924.48 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, बाद में इसने अपनी बढ़त गंवा दी। निफ्टी भी 41 अंक फिसलकर 23,873.45 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाइटन, ट्रेंट, आइटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलाजीज, टेक महिंद्रा, सन फार्मास्युटिकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल,

कच्चे तेल के दाम में तेजी और आइटी शेयरों में बिकवाली से बीएसई के मानक सूचकांक ने शुरुआती बढ़त गंवाई, निफ्टी में भी 41 अंकों की गिरावट



### रुपया 22 पैसे की मजबूती के साथ 94.51 प्रति डालर पर

**मुंबई, प्रेट्र :** उम्मीद से अधिक विदेशी मुद्रा जमा के बाद देश में भुगतान संतुलन की स्थिति में सुधार से उत्साहित रुपये ने गुरुवार को लगातार पांचवें सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी और डालर के मुकाबले 22 पैसे की तेजी के साथ 94.51 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्र बाजार में रुपया 94.30 पर खुला और सत्र के दौरान 94.26 के इंट्राडे हाई और 94.66 के निचले स्तर को छुआ। हालांकि, कारोबारी सत्र के अंत में रुपया डालर के मुकाबले 94.51 पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया 22 पैसे की बढ़त दर्ज करते हुए 94.73 पर बंद हुआ था। सोमवार और शुक्रवार को पिछले दो सत्रों में क्रमश: 21 पैसे और 2 पैसे बढ़ने के बाद, स्थानीय इकाई मंगलवार को डालर के मुकाबले 27 पैसे बढ़कर 94.95 पर बंद हुई थी।

भारत इलेक्ट्रानिक्स लि. और टाटा स्टील शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.57 प्रतिशत बढ़कर 97.13 डॉलर प्रति बैरल हो गया। बीएसई पर कुल 2,545 शेयरों में बढ़त रही जबकि 1,778 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। 223 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बुधवार को भी बीएसई सेंसेक्स 373.93 अंक गिरकर 76,570.35 पर बंद हुआ था।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## राष्ट्रीय फलक

## एनवीडिया 'हगिंग फेस' का 12.93 अरब डालर में करेगी अधिग्रहण

**न्यूयार्क, प्रेट्र :** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एनवीडिया ने गुरुवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) माडल के ओपन-सोर्स प्लेटफार्म 'हगिंग फेस' का 12.93 अरब डालर में अधिग्रहण करने की घोषणा की। एनवीडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सन हुआंग ने कहा कि अधिग्रहण के बाद हगिंग फेस के प्लेटफार्म का विस्तार किया जाएगा। वर्ष 2016 में फ्रांसीसी उद्यमियों क्लेमेंट डेलांग, जूलियन चामोंड और थामस वुल्फ ने हगिंग फेस की स्थापना की थी। कंपनी एआइ माडल, डेटा सेट और एप्लिकेशन साझा करने के लिए प्रमुख प्लेटफार्म में शामिल है। हुआंग ने एक ब्लाग पोस्ट में कहा कि हगिंग फेस के प्लेटफार्म का इस्तेमाल 1.8 करोड़ से अधिक डेवलपर, शोधकर्ता और रचनाकार करते हैं। दो लाख से अधिक कंपनियां इस प्लेटफार्म का इस्तेमाल एआइ माडल की तलाश, उसके मूल्यांकन, अपने अनुरूप ढालने और लागू करने के लिए करती हैं।

### चैटजीपीटी, जेमिनी, क्लाड की सेवाएं रहीं बाधित

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** ओपनएआइ के चैटजीपीटी, गूगल जेमिनी और एंथ्रोपिक के क्लाड समेत प्रमुख एआइ प्लेटफार्मों की सेवाएं गुरुवार को बाधित रहीं। सेवा बाधित होने का असर ग्रोक और अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) पर भी दिखाई दिया। इससे दुनियाभर में हजारों यूजर्स प्रभावित हुए। यह जानकारी सेवा बाधित होने की निगरानी करने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने दी।

## सीजी फूड्स के भुजिया नमकीन उत्पादन पर रोक

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने नियमों के गंभीर उल्लंघन के कारण सीजी फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। रायटर के अनुसार 'वाइ-वाइ' नूडल्स बनाने वाली यह कंपनी सीजी कार्प ग्लोबल का हिस्सा है, जिसके प्रमुख नेपाल के एकमात्र अरबपति बिनोद चौधरी हैं, जिन्हें 'नूडल किंग' के नाम से भी जाना जाता है।

एफएसएसएआइ ने गुरुवार को इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया, सीजी फूड्स को 'वेज भुजिया नमकीन' का उत्पादन रोकने का निर्देश दिया गया है। जांच के दौरान नियमों के कई उल्लंघन पाए गए थे। असुरक्षित प्रोसेसिंग, बिना लाइसेंस के भुजिया बनाने और पुरानी तारीख वाली पैकेजिंग के मद्देनजर सीजी फूड्स पर कार्रवाई की गई है।

स्वच्छता संबंधी नियमों के पालन की

- नूडल बनाने वाली नेपाली कंपनी का हिस्सा है सीजी फूड्स
- नियमों के उल्लंघन के कारण एफएसएसएआइ ने की कार्रवाई

जांच करने के लिए एफएसएसएआइ ने सीजी फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, के रूपनगर, अजमेर (राजस्थान) फैक्ट्री में निरीक्षण किया था। इस दौरान दिखा कि फैक्ट्री के फर्श पर गिरे और टूटे नूडल्स को बिना किसी हीट ट्रीटमेंट के दोबारा प्रोसेस कर भुजिया बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा था। कंपनी खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 का उल्लंघन करते हुए 'वाइ-वाइ मामा' और 'वाइ-वाइ मामा पुंटे' भुजिया वेरिएंट्स का बिना वैध लाइसेंस के उत्पादन कर रही थी। खाद्य नियामक ने मौके से करीब 32,107 किलोग्राम स्टाक (जिसमें खुले टूटे नूडल्स भी शामिल हैं) जब्त किए। एक्सपायर हो चुके तैयार माल के 1,925 बाक्स भी जब्त किए किए हैं। एफएसएसएआइ ने कहा, जांच के दौरान निरीक्षण में कई कमियां सामने आईं, जिनमें अपर्याप्त कीट नियंत्रण रिकार्ड और खाद्य स्वच्छता एवं सुरक्षा से संबंधित अन्य कमियां शामिल हैं।

**ब्रिटिश लाइफसाइंसेस प्राइवेट लिमिटेड पर भी कार्रवाई :** आइएएनएस के अनुसार एफएसएसएआइ ने गुरुवार को कहा कि बेंगलुरु में ब्रिटिश लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कंपनी में निरीक्षण के दौरान गलत ब्रांडिंग और मियाद पूरी कर चुके बेबी फूड का पता चला था। इसी कारण यह कार्रवाई की गई। गलत ब्रांडिंग वाले बेबी फूड को जब्त करने के साथ ही कानूनी कार्रवाई भी शुरू की गई है। एक्सपायर हो चुके बेबी फूड भी जब्त किए गए। कोर्ट के आदेशों के मुताबिक 3.7 मीट्रिक टन एक्सपायर हो चुके बेबी फूड को नष्ट करने का आदेश दिया गया है।

## भरे भंडार के बीच सरकार 708 लाख टन धान की करेगी खरीद

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

- पिछले वर्ष की तुलना में 102 लाख टन कम होगी खरीद, धान के रकबे में भी इस बार 3.35 प्रतिशत की कमी

सरकारी गोदामों में चावल का भंडार जरूरत से काफी ज्यादा होने के बीच सरकार इस खरीफ सीजन में 708.64 लाख टन धान खरीदने जा रही है। यह पिछले खरीफ सीजन में हुई 810.72 लाख टन खरीद से 102 लाख टन कम है। इसे किसानों से सरकारी खरीद घटाने के बजाय पहले से भरे भंडार को देखते हुए नई फसल की खरीद का संतुलन बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय पूल में अभी करीब 402 लाख टन चावल उपलब्ध है। पिछले साल एक अगस्त को यह करीब 380 लाख टन था। यानी इस बार सरकारी भंडार में छह प्रतिशत ज्यादा चावल मौजूद है। ध्यान देने वाली बात यह है कि जुलाई के लिए चावल का न्यूनतम बफर मानक करीब 135.40 लाख टन है। इसके मुकाबले केंद्रीय पूल में उपलब्ध चावल लगभग तीन गुना है। ऐसे में यदि पिछले साल की तरह ही बड़ी मात्रा में धान खरीदा जाता तो सरकारी गोदामों पर भंडारण का दबाव और बढ़ता। हालांकि, मंत्रालय का यह प्रारंभिक अनुमान है। वास्तविक खरीद का आंकड़ा इससे ज्यादा भी हो सकता है। धान के रकबे में भी इस बार 3.35 प्रतिशत की कमी है। फिर भी केवल रकबा घटने को खरीद में कमी का कारण नहीं माना जा सकता।

## प्रेरणा

जहां उम्मीद है, वहां आगे बढ़ने की संभावना हमेशा बनी रहती है। -डेसमंड टूटू

## संपादकीय

# विकास दर को कई फैक्टरों से समझना जरूरी होता है

**वर्ष** 2026-27 की पहली तिमाही का पूर्व वित्त-वर्ष के इसी काल से तुलनात्मक जीडीपी-आयतन ही विकास दर बताता है। 2011-12 को आधार-वर्ष मानते हुए यह 86.05 लाख करोड़ था। लेकिन सरकार ने इसी साल फरवरी में 2022-23 को आधार-वर्ष मानते हुए नई सीरीज शुरू की और पिछले वर्ष की इसी तिमाही का जीडीपी-आयतन घटाकर 80 लाख करोड़ और चालू वर्ष का 88.27 लाख करोड़ तय किया। लिहाजा नॉमिनल विकास दर 10.3 घोषित हुई और रियल विकास दर 7.8%। लेकिन कुछ अर्थशास्त्री पुरानी सीरीज पर मान्य 86.05 लाख करोड़ को बेंचमार्क मानते हुए विकास दर मात्र 2.6% मान रहे हैं। अर्थशास्त्रियों का यह आरोप तो सही है कि प्रक्रियात्मक बदलाव के कारण नई सीरीज में औपचारिक क्षेत्र के आंकड़े ज्यादा दिखाई देंगे, जबकि अनौपचारिक क्षेत्र के आंकड़े घटेंगे। लेकिन यह बदलाव जरूरी था, क्योंकि जीएसटी, लेनेदेन में डिजिटल प्रयोग का बढ़ना यानी औपचारिक क्षेत्र का प्रसार, डाटा मॉनिटरिंग में टेक का प्रयोग, पीएलएफएस के पांच-साला सर्वे की जगह 2022-23 से एएसयूएसई शुरू करना आर्थिकी की सही तस्वीर देगा। नोटबंदी और कोरोना से अनौपचारिक क्षेत्र को क्षति हुई है। एमएसएमई बदहाल हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर नए बेरोजगारों का बोझ है। ऐसे में विकास दर को अन्य व्यावहारिक फैक्टरों के चश्मे से भी देखना होगा।

## जीने की राह


पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com




# जेन-जी कितने ही व्यस्त हों थोड़ा समय योग-ध्यान को दें

**कबीर** दास जी कुछ बातें ऐसी लिख गए हैं, जिनका आज बहुत समसामयिक महत्व दिखता है। उनकी एक पंक्ति को हम जेन-जी के लिए संदेश मान सकते हैं- माला तो कर में फिरे, जीभ फिरे मुख मांहि। मनुवा तो दहु दिसि फिरे, यह तो सुमिरन नाहिं। अब इसे सुनकर लगता है कबीर दास जी ने माला फेरने वालों पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी की है। पर यहां माला मतलब कर्मयोग है। मन कर्मयोगी को भटकाता है। इसलिए वो कहते हैं कि अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक रहें। दस दिशा में मन घूमता है। जेन-जी का उत्साह, उनकी ऊर्जा भी इस तरह से सभी दिशाओं में फैली है। दुनिया के हर कोने से उनकी अंगड़ाइयों के स्वर आ रहे हैं। इसलिए कबीर ने एक और इशारा किया है कि मन जब भटके तो एक रास्ता और है मन को मोड़ने का, और वो है अपने भीतर। जब भी कोई मनुष्य अपने भीतर उतरेगा तो उसको थोड़ी शून्यता की अनुभूति होगी और वही उसकी असली ऊर्जा है। जेन-जी कितने ही व्यस्त हों पर थोड़ा समय योग और ध्यान पर जरूर लगाएं। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## दूरदृष्टि • छात्र व महिलाएं महत्वपूर्ण वोटर समूह हैं

# महिलाओं के पक्ष में एक नई राजनीतिक भाषा सुनाई दी है

आधी आबादी


आशुतोष वार्ष्णेय

ब्राउन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर




**कुछ** दिनों पहले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान पुणे में युवा महिलाओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत में आदर्श नारी को तीन वर्गों में डाल दिया जाता है, उसे सिर्फ बेटी, पत्नी या मां के रूप में देखा जाता है। राहुल ने आगे कहा कि इनमें से किसी एक के रूप में देखे जाने में कोई गलत बात नहीं है, लेकिन यही आपकी एकमात्र पहचान नहीं हो सकती।

कई महिलाएं बेहतरीन प्रोफेशनल होती हैं, जिनकी महत्वाकांक्षाएं और सपने इन पारंपरिक भूमिकाओं से आगे हैं। लेकिन अपने लक्ष्यों को हासिल करने की उनकी कोशिश अक्सर उन रुकावटों से भरी होती है, जो समाज और उसे चलाने वाली सोच उनके सामने खड़ी करती है। इन रुकावटों और इस सोच के खिलाफ लड़ना और उन्हें दूर करना जरूरी है। महिला दर्शकों की जोरदार तालियों के बीच राहुल का आखिरी संदेश था : 'पिंजरा तोड़ो, पितृसत्ता को खत्म करो।'

अब तक इस तरह की बातें दुनिया भर में अकादमिक सेमिनारों और कॉन्फ्रेंस में लगातार सुनने को मिलती रही हैं। लेकिन जहां तक मेरी जानकारी है, पहली बार इन्हें भारत की मुख्यधारा की राजनीति में लाया गया है।

अकादमिक और राजनीतिक मुख्यधारा अकसर सामाजिक और राजनीतिक जीवन के दो अलग-अलग हिस्से होते हैं। अमेरिका की आईवी लीग यूनिवर्सिटीज में 'मागा' की सोच का बहुत कम या बिल्कुल असर दिखाई नहीं देता। भारत में जेएनयू को भी अकसर एक अलग दुनिया माना गया है। केरल या बंगाल (जब राज्य में सीपीएम की सरकार थी) को छोड़ दें तो जेएनयू की राजनीतिक संस्कृति का राष्ट्रीय मुख्यधारा से बहुत कम मेल रहा है। दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (और सोशियोलॉजी) का रिकॉर्ड भी कुछ ऐसा ही रहा है- मुख्यधारा की राजनीति में उसकी भूमिका शायद ही कभी उसकी बौद्धिक चमक के बराबर रही हो।

इसलिए राहुल गांधी का पितृसत्ता के खिलाफ कदम नया और अलग है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पितृसत्ता को खत्म करो की अपील को ऊपर से थोपी गई कोई बौद्धिक बात न माना जाए, जिसका महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी से कोई लेना-देना नहीं हो, पुणे में राहुल का बात रखने का तरीका काफी अलग था। उन्होंने इसे किसी यूनिवर्सिटी की ऊंची अकादमिक दुनिया से सीधे निकले राजनीतिक भाषण की तरह नहीं, बल्कि एक बड़े जन-कार्यक्रम की तरह पेश किया।

मंच पर कई युवा महिलाओं को बुलाया गया था। इनमें लगभग सभी छात्राएं या हाल ही में पढ़ाई पूरी करने वाली युवा महिलाएं थीं। उन्होंने अपनी पढ़ाई और दूसरे लक्ष्यों के बारे में बताया और उन रुकावटों के बारे में भी बताया, जिनका उन्हें सामना करना पड़ता है। इनमें शहर और गांव, दोनों जगहों से आई महिलाएं थीं। कुछ अंग्रेजी अच्छी तरह बोल रही थीं, कुछ हिंदी में और कुछ मराठी में। कुछ ऊपरी-मध्यम वर्ग के परिवारों से थीं; एक आदिवासी महिला थीं और एक महाराष्ट्र के एक छोटे शहर के एक सफाई कर्मचारी की बेटी थीं। सफाईकर्मी की बेटी ने दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया से पढ़ाई की थी और पत्रकार बनना चाहती हैं, लेकिन उन्हें बार-बार कहा जाता है कि वे पत्रकार नहीं बन सकतीं, उन्हें शादी के बारे में सोचना चाहिए।

सभी महिलाओं ने अपनी बात इस तरह रखी कि रोजमर्रा की जिंदगी पर पितृसत्ता के बुरे असर को समझा जा सके। उन्होंने बताया कि गांव से बाहर के स्कूलों में जाना कितना मुश्किल है; सार्वजनिक परिवहन कितना

**अब तक जिस तरह की बातें अकादमिक सेमिनारों और कॉन्फ्रेंस में सुनने को मिलती थीं, उन्हें पहली बार मुख्यधारा की राजनीति में लाया गया है। देखना होगा कि पितृसत्ता को खत्म करो वाले संदेश का महिलाओं पर क्या असर होता है।**

असुरक्षित है, चाहे बसें भरी हों या खाली; सोशल मीडिया का इस्तेमाल उन्हें शर्मिंदा करने और दबाव बनाने के लिए कैसे किया जाता है, सिर्फ लिखकर ट्रोल करने के जरिए नहीं, बल्कि तस्वीरों और वीडियो के साथ छेड़छाड़ करके भी; महिला वकीलों को कमतर मानने वाली सोच के कारण कानूनी मामले योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि जेंडर के आधार पर दिए जाते हैं; कैसे नागरिक के तौर पर अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल करने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी जाती है और कहा जाता है कि महिलाओं को अभिव्यक्ति की इतनी स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती।

इस कार्यक्रम का मकसद सिर्फ किसी विचार को उदाहरणों के जरिए समझाना नहीं था। इस कवायद का मकसद गहराई से राजनीतिक था। बंगाल में जीत के बाद बीजेपी का राजनीतिक प्रभाव बहुत बढ़ गया था। लेकिन कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) आंदोलन- खासकर जंतर-मंतर का प्रदर्शन- ने देश में राजनीतिक विमर्श को बदला है। इसी मौके का फायदा उठाते हुए राहुल गांधी राजनीतिक बहस में बढ़त हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। 2027 में कई विधानसभा चुनाव होने हैं और छात्र व महिलाएं यकीनन एक महत्वपूर्ण वोटर समूह हैं। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## नजरिया • पानी को कूटनीतिक दबाव का औजार बनाया

# चीन के भीमकाय बांध दुनिया के लिए वाटर-बम साबित होंगे

चेतावनी


ब्रह्मा चेलानी

पॉलिसी फॉर सेंटर रिसर्च के प्रोफेसर एमेरिटस




**क्या** आप जानते हैं दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने के लिए चीन ने कौन-सी जगह चुनी है? यह दुनिया के सबसे जटिल भू-राजनीतिक और भूकंपीय रूप से अस्थिर क्षेत्रों में से है। भारत की सीमा से कुछ ही किलोमीटर दूर चीन तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो नदी पर एक अभूतपूर्व परियोजना का निर्माण कर रहा है। यह दुनिया की सबसे अधिक ऊंचाई पर बहने वाली प्रमुख नदी है। इसे ही भारत में ब्रह्मपुत्र कहते हैं।

यह विशाल बांध बिजली उत्पादन क्षमता के मामले में चीन के थ्री गॉर्जेज डैम को भी बहुत पीछे छोड़ देगा, जो फिलहाल दुनिया का सबसे बड़ा बांध है। इसका जलाशय भारत के पूर्वोत्तर और डेल्टाई बांग्लादेश में रहने वाली करोड़ों की आबादी के ऊपर पानी का एक विशाल भंडार रोककर रखेगा। इसको लेकर सबसे चिंताजनक चेतावनियां विदेशी आलोचकों नहीं, चीन के अपने वैज्ञानिकों की ओर से आ रही हैं। एक हालिया शोधपत्र ने निर्माण स्थल पर गंभीर भूगर्भीय खतरों की पहचान की है।

भूवैज्ञानिकों का निष्कर्ष है कि यहां की भू-संरचना नाजुक है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यहां आने वाले भूकंप बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकते हैं, क्योंकि उससे जलाशय और आसपास का बुनियादी ढांचा, दोनों खतरे में पड़ सकते हैं। लेखकों ने जलाशय की ढलानों को मजबूत करने, रिटेनिंग संरचनाएं स्थापित करने और आपदा के जोखिम को कम करने के लिए परियोजना के प्रमुख हिस्सों को नए सिरे से डिजाइन करने की सिफारिश की है। जब किसी कम्युनिस्ट शासन के अधीन काम कर रहे वैज्ञानिक ऐसी चेतावनियां जारी करें, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन पर ध्यान देना ही चाहिए।

नया बांध ब्रह्मपुत्र नदी के ग्रेट बेंड पर बन रहा है, जहां भारत में प्रवेश करने से पहले नदी दुनिया की सबसे गहरी और सबसे लंबी घाटी से होकर तीव्र ढलान के साथ नीचे उतरती है। यह हिमालयी भूकंपीय पट्टी के ठीक बीच स्थित है, जो भारतीय और यूरेशियाई टेक्टोनिक प्लेटों की धीमी गति से हो रही टक्कर के कारण बनी है। यह पृथ्वी के सबसे अधिक भूकंप-संभावित क्षेत्रों में से एक है और यहां विनाशकारी भूकंप आने का पुराना रिकॉर्ड रहा है। खतरा केवल इतना नहीं है कि भूकंप किसी बांध को नुकसान पहुंचा सकता है। एक विशाल जलाशय खुद भी भूगर्भीय दबाव बढ़ाकर भूकंप को जन्म दे सकता है।

इसका एक संभावित उदाहरण चीन में सामने आया था। आधुनिक चीन के इतिहास की सबसे घातक प्राकृतिक आपदाओं में से एक में 2008 में तिब्बती पठार के पूर्वी किनारे पर आए भूकंप में कई लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकांश सिचुआन प्रांत के थे। वैज्ञानिक आज भी इसके कारणों को लेकर बहस करते हैं, लेकिन एक प्रभावशाली शोध का निष्कर्ष था कि शायद नए जिपिंगपू बांध के जलाशय में जमा पानी के विशाल भार ने नीचे स्थित एक दरार पर दबाव बढ़ाया हो और संभवतः उस भूकंप को दशकों या सदियों पहले ही ला दिया हो।

लेकिन इस वैज्ञानिक संभावना का गंभीरता से सामना करने के बजाय चीन ने इससे भी कहीं बड़ी बांध परियोजना शुरू कर दी है, वह भी इससे अधिक नाजुक भूगर्भीय क्षेत्र में। लेकिन हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र राष्ट्रीय सीमाओं का लिहाज नहीं करता; न ही किसी बड़े बांध के टूटने के परिणाम करेंगे। वर्ष 2025 में आया शक्तिशाली म्यांमार भूकंप इस बात का प्रमाण था कि यह भूकंपीय क्षेत्र किस हद तक परस्पर जुड़ा हुआ है। इसके

**हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र राष्ट्रीय सीमाओं का लिहाज नहीं करता; न ही किसी बड़े बांध के टूटने के परिणाम करेंगे। वर्ष 2025 में आया म्यांमार भूकंप इस बात का प्रमाण था कि यह भूकंपीय क्षेत्र किस हद तक परस्पर जुड़ा हुआ है।**

झटके करीब 1,000 किलोमीटर दूर बैंकॉक तक महसूस हुए थे और वहां एक ऊंची इमारत ढह गई थी।

ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर भारत की जीवनरेखा है। भारत में यह खेतों की सिंचाई करती है, मत्स्य-पालन को सहारा देती है और लाखों लोगों की आजीविका का आधार है। बांग्लादेश में यह मीठे पानी का सबसे बड़ा स्रोत है। चीन द्वारा मेकांग नदी पर बनाए गए विशाल बांधों की तरह यह सुपर-डैम भी सीमा-पार नदी प्रवाह को बदलने और पोषक तत्वों से भरपूर तलछट के निचले इलाकों तक पहुंचने को कम करने का खतरा पैदा करता है। जलाशय में रोके पानी को आपात-स्थिति में छोड़ना भी घनी आबादी वाले निचले मैदानी इलाकों में विनाशकारी बाढ़ ला सकता है। तिब्बत में इंजीनियरिंग की एक विफलता से शुरू होने वाली घटना बांग्लादेश तक फैली मानवीय त्रासदी में बदल सकती है। यह साफ है कि चीन ने पानी को कूटनीतिक दबाव का एक और औजार बना दिया है।

(@प्रोजेक्ट सिंडिकेट)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

## ब्रांड से सबक | गुची : इटली का मशहूर लग्जरी फैशन-गुड्स ब्रांड

# कभी सैलरी देने के पैसे नहीं थे, केस में उलझी, आज प्रमुख लग्जरी ब्रांड में शामिल है गुची

**साल** 1995, अक्टूबर माह का एक शनिवार। इटली के मिलान के वाया मोंटे नेपोलीन में स्थित गुची के स्टोर पर खरीदी के लिए ग्राहकों की भीड़ लग गई थी। सभी लोग गुची का सामान खरीदना चाहते थे। लो-वेस्ट पैंट, सैटिन शर्ट और चमड़े के पर्स की ऐसी दीवानगी थी कि दुनिया के कई स्टोर्स में इनका स्टॉक खत्म हो गया। भीड़ का आलम यह था कि कर्मचारियों को नियंत्रण के लिए स्टोर के दरवाजे बंद करने पड़े। यह दीवानगी सिर्फ मिलान तक सीमित नहीं थी। लंदन में पॉपस्टार मैडोना ने एक स्टोर से पूरा विंटर कलेक्शन खरीद लिया था। 1995 के शुरुआती 9 महीनों में ही दुनियाभर में गुची प्रोडक्ट्स की बिक्री में 86% का उछाल आ गया था।

गुची के लिए यह घटना सामान्य नहीं बल्कि असाधारण थी, क्योंकि दो साल पहले तक ब्रांड की माली हालत खराब थी। गुची के तत्कालीन सीईओ के मुताबिक 1993 में कंपनी कर्मचारियों की सैलरी तक देने में सक्षम नहीं थी। बिक्री घटकर 1990 करोड़ से भी नीचे आ गई। कंपनी करीब 378 करोड़ के नुकसान में थी। लेकिन 1994 में गुची ने टॉम फोर्ड को क्रिएटिव डायरेक्टर बनाया तो कंपनी की हालत सुधरी। एक तरह से कंपनी की दूसरी पारी शुरू हुई।

• वर्तमान स्थिति

### 1.32 लाख करोड़ रुपए की कंपनी है आज गुची

आज गुची दुनियाभर में लग्जरी आइटम्स के लिए मशहूर है। कांतार रिसर्च के मुताबिक गुची की ब्रांड वैल्यू करीब 1 लाख 32 हजार करोड़ है। साल 2025 में कंपनी ने करीब 65 हजार करोड़ रुपए की बिक्री की। कंपनी का 30 फीसदी रेवेन्यू एशिया-पैसेफिक रीजन से आता है। दुनियाभर में कंपनी सीधे 500 स्टोर्स संचालित करती है। गुची का औसत कार्यबल 17 हजार लोग से भी ज्यादा है। गुची अपने पैरेंट ग्रुप केरिंग में सबसे बड़ी कंपनी के तौर पर काबिज है। भारतीय अभिनेत्री आलिया भट्ट गुची की ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर में से एक हैं।




**सबक...** ग्राहक की पसंद समझना, ब्रांड की विशिष्टता बचाना और विस्तार के बजाय सही वितरण पर जोर देना सही रणनीति है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.3** लाख रुपए में बिकी थी जीनियस जीन्स 1998 में। | **65** हजार करोड़ रुपए की बिक्री हुई थी कंपनी की पिछले साल। | **49%** रेवेन्यू सिर्फ लेदर गुड्स से कमाती है गुची | **30%** कमाई एशिया-पैसेफिक रीजन से होती है |

### यूं संकट में फंसी थी...

- **बेलगाम लाइसेंसिंग :** 1980 के दशक में गुची बहुत विस्तार करना चाह रही थी। इसी के चलते उस समय ब्रांड का नाम और लोगो जूतों, शराब, ताश के पत्तों समेत 22 हजार उत्पादों पर पहुंच गया। इससे ब्रांड की विशिष्टता खत्म हो गई।
- **गलत जगह पैसा लगाना :** कंपनी ने खर्चों पर नियंत्रण नहीं रखा। घाटे के समय भी ऑफिस रिनोवेट करने में 113 करोड़ का फिजूलखर्च किया। 1991 से 1993 के बीच गुची को अनुमानित रूप से 964 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।
- **पारिवारिक विवाद ने प्रगति रोकी :** रोडोल्फो गुची की मृत्यु के बाद उनके बेटे व चाचा में कंपनी के नियंत्रण को लेकर संघर्ष तेज हो गया। कंपनी चलाने में लगने वाली ऊर्जा कोर्ट मुकदमों में लग रही थी। एक समय पर 15 मुकदमे चल रहे थे।

### इस तरह की वापसी...

- **डिजाइन में बदलाव:** 1994 में टॉम फोर्ड को क्रिएटिव डायरेक्टर बनाया गया। उन्होंने बोल्ड और ग्लैमरस डिजाइन बाजार में उतारे। इससे ब्रांड को नई ताकत मिली। 1995 के वेलवेट हिप हगर्स व सैटिन शर्ट्स ने मार्केट में सनसनी मचा दी थी।
- **खुद के स्टोर बढाए:** सीईओ डी सोल ने फ्रेंचाइज व थर्ड पार्टी रिटेलर्स से निर्भरता घटाकर अपने स्टोर बढ़ाए। जो स्टोर गुची की लग्जरी इमेज से मेल नहीं खाते थे, उन्हें मुनाफा देने के बावजूद बंद किया। मकसद था ग्राहकों को सभी जगह एक अनुभव देना।
- **शेयर बाजार में एंट्री:** 1995 के अंत में कंपनी शेयर बाजार पर 22 डॉलर प्रति शेयर में रजिस्टर्ड हुई। कुछ ही महीनों में शेयरों की कीमत 70 डॉलर तक पहुंच गई थी। साल 1998 में कंपनी की बिक्री 1 अरब डॉलर को पार कर गई थी।

### शुरुआत : कुली ने अमीरों के लगेज से प्रभावित होकर शुरू की कंपनी

इटली के फ्लोरेंस में जन्मे गुचियो गुची ने कंपनी की नींव रखी थी। युवावस्था में वे लंदन चले गए। वहां एक होटल में कुली का काम करने लगे। यहां आने वाले अमीरों और मेहमानों के शानदार लगेज को देखकर वे प्रभावित हुए। उनके मन में अपने नाम से लगेज बनाने का सपना पैदा हुआ। 1921 में अपना पहला गुची बुटिक शुरू किया।

### बदलाव : लगेज बैग से शुरुआत आज जूते, परफ्यूम भी बनाती है

गुची पहले लगेज व लेदर आइटम्स ही बनाती थी। अब वह कपड़ों से लेकर परफ्यूम और ज्वेलरी तक बनाती है। दुनिया में उसकी खास पहचान लग्जरी हैंडबैग और लेदर फुटवियर से है। इसके बॉम्बू 1947, जैकी 1961 और हॉर्सबिट 1955 जैसे हैंडबैग आज भी प्रमुख उत्पाद हैं। कंपनी दुनिया के प्रमुख हैंडबैग ब्रांड्स में शुमार है।

**ऐसे बना लोगो :** गुचियो के बेटे ने पिता के नाम के शुरुआती अक्षरों 'GG' से मशहूर लोगो तैयार किया। गुची की हरी-लाल-हरी पट्टियां घुड़सवारी से प्रेरित हैं।

**सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी :** दुनियाभर में शनेल, हर्मीस, प्राडा जैसे दिग्गज गुची को टक्कर देते हैं। लेकिन सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी लुई वितों को माना जाता है।

## पीपुल भास्कर | जॉन टर्नस, एपल के सीईओ

# केबिन में बैठना ठुकरा दिया था, रेसिंग के शौकीन, सहकर्मियों को 'ड्यूड' कहते हैं टर्नस

**25** साल पहले यानी साल 2001 की बात है। एपल के एक कर्मचारी रात में घर से दूर एक सप्लायर की फैक्ट्री में बैठे थे। उनके हाथ में मैग्निफाइंग ग्लास था और सामने कुछ स्क्रू। वे एक-एक कर स्क्रू के सिर पर बनी गोलाकार धारियां गिन रहे थे। ये स्क्रू एपल सिनेमा एचडी डिस्प्ले के साथ दिए जाने थे, जिसे 2002 की शुरुआत में लॉन्च किया जाना था। उन्होंने गौर से हर एक स्क्रू पर बनी धारियां गिनीं और पाया कि एक स्क्रू पर 35 धारियां थीं, जबकि एपल के डिजाइन में 25 तय हुई थीं। देखने में यह ऐसा फर्क था, जिसे शायद कोई ग्राहक कभी नोटिस भी न करता। लेकिन उस कर्मचारी ने इसे स्वीकार नहीं किया। सप्लायर से बहस की और आखिरकार स्क्रू का डिजाइन बदला गया और उसके सिर पर ठीक 25 गोलाकार धारियां बनाई गईं। एक स्क्रू की धारियों तक पर गौर करने वाले ये शख्स और कोई नहीं बल्कि एपल के नए सीईओ जॉन टर्नस थे।

**टर्नस में एक इंजीनियर का दिमाग, एक इनोवेटर की आत्मा और ईमानदारी व सम्मान के साथ नेतृत्व करने वाला दिल है।**

**टिम कुक, एपल के पूर्व सीईओ**

टर्नस के साथ कॉलेज में पढ़ने वाले पॉल फीहेरी के मुताबिक टर्नस हमेशा से ही बेहद शांत और सादगी से जीवन जीने वाले व्यक्ति थे। वे पढ़ाई को लेकर बहुत गंभीर और फैसलों को लेकर उतने ही सोच-विचार वाले थे। फीहेरी बताते हैं कि उन्होंने टर्नस को कभी जल्दबाजी में निर्णय लेते नहीं देखा। एक अन्य दोस्त रॉबर्ट ब्राउन के अनुसार टर्नस हमेशा मुस्कराते रहते थे। कभी निराश या उदास मूड में नहीं रहते थे।

[ **चर्चा में क्यों :** हाल ही में इन्होंने एपल कंपनी के सीईओ का दायित्व संभाला है। टर्नस ने कंपनी में टिम कुक की जगह ली है। ]



अपने आप को कमरे में मौजूद किसी भी अन्य व्यक्ति से कम समझदार न मानें, लेकिन यह भी भ्रम न पालें कि आप सामने वाले से ज्यादा जानकारी रखते हो।

जन्म : 18 मई 1975, कैलिफोर्निया

शिक्षा : यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया से ग्रेजुएट

संपत्ति : करीब 600-700 करोड़ रु.।

(मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार)

• शिक्षा

### मैकेनिकल इंजी. में ग्रेजुएट हैं टर्नस

टर्नस का जन्म अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुआ माना जाता है। उन्होंने 1993-97 के बीच यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया से मैकेनिकल इंजीनियरिंग व एप्लाइड मैकेनिक्स में बैचलर्स डिग्री हासिल की। वे पूरी तरह से सादगी से और लो प्रोफाइल जीवन जीने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने अपने परिवार के बारे में जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।

• जुनून

### घंटों में ही आइडिया को प्रोटोटाइप में बदल देते

एपल से पहले टर्नस एक कंपनी में काम करते थे। वहां सुबह कंप्यूटर पर प्रोडक्ट को नए सिरे से डिजाइन करते, फिर मशीन शॉप में खुद उसके पुर्जे बनाते। कुछ ही घंटों में उनका आइडिया टेस्टिंग के लिए तैयार प्रोटोटाइप बन जाता था। टर्नस ने एपल प्रोडक्ट्स को ज्यादा टिकाऊ और लंबे समय तक चलने योग्य बनाने पर काफी काम किया।

• करिअर

### 2001 में एपल से जुड़े हार्डवेयर का चेहरा बने

एपल से पहले जॉन टर्नस वर्चुअल रिसर्च सिस्टम्स नामक कंपनी में मैकेनिकल इंजीनियर थे। यहां कंप्यूटर पर पार्ट डिजाइन करने से लेकर मशीन शॉप में उसका प्रोटोटाइप खुद बनाने तक का काम करते थे। साल 2001 में एपल की प्रोडक्ट डिजाइनिंग टीम से जुड़े। लंबे समय तक कंपनी के प्रमुख हार्डवेयर चेहरों में शामिल रहे।

### खास: 1.40 मिनट में रेस ट्रैक का लैप पूरा कर चुके हैं

- एपल में उनके पहले बॉस स्टीव सिफर्ट उन्हें 'मैन ऑफ द पीपुल' कहते हैं, क्योंकि जब उन्हें कंपनी में केबिन ऑफर हुआ तो ठुकरा दिया।
- टर्नस को कार रेसिंग पसंद है। कैलिफोर्निया के ट्रैक पर अपनी पोर्शे से 1 मिनट 40 सेकंड से कम में एक लैप पूरा कर चुके हैं।

### उपलब्धि: ताकतवर उभरते 25 अधिकारियों की सूची में शामिल

- 2013 में एपल हार्डवेयर इंजीनियरिंग के वाइस प्रेसिडेंट बने। 2021 में हार्डवेयर इंजीनियरिंग के सीनियर एग्जीक्यूटिव के रूप में टीम में जुड़े।
- 2024 में टर्नस ने फॉर्च्यून द्वारा जारी दुनिया के 25 सबसे ताकतवर उभरते अधिकारियों की सूची में जगह बनाई थी।

### रोचक: कॉलेज में उनका निकनेम 'क्रैश' पड़ गया था

- कॉलेज में दिव्यांगों के लिए फीडिंग उपकरण बनाते वक्त टर्नस से कॉलेज की सीएनसी मशीन क्षतिग्रस्त हो गई तो उनका निकनेम क्रैश पड़ गया।
- टर्नस सहकर्मियों से बहुत ही जल्दी घुल-मिल जाते हैं। वे अपने साथी कर्मचारियों को प्यार से 'ड्यूड' कहकर बुलाना पसंद करते हैं।

**परेशानी** • आसमान से हर 12वीं फ्लाइट 'गायब', जुलाई-सितंबर के लिए 2,73,549 उड़ानें, ये 8.5% कम

# ईंधन महंगा, यात्री कम... 25 हजार उड़ानें घटीं

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

इस महीने देश में ही कहीं या विदेश जाने के लिए सामान्य से कम फ्लाइट उपलब्ध होंगी। वजह साफ है, पश्चिम एशिया में जारी तनाव, लगातार महंगे होते विमान ईंधन (एटीएफ) और यात्रियों की घटती मांग ने देश की एयरलाइन इंडस्ट्री पर असर दिखाना शुरू कर दिया है। विमानन कंपनियों को जुलाई-सितंबर तिमाही में अपना नेटवर्क सिकोड़ने पर मजबूर होना पड़ा।

ग्लोबल ट्रैवल डेटा कंपनी ओएजी (एविएशन शेड्यूलिंग एंड मार्केट डेटा फर्म) के विश्लेषण के मुताबिक, आठ भारतीय एयरलाइनों ने इस तिमाही में कुल 2,73,549 उड़ानें शेड्यूल की हैं। यह पिछले साल की समान अवधि के 2,98,939 उड़ानों से 8.5 फीसदी यानी करीब 25,000 कम हैं। यानी घरेलू आसमान से हर 12वीं फ्लाइट गायब रहेगी। घरेलू मार्गों पर 8.4 फीसदी और अंतरराष्ट्रीय रूट पर फ्लाइट्स में 9.9 फीसदी की कटौती की गई है। सबसे तेज गिरावट जुलाई में आई, जब घरेलू शेड्यूल 10 फीसदी और अंतरराष्ट्रीय शेड्यूल 14 फीसदी तक गिर गया। अगस्त में हल्की रिकवरी के बाद सितंबर में फिर कमी आई है क्योंकि इन दिनों यात्रियों की मांग ही कम है।

## उड़ानों में कटौती क्यों...एयरलाइन की ऑपरेशन लागत में एटीएफ की हिस्सेदारी 40%, ये 10% महंगा हो चुका




एयरलाइन की ऑपरेशन लागत में एटीएफ की हिस्सेदारी 40% तक होती है। पश्चिम एशिया संकट गहराने के बीच इस महीने (सितंबर) यह 10.25% महंगा हो चुका है। इस बीच जुलाई में यात्रियों की संख्या करीब 5% घट गई।

| महीना | एटीएफ की कीमत |
|---|---|
| जून | 115 |
| जुलाई | 110 |
| अगस्त | 115 |
| 1 सितंबर | 121.28 |

नोटः कीमत रुपए/लीटर

### टाइट शेड्यूलः देश की 8 में से 7 एयरलाइंस ने फ्लाइट 60% तक घटाईं, सिर्फ अकासा एयर ने 2.3% बढ़ाईं

| एयरलाइन | जुलाई-सितंबर 2025 | जुलाई-सितंबर 2026 | कमी/बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| इंडिगो | 1,75,757 | 1,67,620 | 8,137(4.60%) |
| एअर इंडिया | 51,204 | 45,459 | 5,745(11.2%) |
| एआई एक्सप्रेस | 38,019 | 33,663 | 4,356(11.5%) |
| अकासा एअर | 12,647 | 12,937 | 290(2.30%) |
| स्पाइसजेट | 8,871 | 5,751v | 3,120(35.2%) |
| अलायंस एअर | 6,388 | 2,535 | 3,853(60.3%) |
| स्टार एयर | 4,553 | 4,296 | 257 (5.60%) |
| इंडियावन एअर | 1,500 | 1,288 | 212 (14.10%) |

### ट्रेंडः दक्षिणी शहरों के लिए उड़ानों में सबसे ज्यादा कटौती

| रूट | उड़ानें बढ़ीं | रूट | उड़ानें घटीं |
|---|---|---|---|
| दिल्ली-मुंबई | 2,606 | हैदराबाद-तिरुपति | 1,318 |
| मुंबई-कोच्चि | 827 | चेन्नई-हैदराबाद | 1,110 |
| बेंगलुरु-कोच्चि | 620 | बेंगलुरु-हैदराबाद | 1,014 |
| बेंगलुरु-पुणे | 517 | चेन्नई-मदुरै | 946 |
| दिल्ली-कोच्चि | 481 | हैदराबाद-विशाखापत्तनम | 942 |

स्रोतः ओएजी, उड़ानों की संख्या जुलाई-सितंबर के लिए

### अंतराष्ट्रीय मार्गः ब्रिटेन के लिए सीटें 25% बढ़ीं, मलेशिया के लिए 22% घटीं

अगस्त के लिए ओएजी के सीट-क्षमता डेटा के मुताबिक, मुंबई-दुबई रूट सालाना 8% गिरावट के बावजूद भारत का सबसे व्यस्त अंतराष्ट्रीय रूट बना रहा। सऊदी अरब जाने वाली फ्लाइट्स की सीट क्षमता 7% बढ़कर 3.31 लाख, ब्रिटेन के लिए 25% बढ़कर 2.20 लाख हो गई। वहीं थाईलैंड के लिए 21%, मलेशिया के लिए 22%, श्रीलंका के लिए 13% और सिंगापुर के लिए 10% सीटें घटी हैं।

### जुलाई में फ्लाइट्स सबसे ज्यादा घटीं

**जुलाईः** सबसे बड़ी गिरावट, घरेलू उड़ानें 10%, अंतराष्ट्रीय 14% घटीं। **अगस्तः** जुलाई की तुलना में ज्यादा उड़ानें- मामूली रिकवरी। **सितंबरः** 2,923 उड़ानें घटीं, इंडिगो ने 2,158, एअर इंडिया ने 875 घटाईं।

### औसत किराया 15 महीने में 20.5% बढ़ा

• डीजीसीए के मुताबिक, इस साल जुलाई में घरेलू यात्री घटकर 120 लाख रह गए, जो जुलाई 2025 में 126.05 लाख थे। • 72 घरेलू रूटों पर औसत किराया मार्च 2025 से जून 2026 के बीच करीब 20.5% बढ़ गया। • रेटिंग एजेंसी इक्रा के मुताबिक, जुलाई में यात्री ट्रैफिक 4.8% और क्षमता तैनाती 7.8% घटी; अप्रैल-जुलाई में कुल ट्रैफिक ग्रोथ सिर्फ 0.1% रही।

**कंपनियां कड़े फैसले करने के लिए मजबूर**

इंडिगो के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा कि पश्चिम एशिया के संघर्ष से रूट बाधित हुए और ईंधन कीमतें बढ़ीं हैं। इससे एयरलाइनों को कुछ कड़े फैसले करने पड़े। मई में एयर इंडिया ने भी एयरस्पेस प्रतिबंधों और रिकॉर्ड ईंधन कीमतों का हवाला देकर जून-अगस्त के बीच कुछ अंतराष्ट्रीय रूट घटाने का ऐलान किया था।



**डील** • जरूरत से 70% ज्यादा कर्ज देने को तैयार बैंक

# बिड़ला की 'शेल डील' के लिए बैंकों में कर्ज देने की होड़ मची

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

कुमार मंगलम बिड़ला के नेतृत्व वाले आदित्य बिड़ला समूह को शेल के भारत स्थित रिन्युएबल एनर्जी कारोबार के अधिग्रहण के लिए 14,000 करोड़ का कर्ज चाहिए। इसके मुकाबले चार बैंकों ने 24,000 करोड़ तक देने की पेशकश की। यानी जरूरत से 70% ज्यादा। मामले से जुड़े लोगों के मुताबिक, एक्सिस और एसबीआई ने 7,000-7,000 करोड़, जबकि यूनियन बैंक और पंजाब नेशनल बैंक ने 5,000-5,000 करोड़ तक देने की पेशकश की है। कर्ज पर ब्याज दर 7.6% से 7.7% और अवधि 12 से 20 साल तक प्रस्तावित है। आदित्य बिड़ला रिन्युएबल, सोलएनर्जी पावर की 100% हिस्सेदारी लेगी। 5 गीगावॉट का अक्षय ऊर्जा कारोबार मिलेगा। सोलएनर्जी के पास स्प्रिंग एनर्जी है, जो भारत में शेल की रिन्युएबल एनर्जी एसेट्स का संचालन करती है।



**भास्कर नॉलेज** डील के मायने क्या?

### कमर्शियल पावर कंपनी बनने की तैयारी, अभी खुद के लिए बनाती है

भारत का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करना है। अदाणी, टाटा, जेएसडब्ल्यू, एनटीपीसी और ओएनजीसी जैसे समूह इस क्षेत्र में विस्तार कर रहे हैं। अब बिड़ला भी इस सेक्टर में बढ़ रहे हैं।

**क्षमता दोगुनीः** आदित्य बिड़ला रिन्युएबल के पास 4.4 गीगावाट क्षमता है, जिसका बड़ा हिस्सा अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंडाल्को जैसी समूह कंपनियों की जरूरतों के लिए है। स्प्रिंग एनर्जी की 5 गीगावाट क्षमता जुड़ने से पोर्टफोलियो 9.3 गीगावाट हो जाएगा। लक्ष्य 20 गीगावाट से ज्यादा क्षमता का है। यानी कंपनी राज्यों और दूसरे खरीदारों को बिजली बेच सकेगी।

**प्लांट के साथ लंबी कमाईः** स्प्रिंग के कई प्रोजेक्ट लंबी अवधि के बिजली खरीद समझौतों से जुड़े हैं, जिनमें बिजली की कीमत पहले से तय होती है। इन्हें लंबी अवधि की निश्चित आय वाली संपत्ति की तरह देखा जा सकता है।

**तैयार ग्रिड कनेक्शन मिलेगाः** नए सौर-पवन प्रोजेक्ट में जमीन और प्लांट के साथ ग्रिड तक बिजली पहुंचाना बड़ी चुनौती है। स्प्रिंग के चालू प्रोजेक्ट पहले से ग्रिड से जुड़े हैं। इससे बिड़ला को समूह को तैयार प्लेटफॉर्म मिलेगा।

### कॉरपोरेट अधिग्रहणों में बढ़ा भारतीय बैंकों का दखल...

रिजर्व बैंक ने 1 जुलाई से घरेलू बैंकों को कॉरपोरेट अधिग्रहणों के लिए कर्ज देने की अनुमति दी है। जनवरी से 15 अगस्त तक भारतीय बैंकों का कर्ज 18.3% बढ़कर 220 लाख करोड़ हो गया। बैंकों ने प्रवासी भारतीयों से रिकॉर्ड 12 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं, जिससे बैंकिंग सिस्टम की लागत कम होने की उम्मीद है।

## बिजनेस ब्रीफ

### एनएसईः 'सुप्रीम' केस खत्म, IPO की बाधा दूर

**मुंबई** | सुप्रीम कोर्ट द्वारा सेबी की अपील खारिज किए जाने से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के खिलाफ चल रहा को-लोकेशन और डार्क फाइबर विवाद खत्म हो गया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और के. विनोद चंद्रन की बेंच ने सैट के आदेश रद्द कर दिए। इस पुराने कानूनी संकट के खत्म होने से, अब देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज के लंबे समय से अटके हुए आईपीओ का रास्ता साफ हो गया।

### भारत अब आईफोन का चौथा सबसे बड़ा बाजार

**नईदिल्ली** | अप्रैल-जून तिमाही में भारत वैश्विक स्तर पर आईफोन शिपमेंट का चौथा सबसे बड़ा बाजार रहा। अब सिर्फ अमेरिका, चीन और जापान भारत से आगे रह गए हैं। एपल ने बीती तिमाही भारत में 34.5 लाख आईफोन भेजे, जो वैश्विक शिपमेंट का 6.25% है। इससे भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एपल की हिस्सेदारी 10% से ऊपर निकल गई है। वैश्विक शिपमेंट 5.512 करोड़ फोन का रहा।

### सर्विस सेक्टर की ग्रोथ तेज, पीएमआई 54 पार

**मुंबई** | एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई अगस्त में 54.1 पर पहुंच गया। जुलाई में यह 53.3 पर था। हालांकि यह अब भी मार्च, 2022 के बाद दूसरा सबसे कमजोर स्तर है। इसके बावजूद सर्विसेज कंपनियों ने एक साल से ज्यादा समय में सबसे तेज रफ्तार से भर्तियां कीं। नए ऑर्डर और आउटपुट में सुधार हुआ, लेकिन कारोबार बढ़ने को लेकर भरोसा औसत से नीचे रहा।

### वाट्सएपः भारत में बिल पेमेंट की सुविधा शुरू की

**नई दिल्ली** | वाट्सएप ने गुरुवार को भारत में बिल पेमेंट सर्विस शुरू की। यह भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) से जुड़ी है। इसमें 30 श्रेणियों के 22,000 से ज्यादा बिलर्स शामिल हैं। इसके यूजर अब एप में ही बिजली, गैस, पानी, एफएएसटैग जैसे बिल यूपीआई, डेबिट या क्रेडिट कार्ड से चुका सकते हैं। यह सुविधा धीरे-धीरे पूरे देश में उपलब्ध कराई जाएगी।

### नीदरलैंड्स ने 86 टन सोना लंदन शिफ्ट किया

**एम्स्टर्डम** | नीदरलैंड्स के डच सेंट्रल बैंक ने भू-राजनीतिक अशांति का हवाला देते हुए अमेरिका और कनाडा से 86 टन सोना लंदन स्थानांतरित कर दिया है। संकट में सोने की त्वरित ट्रेडेबिलिटी यानी खरीद-बिक्री बढ़ाने के लिए ऐसा किया गया है। नीदरलैंड्स के पास कुल स्वर्ण भंडार 612.4 टन है, जिसकी कीमत 2025 अंत में 72.2 अरब यूरो (₹7.9 लाख करोड़) थी।

**बड़ी राहत** • चैरिटी कमिश्नर ने जांच बंद की, कहा-सब नियमों के तहत

# टाटा संस के शेयर ट्रांसफर मामले में टाटा ट्रस्ट्स को क्लीन चिट, सिंह को झटका

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

टाटा ग्रुप में 35 साल पुराने एक शेयर ट्रांसफर विवाद के मामले में महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर ने टाटा ट्रस्ट्स को क्लीन चिट दे दी है। मामला नवाजबाई रतन टाटा ट्रस्ट (एनआरटीटी) से टाटा संस के 833 शेयर 1989 में नवल एच. टाटा (टाटा ट्रस्ट्स के मौजूदा चेयरमैन नोएल टाटा के पिता) को ट्रांसफर किए जाने से जुड़ा था। एनआरटीटी के ट्रस्टी विजय सिंह ने 10 जून को इस ट्रांसफर की स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। 2 सितंबर के आदेश में कमिश्नर ने शिकायत, ट्रस्ट के जवाब और दस्तावेजों की जांच के बाद कहा कि यह ट्रांसफर उस समय लागू कानून के मुताबिक ही हुआ था।

**भास्कर नॉलेज**

### आखिर शेयर ट्रांसफर का मामला विवाद में क्यों आया?

• नवाजबाई रतन टाटा ट्रस्ट को 1974 में सर रतन टाटा ट्रस्ट से 625 इक्विटी और 34 प्रेफरेंस शेयर कॉर्पस डोनेशन के रूप में मिले थे। 1979 के बोनस इश्यू से यह हिस्सेदारी बढ़कर 833 शेयर हो गई।
• आरोप था कि जनवरी 1989 में ट्रस्टी पद से नवल एच. टाटा के इस्तीफे के तुरंत बाद ये शेयर बिना पर्याप्त मूल्य, ट्रस्टी मंजूरी या दस्तावेजीकरण के उन्हें व्यक्तिगत रूप से ट्रांसफर कर दिए गए।

**टाटा संस के चेयरमैन की चयन प्रक्रिया अब भी अटकी...**शेयर ट्रांसफर मामला सुलझने के बावजूद ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के सामने बड़ी चुनौती बरकरार है। एसआरटीटी पर ट्रस्टी-ढांचा से जुड़ी एक अलग जांच के चलते बोर्ड मीटिंग करने पर रोक लगी है। इससे वह सर दोरबजी टाटा ट्रस्ट के साथ मिलकर टाटा संस के लिए संयुक्त प्रतिनिधि नामित नहीं कर पाया। यही वजह रही कि 18 अगस्त की टाटा संस एजीएम कोरम पूरा न होने से पहली बार स्थगित करनी पड़ी। मौजूदा चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने पहले ही कह दिया है कि फरवरी 2027 में कार्यकाल खत्म होने पर अगला टर्म नहीं लेंगे।

**सुधार** • सेबी समीक्षा के लिए तैयार हुआ

# सीएएसः सेटलमेंट प्राइस के तौर-तरीके बदलेंगे!

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

सेबी डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट के सेटलमेंट प्राइस तय करने के मौजूदा तरीके की समीक्षा करेगा। बाजार नियामक करीब एक हफ्ते में कंसल्टेशन पेपर जारी करके इसमें बदलाव का प्रस्ताव रख सकता है। यह कदम 3 अगस्त से लागू क्लोजिंग ऑक्शन सेशन (सीएएस) को लेकर ट्रेडर्स और बाजार के अन्य प्रतिभागियों की शिकायतों के बाद उठाया जा रहा है। सीएएस में बाजार बंद होने से पहले 20 मिनट के दौरान क्लोजिंग प्राइस तय होता है। इसी कीमत को एक्सपायरी पर डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट के सेटलमेंट प्राइस का आधार बनाया गया है। ट्रेडर्स का कहना है कि इस दौरान कीमतों में अचानक तेज उछाल और गिरावट आती है। सामान्य कारोबार के दौरान चल रही कीमत और सीएएस से तय क्लोजिंग प्राइस में बड़ा अंतर देखा गया है। एक्सपायरी वाले दिनों में यह असर ज्यादा रहता है। इस बीच सीएएस लागू होने के बाद अगस्त में डेरिवेटिव्स का टर्नओवर 14 महीनों के निचले स्तर पर आ गया। एफएंडओ (वायदा) टर्नओवर में 22% गिरावट दिसंबर 2024 के बाद सबसे बड़ी रही।

**रिपोर्ट** • भर्ती, वेतन से लेकर नाइट शिफ्ट तक की बाधाएं आम

# गाड़ियों की फैक्ट्रियों में महिलाओं की हिस्सेदारी सबसे कम सिर्फ 8.7 फीसदी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

भारत की ऑटो इंडस्ट्री कुशल कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है, लेकिन फैक्ट्रियों में महिलाओं की भागीदारी अब भी बेहद कम है। वाहन और कलपुर्जा कंपनियों के कुल कर्मचारियों में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 8.7 फीसदी है। यानी फैक्ट्रियों की 91% से ज्यादा नौकरियां पुरुषों के पास हैं। यह जानकारी गुड बिजनेस लैब (जीबीएल) की 2023 से 2026 के बीच की गई तीन साल की स्टडी में सामने आई है।

यह अध्ययन ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एक्मा) के साथ और गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

### ईवी सेक्टर में महिलाओं के लिए मौके बढ़े, कुछ प्लांट में 80% तक महिला

इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर तस्वीर बदल रहा है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर के हलोल बैटरी असेंबली प्लांट में 80% कर्मचारी महिलाएं हैं और वे तीनों शिफ्ट में काम करती हैं। टाटा मोटर्स में 6,500 से ज्यादा और हीरो मोटोकॉर्प में 3,500 महिलाएं फैक्ट्री फ्लोर पर हैं। ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) और हीरो मोटोकॉर्प ने ऑटो सेक्टर की नौकरियों के लिए 20,000 महिलाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है।

### पुरुषों के मुकाबले 70% ही कमाई

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ब्लू-कॉलर ऑटो नौकरियों में पुरुषों की हर ₹100 की कमाई के मुकाबले महिलाओं को करीब ₹70 मिलते हैं। भर्ती, काम के बंटवारे और नाइट शिफ्ट की पाबंदियां भी हिस्सेदारी सीमित करती हैं। 2025 में इंजीनियरिंग-आईटीआई में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 6.2% थी।

**रियल्टी** • जमीन की कीमत सबसे तेज बढ़ रही

# 5 साल में घर बनाने की लागत 34% बढ़ी, कीमतें 59% चढ़ीं

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

देश के बड़े शहरों में घरों की कीमतें निर्माण लागत से करीब दोगुनी रफ्तार से बढ़ी हैं। एनारॉक के मुताबिक, टॉप-7 शहरों में 2021 से 2025 के बीच निर्माण लागत 34% बढ़ी, जबकि घरों की औसत कीमत 59% चढ़ी। निर्माण लागत 2,681 से 3,604 प्रति वर्गफुट हुई, जबकि बिक्री भाव 5,826 से बढ़कर 9,260 पहुंच गया। इस अंतर की बड़ी वजह जमीन की बढ़ती कीमत है, जो निर्माण लागत में शामिल नहीं होती। 2021 से 2026 की पहली छमाही तक टॉप-7 शहरों में जमीन 50-120% महंगी हुई। एनसीआर में भाव 70-130% और बेंगलुरु में 60-120% तक बढ़े। एनारॉक ग्रुप के वाइस चेयरमैन संतोष कुमार के मुताबिक, बुनियादी ढांचे के विकास, मांग-आपूर्ति, लोकेशन प्रीमियम और डेवलपर्स की प्राइसिंग से घर महंगे हुए हैं।मध्य पूर्व में मार्च-जुलाई के तनाव से निर्माण लागत पर अतिरिक्त 8-10% दबाव पड़ा। स्टील करीब 20% और ईंधन व साइट लॉजिस्टिक्स 15-20% महंगे हुए।

### निर्माण से दोगुनी रफ्तार से बढ़े घरों के दाम...

| ये खर्च बढ़े | 2021 | 2025 | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| निर्माण लागत | ₹2,681/वर्गफुट | ₹3,604 | 34% |
| प्रीमियम निर्माण लागत | ₹3,861 | ₹5,370 | 39% |
| घरों का बिक्री भाव | ₹5,826 | 9,260 | 59% |

स्रोतः एनारॉक रिसर्च

**वाई-वाई नूडल्स का मामला**

### फर्श पर गिरे, टूटे नूडल्स का इस्तेमाल, कार्रवाई

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

वाई-वाई नूडल्स बनाने वाली कंपनी सीजी फूड्स इंडिया के खिलाफ खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने कड़ी कार्रवाई शुरू की है।

राजस्थान के अजमेर के रूपनगढ़ में जांच के दौरान कंपनी में फर्श पर गिरे और टूटे नूडल्स को दोबारा इस्तेमाल करके भुजिया बनाने का मामला मिला। जांच में यह भी पाया गया कि इन नूडल्स को गर्म करके सुरक्षित करने की प्रक्रिया भी नहीं अपनाई जा रही थी। जांच में पैकेट पर पुरानी तारीख डालने और बिना लाइसेंस भुजिया बनाने की बात भी सामने आई। एफएसएसएआई ने 1,925 बॉक्स एक्सपायर्ड तैयार प्रोडक्ट जब्त कर लिए हैं। कंपनी को बिना जरूरी मंजूरी के वेज भुजिया नमकीन बनाना बंद करने का निर्देश दिया गया है। लैब जांच के बाद आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**दिलचस्प** • मध्य-पूर्व के अरबपति गर्मी से बचने लंदन जा रहे, 6 लाख रुपए खर्च कर लग्जरी कारें भी साथ ले जा रहे




**लंदन** | मध्य-पूर्व के अरबपति गर्मी से बचने लंदन जाते समय पसंदीदा सुपरकारें भी साथ लाते हैं। कार को खाड़ी देशों से लंदन हवाई जहाज से भेजने और वापस लाने में करीब 50 हजार पाउंड यानी ₹6.3 लाख खर्च होता है। लेकिन पार्किंग के नियमों की बात आते ही तस्वीर बदल जाती है। 2018-22 में यूएई नंबर वाली गाड़ियों के 13,423 चालान हुए, लेकिन सिर्फ 1% का भुगतान हुआ। वजह यह भी है कि खाड़ी देशों से वाहन मालिकों की जानकारी मिलना ब्रिटिश स्थानीय प्रशासन के लिए मुश्किल है। हालांकि अगस्त में लंदन पुलिस ने करीब 10,000 करोड़ की 90 गाड़ियां जब्त कीं।

**₹1.2 लाख करोड़ की डील**

### एनवीडिया ने एआई फर्म हगिंग फेस को खरीदा

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

एनवीडिया ने एआई स्टार्टअप हगिंग फेस को करीब 13 अरब डॉलर (₹1.2 लाख करोड़) में खरीदने का करार किया है। इसे एनवीडिया का अब तक का सबसे बड़ा अधिग्रहण बताया जा रहा है। डील में हगिंग फेस के एनवीडिया से जुड़ने वाले कर्मचारियों के लिए 1 अरब डॉलर (₹9,452 करोड़) तक का शेयर आधारित प्रोत्साहन भी शामिल है। हगिंग फेस प्लेटफॉर्म पर डेवलपर्स एआई मॉडल और डेटा सेट साझा करते हैं। एनवीडिया ने कहा है कि अधिग्रहण के बाद भी प्लेटफॉर्म खुला रहेगा और डेवलपर्स मॉडल व डेटा अपलोड-डाउनलोड कर सकेंगे। एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग का फोकस ओपन-सोर्स एआई को बढ़ावा देने और एआई का विस्तार करने पर है। एनवीडिया पहले से हगिंग फेस में निवेशक रही है।

**बिजनेस एंकर** आम भाषा में लिखे निर्देशों से जटिल वर्कफ्लो बनाने वाले भारतीय टूल पर बड़ा दांव

# अमेरिकी टेक दिग्गज अडोबी ने सिर्फ 11 महीने पुराने भारतीय एआई स्टार्टअप रिलो को खरीदा, इसे आईआईटी बॉम्बे के बैचमेट ध्रुव, जॉर्जी ने शुरू किया था

पीरजादा अबरार | बेंगलुरु

अमेरिकी टेक दिग्गज अडोबी ने सिर्फ 11 महीने पुरानी इस भारतीय स्टार्टअप को खरीद लिया है। यह अडोबी की भारत में दूसरी जानी-मानी डील है। इससे पहले 2023 में उसने जनरेटिव एआई वीडियो कंपनी रीफ्रेज.एआई को खरीदा था। हालांकि नई डील कितने में हुई, इसकी जानकारी ने तो अडोबी ने और न ही रिलो ने अब तक सार्वजनिक की है। रिलो को सितंबर 2025 में आईआईटी बॉम्बे के बैचमेट्स ध्रुव जगलान और जॉर्जी बॉबी ने शुरू किया था। शुरुआत में यह आम भाषा में लिखे निर्देशों से जटिल वर्कफ्लो बनाने वाला टूल था, जो गैर-तकनीकी यूजर्स के लिए भी सैकड़ों टूल्स पर काम करने वाले एआई एजेंट तैयार कर सकता था। धीरे-धीरे यह मार्केटिंग और जीटीएम (गो-टू-मार्केट) टीमों के लिए "एआई एम्प्लॉई' प्लेटफॉर्म में बदल गया। जीटीएम टीम किसी कंपनी के प्रोडक्ट या सर्विस को बाजार में उतारने और ग्राहकों तक पहुंचाने का काम करती है।

बहरहाल रिलो प्रतिस्पर्धी विश्लेषण, प्रॉस्पेक्टिंग, लिंक्डइन आउटरीच, रेडिट मार्केटिंग और कैंपेन रिसर्च जैसे काम संभालते हुए एंथ्रोपिक के क्लॉड कोवर्क का शुरुआती प्रतिद्वंद्वी तक बन गया। लोकप्रियता इतनी तेजी से बढ़ी कि लॉन्च के कुछ महीनों में रिलो 10,000 से ज्यादा यूजर्स जोड़ चुका था। डील के बाद सह-संस्थापक ध्रुव जगलान ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'रिलो अब अडोबी के साथ जुड़कर फॉर्च्यून 500 मार्केटर्स तक एआई पहुंचाने में मदद करेगा।' डील के पीछे रणनीति साफ है- एजेंटिक एआई मार्केटिंग की रेस तेज हो चुकी है, एंथ्रोपिक अपना 'क्लॉड फॉर मार्केटियर्स' ला चुकी है और खुद अडोबी अप्रैल में सीएक्स एंटरप्राइज नाम से अपना एजेंटिक सिस्टम लॉन्च कर चुका है। ऐसे में कई साल लगाकर खुद टेक्नोलॉजी विकसित करने की बजाय अडोबी ने एक तैयार, तेजी से बढ़ती टीम और प्रोडक्ट को सीधे खरीदना बेहतर समझा। साथ ही आईआईटी जैसे संस्थानों के युवा एआई टैलेंट तक भी सस्ती और तेज पहुंच मिल गई।

**945 करोड़ रु. के वैल्युएशन पर फंडिंग हासिल कर चुकी रिलो, डील का खुलासा नहीं**



रिलो को इससे पहले पीक एक्सवी, जी47/डीवीसी और डे जीरो वेंचर्स जैसे निवेशकों से करीब 945 करोड़ रुपए के वैल्युएशन पर फंडिंग मिली थी। इस स्टार्टअप से जुड़े लोगों के मुताबिक, यह डील पूरी कंपनी खरीदने की बजाय टेक्नोलॉजी लाइसेंसिंग और 6 सदस्यों वाली टीम को अडोबी में शामिल करने के तरीके से हुई है। यह अडोबी की मार्केटिंग-एआई खरीदारी की बड़ी लिस्ट में जुड़ी है। पिछले साल कंपनी ने 17,958 करोड़ रुपए में सेमरश के साथ भी ऐसी ही डील की थी।

सीईईडब्ल्यू की स्टडी में बड़ा दावा...

# कारपूलिंग, बस से टॉप-20 देशों में सालाना 8.5 लाख करोड़ बचेंगे

सुधीर पाल सिंह | नई दिल्ली

जी20 देशों में लोग कारपूलिंग, बसों का ज्यादा इस्तेमाल करें और हफ्ते में कुछ दिन घर से काम कर लें तो 2050 तक वाहनों से प्रदूषण हर साल 40.8-53.8 करोड़ टन घट सकता है। साथ ही इन देशों को सालाना ₹8.5 लाख करोड़ के तेल खर्च की बचत होगी। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) की स्टडी में यह अनुमान लगाया गया है।

स्टडी के मुताबिक, 2025 से 2050 के बीच इन बदलावों से परिवहन में तेल की खपत 271.5 करोड़ टन कम हो सकती है। यह 2024 में दुनिया की कुल तेल मांग के करीब 59% है। अप्रैल में कच्चे तेल के दाम के आधार पर इसकी कुल कीमत करीब ₹217 लाख करोड़ बैठती है। कारपूलिंग, हाइब्रिड वर्क, बसों के इस्तेमाल से प्रदूषण में कुल कमी में विकसित देश, चीन 80-88% योगदान दे सकते हैं।

### अमेरिकी भारतीय से 56 गुना प्रदूषण घटा सकते हैं

एक औसत अमेरिकी की उत्सर्जन घटाने की क्षमता एक भारतीय की तुलना में 56 गुना तक है। सीईईडब्ल्यू ने जी20 देशों से जलवायु नीतियों में लोगों की यात्रा संबंधी आदतें बदलने से होने वाली बचत मापने का सुझाव दिया है।

संपादकीय

# नागपुरात झाले, पुण्यात कधी?

**गणेशोत्सवाच्या** तोंडावर पुण्यात डीजेला बंदी घालण्याच्या मुद्द्यावर रणकंदन सुरू असताना गणरायाने नागपूरचे पोलिस आयुक्त विश्वास नांगरे पाटील यांना वेळेवर बुद्धी दिली. गणपती, नवरात्र, दसरा-दिवाळी आनंदात साजरी व्हावी. त्यासाठी ध्वनिमर्यादेचे पालन व्हावे, त्यातून उत्सवाचा आनंद द्विगुणित व्हावा. यासाठी योग्य वाद्ये वगळता अधिक आवाजाच्या, विशेषतः मल्टिलेअर डॉल्बी साउंडवर सण-उत्सवांच्या काळात, १ नोव्हेंबरपर्यंत नागपुरात पूर्णतः निर्बंध घालणारा आदेश नांगरे पाटील यांनी गुरुवारी काढला आहे. याचवेळी पुण्यात मात्र धोकादायक डीजेला विरोध करणारे विद्यानंद बापट यांना ते नागरिकांची मते जाणून घेत असताना, माध्यमांशी बोलत असताना गणेश मंडळाच्या एका माजी अध्यक्षाने मारहाण केली. डीजेच्या वापराबाबत अत्यंत स्पष्ट तार्किक आणि वैज्ञानिक भूमिका मांडणारे विद्यानंद बापट यांच्यावरील हल्ल्याचा, धार्मिक भावनांच्या नावाखाली सुरू असलेल्या झुंडशाहीचा तीव्र शब्दांत निषेध करायला हवा. हे विद्यानंद बापट खरेच अवलिया आहेत. धार्मिक भावना व विज्ञान यातील सरमिसळ उलगडून दाखविणारे त्यांचे विचार, बोलणे, मुद्दे साऱ्यांत स्पष्टता आहे. आपण नास्तिक असलो तरी इतरांच्या आस्तिकतेचा आदर करतो, हे त्यांचे म्हणणे खरे लोकशाहीवादी आहे. तथापि, त्यांचे मुद्दे खोडून काढता येत नसल्यानेच आधी गोंधळ घालून त्यांना बैठकीतून बाहेर काढले. तरीही त्यांनी डीजेबंदीची मागणी सोडली नाही. तेव्हा, त्यांच्यावर हल्ला करण्यात आला. पुण्याला असे वादविवाद नवे नाहीत. किंबहुना एकाच विषयाचे असे वेगवेगळे पदर उलगडून सांगणे, प्रसंगी हमरीतुमरीवर उतरून वाद घालणे, हा समस्त पुणेकर जन्मसिद्ध हक्क समजतात. पुणेकरांना त्याचा अभिमान तर पुण्याबाहेरच्या मंडळींना हेवा वाटावा, इतके हे स्थलवैशिष्ट्य ठळक आहे. खरेतर बापट या वैशिष्ट्याचा वारसा पुढे चालवताहेत आणि तरीदेखील या मुद्द्यावर पुण्यात दोन फळ्या पडल्या आहेत. सामान्य नागरिक एका बाजूला आणि राजकीय नेत्यांची वर्तुळे दुसऱ्या बाजूला आहेत. एकप्रकारे हा संघर्ष सामाजिक विरुद्ध राजकीय असा आहे. उत्सवांचे पावित्र्य, श्रद्धा आता पार मागे पडल्या आहेत. हा व्यवसाय बनला आहे. अशा सगळ्याच परंपरांना व्यवसायाचे किंवा धंद्याचे स्वरूप आले असताना हे सारे राजकीय नेत्यांना समजत नाही असे नाही. ध्वनिप्रदूषण, आरोग्याचे धोके, उत्सवांचे ओंगळवाणे स्वरूप वगैरे सारे त्यांना समजतेच. परंतु, ते अगतिक आहेत. वर्षभर गणेशोत्सव, नवरात्र, शिवजयंती वगैरे उत्सवाची रेलचेल आणि त्यावर जगणारा कार्यकर्त्यांचा वर्ग ही ती अगतिकता आहे. बेरोजगार युवकांचा भरणा असलेली ही फौज नगरसेवकांपासून ते खासदारांपर्यंत तमाम राजकीय नेते पदरी बाळगतात. ज्यांच्याकडे अधिक कार्यकर्ते ते नेते मोठे, असे सरळ समीकरण आहे आणि हे केवळ मुंबई, पुणे, नागपूर, छत्रपती संभाजीनगर अशा मोठ्या शहरांतच आहे असे नाही. गावखेड्यांपर्यंत हीच परिस्थिती आहे. बेकारांच्या हाताला काम देण्यापेक्षा त्यांना सण-उत्सवात नाचवत ठेवणे लोकप्रतिनिधींसाठी सोपे आहे. हेच नेते इतरवेळी म्हणतात, उत्सवांचे बाजारीकरण बंद करायला हवे, शुद्ध धार्मिक व सामाजिक स्वरूप जपायला हवे आणि दुसरीकडे कार्यकर्ते नाराज होण्याच्या भीतीने सामाजिक व वैज्ञानिक दृष्टिकोन धुडकावून लावतात. आपल्या राजकारणाचा हा संतापजनक दुतोंडीपणा आहे. कारण, डीजेचा दणदणाट अनेकदा १००-१४५ डेसिबलपर्यंत जातो आणि ८५ डेसिबलपेक्षा जास्त सततचा आवाज रक्तदाब वाढवतो, हृदयाच्या ठोक्यांवर परिणाम करतो, आधीच्या शारीरिक समस्या जीवघेण्या बनवतो. लहान मुले, ज्येष्ठ नागरिक आणि हृदयविकार असलेल्यांना डीजेचा जास्त धोका आहे. तो लोकांना बहिरे बनवतो, प्रसंगी हृदयाघात घडवून जीव घेतो, गरोदर स्त्रियांच्या पोटातील गर्भावर किंवा नवजात बालकांवर आवाजाचा, जीवघेण्या कंपनांचा आयुष्यभरासाठी दुष्परिणाम होतो. पाळीव प्राणी व मुक्या जिवांची घालमेल तर आणखीच भयंकर. हा सगळा विचार करूनच उच्च व सर्वोच्च न्यायालयाने याच आधारे निर्बंध घातले आहेत. सायलेंट झोनपासून ते औद्योगिक परिसरापर्यंत आवाजाला विशिष्ट डेसिबलच्या मर्यादा घालून दिल्या आहेत. तरीदेखील हे सारे चालू ठेवावे असे म्हणणारी बहुसंख्य डोकी आमच्या बाजूने आहेत, असा युक्तिवाद केला जात असेल तर ते सत्य-असत्याशी मन ग्वाही करणाऱ्या संत तुकारामांच्या 'मानियले नाही बहुमता' उक्तीला थेट छेद देणारे आहे. धार्मिक हक्क व भावनांचे पालूपद लावणाऱ्या झुंडी हे विसरल्यात की, एकूणच नागरिकांचे स्वातंत्र्य त्याहून मोठे असते. कुणा एकाच्या जीवाशी खेळ हे कुणा दुसऱ्याचे स्वातंत्र्य नाही. हे समजून घेण्याची बुद्धी गणरायाने या मंडळींना द्यायला हवी.

# राजकारणाचा आखाडा अन् राहुल गांधींचा 'पंच'

**राहुल गांधी यांनी नाशिकमध्ये दिलेला सल्ला काँग्रेसच्या संघटनशक्तीत आणि रणनीतीत उतरला तरच नाशिकचा मिनी काँग्रेसकुंभ यशस्वी होईल.**



यदु जोशी
राजकीय संपादक, लोकमत

**लोकसभेतील** विरोधी पक्षनेते राहुल गांधी नाशिक दौऱ्यात केवळ मंचावर उभे राहून कार्यकर्त्यांना उपदेश करणाऱ्या नेत्याच्या भूमिकेत दिसले नाहीत. काँग्रेसच्या शिबिरात त्यांनी जिल्हाध्यक्षांशी संवाद साधला, त्यांच्या अडचणी समजून घेण्याचा प्रयत्न केला आणि मार्शल आर्टचे धडे देताना स्वतः मैदानात उतरले. राजकारणात नेत्याने कार्यकर्त्यांना 'लढा' असे सांगणे सोपे असते; पण स्वतः त्यांच्यात उतरून लढण्याची पद्धत दाखवणे वेगळे असते. राहुल गांधींच्या अलीकडच्या राजकारणात दिसणारा हा बदल त्यामुळेच लक्षवेधी ठरतो.

'भारत जोडो' यात्रेपासून राहुल गांधींच्या राजकीय शैलीत एक वेगळा बदल जाणवू लागला आहे. 'दूरस्थ नेता' ही जुनी प्रतिमा मागे टाकून कार्यकर्त्यांमध्ये मिसळणारा, त्यांच्याशी थेट संवाद साधणारा नेता अशी नवी प्रतिमा निर्माण करण्याचा त्यांचा प्रयत्न दिसतो. नाशिकच्या शिबिरात जिल्हाध्यक्ष आणि प्रमुख नेत्यांना संघटनेचे महत्त्व समजावताना 'कार्यकर्त्यांनी जनतेत मिसळावे, स्थानिक प्रश्न हातात घ्यावेत, उत्पादन आणि रोजगाराच्या मुद्द्यांवर संघर्ष करावा, तरुणांनी शारीरिक, मानसिक आणि आर्थिकदृष्ट्या सक्षम व्हावे', असा संदेश त्यांनी दिला.

काँग्रेसचे ७० जिल्हाध्यक्ष सकाळी ७:००ला झेंडावंदनासाठी तयार असायचे आणि मार्शल आर्ट, प्राणायामानंतर दिवसभर काँग्रेसच्या भविष्यातील दिशेबाबत मंथन - चिंतन करायचे, असे नाशकात १० दिवस चालले. प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ यांनी हा वेगळा प्रयोग केला. मुळात काँग्रेसवाले सकाळी साडेपाच - सहाला उठतात हीच बातमी आणि त्यात ते दिवसभर चिंतन करतात, ही तर ब्रेकिंग न्यूजच.

**राहुल यांचे कौतुक कशासाठी?**

शिबिराच्या समारोपावेळी राहुल गांधी चक्क मार्शल आर्टचे धडे देण्यासाठी मैदानात उतरले. काँग्रेसला सध्या याच धड्याची सर्वाधिक गरज आहे. मार्शल आर्टमध्ये पहिला नियम असतो, 'शक्तीपेक्षा संतुलन महत्त्वाचे'. राजकारणातही तेच. केवळ आक्रमकता पुरेशी नसते. राग पुरेसा नसतो. योग्य वेळी, योग्य दिशेने आणि योग्य ताकदीने वार करता आला पाहिजे. त्यासाठी आधी स्वतःचा तोल सांभाळावा लागतो. काँग्रेससमोरील मोठी समस्या म्हणजे स्वतःच्या ताकदीवरचा हरवलेला विश्वास. संघटना कमकुवत झाली आहे, कार्यकर्ता जनतेपासून दूर गेला आहे, स्थानिक प्रश्नांवरील पक्षाची पकड सैल झाली आहे, हे मान्य करणे म्हणजे स्वतःच्या घरातील धूळ स्वतःच दाखवणे. राजकारणी सहसा आरशालाच दोष देतात. राहुल गांधी निदान आरशात पाहण्याचा प्रयत्न करताना दिसतात. त्यासाठी त्यांचे कौतुक करावे लागेल. आजाराचे निदान करण्याची



हिंमत असणे, ही उपचाराची पहिली पायरी असते.

**नाशिकचा काँग्रेसकुंभ**

राहुल गांधींनी काँग्रेसच्या राजकारणाची भाषा आणि कार्यपद्धती बदलण्याचा प्रयत्न सुरू केला आहे. पूर्वीचा संकोच बाजूला ठेवून कार्यकर्त्यांमध्ये जाणे, त्यांच्याशी संवाद साधणे आणि स्वतः मैदानात उतरणे, ही त्यांची नवी शैली आहे. 'रॉकी'मधील संजय दत्त आणि 'मुन्नाभाई'मधील संजय दत्त यांच्या परिपक्वतेत जसा जमीन- अस्मानाचा फरक दिसतो, तसा काहीसा फरक राहुल गांधींच्या राजकीय शैलीतही जाणवतो. हा बदल किती परिणामकारक ठरेल, हे मात्र अजून सिद्ध व्हायचे आहे. कारण शिबिरातला सराव आणि निवडणुकीतला सामना यात जमीन- अस्मानाचे अंतर असते.

काँग्रेसने इतकी वर्षे बचाव केला. आता आक्रमक राजकारण करायचे असेल तर आधी पाय जमिनीवर घट्ट रोवावे लागतील. पंच मारण्यापेक्षा पंच कुठे मारायचा, हे अधिक महत्त्वाचे असते. प्रत्येक मुद्द्यावर ओरडणे म्हणजे संघर्ष नव्हे. मतदारांच्या जगण्याशी जोडलेला योग्य प्रश्न ओळखणे, त्यावर सातत्याने लढणे आणि त्या लढ्याला संघटनेची ताकद देणे, हे खरे राजकीय मार्शल आर्ट आहे. राजकारणात पडणे लाजिरवाणे नाही. पडून पुन्हा उभे राहण्याची ताकद गमावणे, हीच खरी हार आहे. राहुल गांधींच्या नाशिक दौऱ्याचे महत्त्व याच ठिकाणी आहे. त्यांनी काँग्रेसला केवळ दुसऱ्याशी लढण्याचा धडा दिलेला नाही; आधी स्वतःला तयार होण्याचा संदेश दिला आहे. निष्क्रियतेपेक्षा प्रयोग चांगला आणि पराभवाच्या भीतीपेक्षा मैदानात उतरण्याची तयारी नक्कीच चांगली. पण शेवटी खरी परीक्षा शिबिरात होणार नाही. ती मतपेटीत होईल.

मार्शल आर्टमध्ये प्रतिस्पर्ध्याचा वार चुकवता येतो. पण, लोकशाहीत मतदारांचा निर्णय चुकवता येत नाही. मतदारच शेवटचा पंच असतो. तो लागला की, कोणाचा राजकीय फिटनेस खरा आणि कोणाचा केवळ शिबिरापुरता, हे स्पष्ट होते. राहुल काँग्रेसला पुन्हा उभे करण्याचा प्रयत्न करत असतील, तर त्या प्रयत्नाचे कौतुक व्हायलाच हवे. मात्र, आता या प्रयत्नाला मैदानाबाहेरची टाळी नव्हे, तर मैदानातील कामाची साथ लागेल. नाशिकमध्ये काँग्रेस नेत्यांना त्यांनी दिलेला सल्ला हा काँग्रेसच्या संघटनशक्तीत, जनसंपर्कात आणि निवडणुकीच्या रणनीतीत उतरला, तरच नाशिकचा काँग्रेसकुंभ यशस्वी होईल.

**जाता जाता**

काँग्रेसमध्ये तरुणांना आमदारकी, खासदारकी देऊ, असे राहुल गांधींनी म्हटले आहे. वर्षानुवर्षे जागा अडवून बसलेल्यांना ते व्हीआरएस देतील का? जुन्या रक्तवाहिन्या तरुण रक्ताला वाहू देतील का? तरुणांना तिकिटे देणार की, नेत्यांच्या तरुण मुलांना? राहुल यांनी तरुणांना संधीची पाटी पक्षाच्या दारावर लावली आहे, फक्त जुन्या चौकीदारांनी तरुणांना अडवू नये एवढेच.

yadu.joshi@lokmat.com

अन्वयार्थ

# ओबीसींमधील क्रीमी लेअर कोण आणि नॉन क्रीमी लेअर कोण?

**क्रीमी लेअरसंदर्भात निकष क्र. २ मध्ये पदश्रेणी आणि आर्थिक उत्पन्न या दोन्ही बाबी आहेत. मात्र केवळ आर्थिक निकषांचा आधार घेतल्याने अन्याय होतो.**



नितीन चौधरी
मुख्य संयोजक, राष्ट्रीय ओबीसी मुक्ती मोर्चा

**ओबीसींमध्ये** क्रीमी लेअर कोण आणि नॉन क्रीमी लेअर कोण तसेच ते वगळण्यासाठी वेगवेगळ्या व्यक्तींसाठी वेगवेगळे निकष आहेत. पालकांचे कार्य तसेच आर्थिक उत्पन्नाच्या आधारावर त्यांचा पाल्य क्रीमी लेअर किंवा नॉन क्रीमी लेअर ठरतो. परंतु याबाबतीत ओबीसीवर्ग गेल्या ३३ वर्षांपासून (१९९३-२०२६) गोंधळलेला आहे. प्रशासकीय अधिकारी निकषांचे अर्थ आपल्या मनमानीपणाने ठरवतात.

मुळातच विसंगतीपूर्ण असलेल्या क्रीमी लेअर निकषाच्या अनुषंगाने ११ मार्च २०२६ रोजी सर्वोच्च न्यायालयाने एक निर्णयही दिला आहे. ओबीसींच्या क्रीमी लेअर संबंधित निकष क्र. २ मधील विसंगतीसोबतच त्या आधारे क्रीमी लेअर ठरवण्यातून ओबीसी उमेदवारांवर झालेला अन्याय समजून घेता येईल. निकष क्र. २ मध्ये पदश्रेणी आणि आर्थिक उत्पन्न या दोन्ही बाबी दिलेल्या आहेत. मात्र सरकारी अधिकारी केवळ आर्थिक निकषांचा आधार घेऊन बहुसंख्य ओबीसींना प्रमाणपत्र देणे नाकारतात. यामुळे अनेक ओबीसी उमेदवार व विद्यार्थ्यांवर अन्याय होत आहे.

खास करून केंद्र व राज्य सरकारी नोकरीबाबत स्वतंत्र व स्पष्ट निकष क्र. २ अ असतानाही अज्ञानामुळे प्रमाणपत्र मिळवताना गोंधळ होतो व अडचणी येतात. पगाराची आर्थिकता ध्यानात घेऊन बरेच पालक स्वतःला क्रीमी लेअर समजून पुढे जात नाही. संबंधित अधिकाऱ्यास यामुळे ओबीसी प्रवेशात मनमानी अडथळे करण्यास प्रचंड वाव दिसून आला आहे.

क्रीमी लेअरबाबत नोकरीतील व्यक्ती/पालक संबंधित एक निकष क्र. २ अ-केंद्रीय व राज्य सेवेतील पदाच्या संदर्भात आहे. त्यातीलच निकष क्र. २ क हा सार्वजनिक उपक्रम व खाजगी संस्था सेवेतील समकक्ष व समतुल्य पदावर कार्यरत व्यक्तींच्या संबंधित आहे. या २ क मध्ये अधिकचे एवढेच आहे की, या सेवेतील पदे समकक्ष व तुलनीय आधारावर दाखवणे आवश्यक आहे. निकष क्र. २ क हा निकष क्र. २ अ प्रमाणे लागू करता येऊ शकतो. हे शक्य नसेल तरच पगार / आर्थिक मिळकतीचा आधार लावण्यात यावा.

सार्वजनिक उपक्रम, बँक, विमा संस्था संबंधाने वित्त विभागाने ६ डिसेंबर २०१७ ला म्हणजे २४ वर्षांनी (१९९३-२०१७) समकक्ष पदाबाबत आपले स्पष्टीकरण दिले. तोपर्यंत ओबीसी कन्फ्यूज ठेवले गेले. खाजगी संस्था उपक्रमातील व्यक्तींसाठी (दि. ११ मार्च २०२६ - सर्वोच्च न्यायालयाचा निकाल) कार्मिक व प्रशिक्षण विभागाच्या स्पष्टीकरण परिपत्रक १४-१०-२००४ चा एकतर्फी नव्हे तर, एककल्ली असा पदश्रेणीऐवजी उत्पन्न मर्यादा हाच आधार घेण्यात आल्याचे दिसून आले आहे. असे करताना क्रीमी लेअर निकष क्र. २ क चा अर्थ लावताना निकष क्र. २ अ च्या निर्देशनाशी ते विसंगत होईल. याकडे दुर्लक्ष केले जाते, हे ११ मार्चच्या निकालावरुन दिसून येते. जर क्रीमी लेअर ठरवताना निकष क्र. २ अ (सरकारी नोकरी)चा आधार घेतला असता तर, दि. ११ मार्चच्या निकालाची गरजच राहिली नसती.

यामुळे आजपावेतो ओबीसीतील शेकडो उमेदवारांना विविध केंद्रीय सरकारी नोकरीपासून वंचित राहावे लागलेले असू शकते. सर्वोच्च न्यायालयाने सरकारी नोकरी व सार्वजनिक/खाजगी नोकरी संबंधित निकषातील भेदभाव स्पष्ट केला आणि नाकारल्या गेलेल्या शेकडो ओबीसी विद्यार्थ्यांचा नागरी सेवेचा मार्ग प्रशस्त केला. न्यायालयाने अशा सर्व ओबीसी उमेदवारांची पूर्वलक्षी स्वरूपात नेमणूक करण्याचा निर्णय दिला आहे. या निर्णयाचा आधार घेऊन इतर उपक्रमातील उत्तीर्ण ओबीसी उमेदवार, ज्यांचे पालक खाजगी संस्थेत नोकरीत आहेत, त्यांना नाकारले गेले असेल तर त्यांच्याकडूनही नोकरीत समावेशाची नवी मागणी होईल. याचा परिणाम नीट-यूजी, जेईई सारख्या किंवा राज्य सेवा संबंधित परीक्षेतील उत्तीर्ण ओबीसी उमेदवार परंतु नॉन क्रीमी लेअर नाकारलेल्या उमेदवारांवर होणार आहे. त्यांच्याकडूनही सादर ओबीसी प्रमाणपत्रांची पूर्वपडताळणीची नव्याने मागणी समोर आली तर, संबंधित प्रशासकीय प्रक्रियेचा आणखी गोंधळ उडेल. ओबीसींच्या क्रीमी लेअर निकषातील विसंगतीचा प्रपंच अंमलबजावणीला ३३ वर्षे होऊनही कायमच आहे. याबाबत प्रशासनानेही अधिक संवेदनशील व जबाबदारीने क्रीमी लेअरचा विषय समजून घेऊन हाताळणे आणि ओबीसी उमेदवारांना न्याय देणे गरजेचे आहे.

(उत्तरार्ध)

जगभर

# फर्टिलिटी टुरिझममधला सर्वात मोठा घोटाळा!

**ज्या** दाम्पत्याला मूल होत नाही, त्यांना अपत्याची किती आस असते हे त्यांच्या भूमिकेत गेल्याशिवाय कळणार नाही. त्यामुळे काहीही करून आपल्याला मूल व्हावं यासाठी ते जीवापाड प्रयत्न करीत असतात. त्याचाच एक भाग म्हणजे आयव्हीएफ आणि फर्टिलिटी क्लिनिक्स. यासाठी उत्तर सायप्रस हा भाग अतिशय प्रसिद्ध आहे. देशविदेशातून अनेक लोक अपत्यप्राप्तीसाठी येथे येतात, पण आंतरराष्ट्रीय फर्टिलिटी टुरिझममधील सर्वात मोठा घोटाळा येथे उघड झाला आहे. त्यामुळे अनेक पालकांचं धाबं दणाणलं आहे.

लोकांनी अपत्यप्राप्तीसाठी जे डोनर निवडले होते त्याऐवजी दुसऱ्याच व्यक्तीचे डीएनए मुलांमध्ये आढळून आल्यानं पालकांच्या संतापाचा कडेलोट झाला आहे. ब्रिटनमधून मेडिकल टुरिझमअंतर्गत अनेक पालक उत्तर सायप्रसमध्ये आयव्हीएफ उपचारासाठी गेले होते. त्यांनी पसंत केलेल्याच स्पर्म आणि एग डोनरचाच वापर केल्याचा दावा क्लिनिककडून करण्यात आला होता, मात्र, मुलांच्या डीएनए चाचण्यांनंतर हा दावा खोटा असल्याचं समोर आलं. पालकांनी फ्रान्स, जर्मनी, नेदरलँड्स, बेल्जियम, स्वित्झर्लंड आणि ऑस्ट्रियासारख्या पश्चिम युरोपीय देशांमधील निरोगी डोनर निवडले होते. डोनरची मेडिकल हिस्ट्री, रूप-रंग, शिक्षण आणि छंद यांचा विचार करून त्यांची निवड केली होती, पण या मुलांचे डीएनए तुर्की आणि अरब देशांतील लोकांच्या डीएनएशी जुळत असल्याचं आढळून आलं आहे.

उत्तर सायप्रस हा तुर्कीच्या नियंत्रणाखालील भाग आहे. तिथल्या कायद्यांमधील त्रुटी आणि तुलनेने कमी खर्चामुळे फर्टिलिटी टुरिझमला येथे मोठी चालना मिळाली आहे. दरवर्षी सुमारे आठ हजार परदेशी जोडपी आयव्हीएफ उपचारासाठी इथे येतात. गेल्या दहा वर्षांत तब्बल ७० हजार परदेशी नागरिकांनी येथील क्लिनिकमध्ये आयव्हीएफ उपचार घेतले



आहेत. यामध्ये ब्रिटन, जर्मनी आणि फ्रान्समधील नागरिकांची संख्या मोठी आहे.

फसवणुकीचा हा धक्कादायक प्रकार रॅचेल नावाच्या ब्रिटिश महिलेच्या सतर्कतेमुळे समोर आला. रॅचेलने २०१२ मध्ये एका क्लिनिकमध्ये सुमारे साडेचार लाख रुपयांचा खर्च करून आयव्हीएफ उपचार घेतले होते. तिने डेन्मार्कमधील एका डोनरची निवड केली होती. त्या डोनरच्या प्रोफाइलमध्ये मुलाला वयाच्या १८व्या वर्षी आपल्या जैविक वडिलांची ओळख जाणून घेण्याची संधी मिळू शकते, अशी माहिती देण्यात आली होती. मात्र, क्लिनिककडून वारंवार मेडिकल रिपोर्ट मागूनही ते देण्यात आले नाहीत. त्यामुळे रॅचेलचा संशय बळावला. तब्बल १३ वर्षांनी करण्यात आलेल्या डीएनए चाचणीत तिचा संशय खरा ठरला. जोना हा तिचा जैविक मुलगा असल्याचं चाचणीत स्पष्ट झालं. मात्र, रॅचेलने निवडलेला डोनर जोनाचा जैविक पिता नव्हता! रॅचेलसाठी हा केवळ फसवणुकीचा प्रकार नाही, तर मुलाच्या भविष्यासोबत झालेला गंभीर अन्याय आहे. जोनाला भविष्यात आपल्या जैविक डोनरशी संपर्क साधण्याची जी संधी मिळणार होती, ती आता कायमची हिरावली गेली आहे.

फर्टिलिटी टुरिझमच्या नावाखाली परदेशात उपचार घेणाऱ्या जोडप्यांच्या सुरक्षिततेचा प्रश्न पुन्हा ऐरणीवर आला आहे. अपत्यप्राप्तीच्या आशेने क्लिनिकवर विश्वास ठेवणाऱ्या पालकांना केवळ आर्थिक नव्हे, तर भावनिक आणि जैविक पातळीवरही मोठा धक्का बसू शकतो. त्यामुळे डोनरची माहिती, डीएनएची खात्री, क्लिनिकची अधिकृत मान्यता आणि उपचारांची पारदर्शकता यांची कठोर तपासणी करण्याची गरज यामुळे अधोरेखित झाली आहे.

जनमन

# अमलीपदार्थांपासून तरुणाईला वाचवावे



**राज्यात** अमलीपदार्थांची वाढती विक्री आणि त्यातून तरुण पिढीचे उद्ध्वस्त होणारे भविष्य ही अत्यंत गंभीर बाब आहे. विशेष म्हणजे, अमली पदार्थांच्या विक्रीत काही पोलिसांचेच संगनमत असल्याचा गंभीर आरोप राज्य मंत्रिमंडळाच्या बैठकीत झाल्याचे वृत्त धक्कादायक आहे. अमली पदार्थांचा नायनाट करण्याची जबाबदारी ज्या यंत्रणेवर आहे, त्याच यंत्रणेतील काही घटक जर या गैरप्रकाराला संरक्षण देत असतील, तर कारवाईची अपेक्षा कुणाकडून करायची? शेताचे रक्षण करण्यासाठी उभे केलेले कुंपणच शेत खात असेल, तर शेतकऱ्याने, नागरिकांनी दाद कुणाकडे मागायची? अमली पदार्थांविरोधातील मोहीम केवळ घोषणा आणि बैठकीपुरती मर्यादित न राहता, त्यामागील संपूर्ण साखळी शोधून कठोर कारवाई होणे गरजेचे आहे. दोषी कितीही मोठा असो, त्याला कायद्याच्या चौकटीत आणले पाहिजे. या कारवाईसोबतच अमली पदार्थांची तस्करी ज्या मार्गांनी आणि माध्यमांतून केली जाते, त्यावरही सातत्याने लक्ष ठेवणे आवश्यक आहे. पालक, शिक्षक, सामाजिक संस्था आणि प्रशासन यांनी एकत्रितपणे प्रतिबंधात्मक उपाययोजना राबवणे गरजेचे आहे. तपास यंत्रणांनी आर्थिक व्यवहार, तस्करीचे जाळे आणि त्याला मिळणारे संभाव्य राजकीय अथवा प्रशासकीय संरक्षण यांचाही सखोल तपास करावा. अमली पदार्थांपासून तरुणाईला वाचवायचे असेल, तर आधी या विषारी व्यापाराला संरक्षण देणारे 'कुंपण'च उखडून टाकावे लागेल. अन्यथा शेतही जळेल आणि पुढची पिढीही उद्ध्वस्त होईल!

**- सुनील सुंदराबाई धाऊ झळके,** भिवंडी (ठाणे)

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

आंदोलनांचे अंतरंग

# डिजिटल चौकातील स्त्रीचे 'वस्त्रहरण' थांबवूया!

**समाजमाध्यमांवर बऱ्याचदा महिलांची बदनामी केली जाते. खोटे आरोप आणि विकृत छायाचित्रे पसरवून तिची 'पब्लिक ट्रायल' थांबवली पाहिजे.**



डॉ. नीलम गोऱ्हे
माजी उपसभापती, महाराष्ट्र विधान परिषद

**अनेक** युद्धांमध्ये आणि पराकोटीच्या राजकीय-सामाजिक संघर्षांमध्ये स्त्रियांना नेहमीच 'सॉफ्ट टार्गेट' बनविले जाते. एखादी स्त्री मोठ्या प्रमाणावर काम करू लागली, सार्वजनिक जीवनात प्रभावी ठरली की तिच्या कामावर किंवा विचारांवर टीका करण्याऐवजी तिच्या शरीरावर, चारित्र्यावर आणि खासगी आयुष्यावर अश्लील टिप्पणी केली जाते. अनेकदा संबंधित पुरुष नेत्याला किंवा पक्षाला कमी लेखण्यासाठी त्याच्यासोबत काम करणाऱ्या महिलेला लक्ष्य केले जाते. हा पुरुषी वर्चस्ववादाचा आक्रमक आविष्कार आहे.

एखादी व्यक्ती केवळ स्त्री आहे, विशिष्ट जात, धर्म, वर्ग किंवा राजकीय विचाराशी जोडलेली आहे म्हणून तिला अपमानित करण्याचा अधिकार कोणाला मिळतो? आज समाजमाध्यमांवर कोणत्याही महिलेविषयी काहीही बोलले जाते. खोटे आरोप, निराधार मजकूर आणि विकृत छायाचित्रे पसरवून तिची जाहीर 'पब्लिक ट्रायल' चालविली जाते. तिच्या मदतीला किंवा समर्थनार्थ पुढे येणारे मात्र फार थोडे असतात.

आपण महाभारतातील द्रौपदीच्या वस्त्रहरणाची चर्चा करतो, त्यावेळी श्री कृष्ण मदतीस आले असे आपण मानतो, परंतु आज डिजिटल चौकात एखाद्या स्त्रीचे प्रतीकात्मक वस्त्रहरण होत असताना समाजाचा मोठा भाग मौन बाळगतो. काही यूट्यूब वाहिन्या अश्लील शीर्षके, थंबनेल्स आणि भाषा वापरून स्त्रीच्या प्रतिष्ठेचा जाहीर लिलाव करतात. वाद



निर्माण करायचा, लोकांना दुखवायचे आणि त्यातून टीआरपी मिळवायची, असा बाजार उभा राहिला आहे. एक दोन वर्षांपूर्वी छान संवाद साधणारे संवादक आता च, भ,ची भाषा दर २/३ वाक्यातून पेरत आहेत. महिलांची माफी मागायची व त्यांच्याच समोर दुसऱ्या स्त्रीचे, स्वतःच्या विरोधकांच्या सोबत काम करणाऱ्या महिला कार्यकर्त्यांचे खच्चीकरण करणारी भाषा फेकायची असे दुटप्पी वागणाऱ्या व्यक्ती कोणत्याही आदर व सत्काराचे पात्र होऊ शकत नाहीत.

महिलांनी याला उत्तर देताना त्याच अवमानकारक भाषेचा अवलंब करावा, असे मला वाटत नाही. खोटी गोष्ट वारंवार सांगून ती खरी असल्याचा आभास निर्माण करणाऱ्यांना कायदेशीर, सामाजिक आणि विवेकपूर्ण उत्तर दिले पाहिजे. कृत्रिम बुद्धिमत्ता आणि डीपफेक तंत्रज्ञानामुळे बनावट फोटो, व्हिडिओ व आवाज तयार करण्याचा धोका वाढला आहे. माध्यमांनी असा मजकूर प्रसारित करण्यापूर्वी त्याची सत्यता तपासली पाहिजे. केवळ 'आम्ही या दाव्याची पुष्टी करत नाही' अशी सूचना देऊन संशयास्पद मजकूर दाखविणे पुरेसे नाही.

महिलांचा लैंगिक छळ व अत्याचार रोखण्यासाठी ग्रामसुरक्षा दल आणि सायबर क्राईम मध्ये हस्तक्षेप करायला 'कम्युनिटी पोलिसिंग' अधिक मजबूत करणे गरजेचे आहे. मुलींना जागरूक करणे आवश्यकच आहे; पण प्रत्येक वेळी त्यांनाच सावध राहण्याचा सल्ला देऊन जबाबदारी संपत नाही. सत्याच्या बाजूने उभे राहणे ही प्रत्येक नागरिकाची जबाबदारी आहे. तंत्रज्ञानासोबत आपली विवेकबुद्धी आणि संवेदनशीलताही वाढली, तरच आपण खऱ्या अर्थाने प्रगत समाज असल्याचा दावा करू शकू.

neeilamgorhe@gmail.com

तिरकस आणि चौकस — गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.)
'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

# मंदिर से आशा

भारत में धर्मस्थलों की चर्चा सदा प्रासंगिक बनी रहती है। जहां अयोध्या राम मंदिर के संचालन के लिए नई टीम गठित हो गई है, वहीं पुरी जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की गणना सबका ध्यान खींच रही है। यह सुखद इसलिए है कि गणना 48 साल बाद हुई है। भारत के जो चार धाम हैं, उनमें जगन्नाथ धाम की संपन्नता कतई चकित नहीं करती है। 12वीं शताब्दी के इस पावन मंदिर का संचालन श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम, 1955 के तहत ओडिशा सरकार करती आई है। अब तक सामने आए आंकड़ों के अनुसार, मंदिर के पास 1,912 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि है और देश भर में 60,821 एकड़ भूमि है। इसके अलावा, इसके रत्न भंडार में सोने, हीरे के आभूषण भी हैं, जिनके मूल्य जानने के लिए गणना हुई है। इस मंदिर की भारी आय के मुख्य स्रोत भक्तों के दान, मंदिर के स्वामित्व वाली खदानों से होने वाली आय, सावधि जमा पर ब्याज, भूमि बिक्री, अधिग्रहण तथा सरकारी अनुदान भी हैं। इस तीर्थ के सभी दैनिक खर्च मंदिर निधि से ही पूरे किए जाते हैं। इसके प्रशासन में सेवादारों के अलावा सरकार की भी व्यवस्थित भूमिका कुल मिलाकर अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करती है।

संदेह नहीं, भारत में मंदिरों का पारदर्शी संचालन सहज नहीं है। बीते 25 वर्ष में जगन्नाथ मंदिर में ही चोरी के कम से कम सात मामले दर्ज हुए हैं। यहां भी दान की दैनिक गणना के समय चोरी की शिकायतें सामने आई हैं। गिरफ्तारियां भी हुई हैं। उसके बावजूद सराहनीय है कि यहां दान की गिनती प्रतिदिन होती है, जिसका विवरण सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाता है और सोशल मीडिया पर भी प्रकाशित किया जाता है। यहां मंदिर के सेवादारों की 100 से ज्यादा श्रेणियां हैं। वैसे, सेवाएं वंशानुगत ही मिलती हैं। यह चूंकि अन्न क्षेत्र है, तो यहां की रसोई विशालकाय है, लगभग 500 रसोइया और उनके 200 सहयोगी हैं, जो प्रतिदिन दो बार छप्पन भोग तैयार करते हैं। बड़ी संख्या में लोग निःशुल्क भोजन करते हैं और यहां की विशेषता है, कोई भी अपने लिए अन्न प्रसाद मांग सकता है और अन्न प्रसाद देने से इनकार की परंपरा नहीं है। समानता का भाव है, तो भगवान को जो छप्पन भोग चढ़ता है, वही श्रद्धालुओं तक पहुंचता है। मंदिर की प्रक्रिया कुल मिलाकर पारदर्शी है। अब मंदिर में सोना, हीरा और अन्य मूल्यवान वस्तुओं की नई सूची 48 साल बाद आधुनिक ढंग से तैयार हो रही है और यह अच्छी बात है, अभी तक कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है।

**पुरी जगन्नाथ मंदिर के रत्नों की नई सूची 48 साल बाद आधुनिक ढंग से तैयार हो रही है और अच्छी बात है, अभी तक कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है।**

बहरहाल, अक्सर यह प्रश्न उठता है कि इस मंदिर का भौतिक योगदान क्या है? प्रथम दृष्टया एक मंदिर अनेक परंपराओं और पीढ़ियों के बीच सेतु होता है। जगन्नाथ मंदिर कलिंग की वास्तुकला, ओडिसी संगीत, नृत्य, प्राचीन संस्कृत और ओडिया साहित्यिक परंपराओं का जीवंत केंद्र है। ओडिशा की एक बड़ी अर्थव्यवस्था मंदिर से जुड़ी है। पूरा क्षेत्र मंदिर से बल प्राप्त करता है। यहां से भजन ही नहीं, भोजन भी दूर-दूर तक पहुंचता है। मंदिर की सहायता से सेवा के अनेक कार्य चलते हैं, किंतु मंदिर प्रबंधन एवं सेवादारों को सामाजिक सेवा विस्तार के बारे में सोचना चाहिए। आशा यही है कि भारत में स्थित पांच लाख मंदिरों को आदर्श रूप में संचालित होना चाहिए। यहां एक सबसे समृद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर से भी सीखना होगा। संविधान के अनुसार, कोई भी धर्मस्थल समाज सेवा के लिए बाध्य नहीं है, किंतु उनके पास दिनोंदिन बढ़ता धन संभवतः ईश्वरीय संकेत है कि उन्हें स्वेच्छा से दरिद्र नारायण की सेवा के लिए अधिक समर्पित होना चाहिए।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले
04 सितम्बर, 1951

### भारत का मुस्लिम लोकमत

देश के विभाजन के बाद भी भारत में लगभग चार करोड़ मुसलमान बसे हुए हैं। यह असंभव था कि पाकिस्तान बन जाने के बाद सब के सब मुसलमान हिन्दुस्तान छोड़कर पाकिस्तान में जा बसते। पाकिस्तान के जिन हिमायतियों को अपने नये स्वर्ग में आबाद होना था, वे यहां से जा चुके हैं। उसके बाद इस देश में जो मुसलमान रह गये हैं, उनके लिए यही समझना होगा कि उन्होंने समझ-बूझ कर इस देश को अपना घर बनाया है। उनका भविष्य इस देश के भविष्य के साथ बंध गया है। देश के हिताहित से संबंध रखने वाले मामलों में अन्य नागरिकों के समान ही भारतीय मुसलमानों को भी दिलचस्पी लेनी चाहिए। जिन मामलों में भारत और पाकिस्तान में विवाद चल रहा है, उन के बारे में भारतीय मुसलमान क्या सोचते हैं, यह प्रकट होना चाहिए। उनके बारे में भारतीय मुसलमानों का मौन रहना गलतफहमी पैदा करने वाला हो सकता है। इस दृष्टि से पिछले दिनों जब भारतीय मुसलमानों के कुछ प्रभावशाली और प्रमुख नेताओं ने डा. ग्राहम को दिये गये स्मरण-पत्र में अपने स्पष्ट विचार प्रकट किये थे तो हमने उसका स्वागत किया था।

हाल ही में डा. सुलतान अहमद ने, जो अंग्रेजों के जमाने में वायसराय की कार्यकारिणी कौंसिल के सदस्य रह चुके हैं, भारतीय रेडियो से एक भाषण प्रसारित किया है। उन्होंने नेहरू सरकार के बारे में अपना यह अभिप्राय प्रकट किया है कि वह इस देश में बसने वाली सभी जातियों को एक ही निगाह से देखती है। भारतीय गणराज्य के संविधान में अल्पसंख्यक जातियों के अधिकारों की रक्षा करने की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। न केवल अल्पसंख्यक जातियां अपने धर्म का आचरण करने के लिए स्वतंत्र हैं, बल्कि उन्हें अपने भौतिक विकास की सुविधायें भी प्राप्त हैं। पाकिस्तानी प्रचारक भारत के विरुद्ध विदेशों में यह राग अलापते रहते हैं कि भारतीय मुसलमानों को कुचला जा रहा है। डा. सुलतान अहमद कहते हैं 'भारतीय मुसलमान को यह दलील सर्वथा बेमानी लगती है कि चूंकि काश्मीरी मुसलमान हैं, इसलिए काश्मीर पर पाकिस्तान का अधिकार होना चाहिए। अगर इस मजहबी दलील को उसके तर्कसंगत नतीजों तक पहुंचाया जाये तो मिस्र के कोप्ट लोगों को ईथोपिया के साथ मिलने और मिस्र से नाता तोड़ने की मांग करनी चाहिए।'

# श्रीकृष्ण जितना लौकिक कोई नहीं

**माधव से हमारा सीधा संबंध उन्हें उलाहना देने का, उनसे नाराज होने का, उन्हें दुलारने का है। उन्हें प्यार से बुलाने का हमें अधिकार है और इस पर हम गर्व करते हैं।**



यहां स्कैन करें

विद्या निवास मिश्र | प्रसिद्ध साहित्यकार, संपादक



हम श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाते हैं, जन्मदिन नहीं, क्योंकि श्रीकृष्ण के प्रादुर्भाव का अनुभव करना चाहते हैं। श्रीकृष्ण के जीवन चरित का स्मरण नहीं करते। जो हमारे जीवन में रचा-बसा हो, उसे स्मरण करने की क्या आवश्यकता है? हमारे कवि श्रीकृष्णलीला का गान साक्षी के रूप में करते हैं। लीला उनके सामने घटित होती रहती है। हमारी ग्रामीण जनता श्रीकृष्ण का ध्यान उत्सवों में प्रत्यक्ष उपस्थित के रूप में करती है, किसी पूर्व पुरुष या इतिहास नायक के रूप में नहीं।

श्रीकृष्ण से हमारा सीधा संबंध है, उन्हें उलाहना देने का, उनसे नाराज होने का, उन्हें दुलारने का, उन्हें प्यार से बुलाने का हमें अधिकार है और इस अधिकार पर हम गर्व करते हैं। श्रीकृष्ण हमारे भाव-पुरुष हैं। उनकी लीला हमारे भाव जगत में घटती रहती है, कभी उसका विराम नहीं होता। यही नहीं, जीवन का कोई ऊर्जात्मक पक्ष नहीं है, जो श्रीकृष्ण में पूर्ण रूप से अभिव्यक्त न हुआ हो। बाल-सुलभ चपलता और स्फूर्ति से लेकर प्रौढ़ पुरुष की परिणति स्थितप्रज्ञता और निस्संग करुणा तक जितने भी गुण हो सकते हैं, वे सभी श्रीकृष्ण में मूर्तिमान हैं।

श्रीकृष्ण भारत-भूमि की जीवन साधना के प्रतिमान के रूप में हमारे सामने रहते हैं। हम कैसे हर्ष-विषाद, दोनों को एक तरह ग्रहण कर सकें, हम कैसे प्यार और निर्ममता, दोनों का निर्वाह कर सकें, हम कैसे वीरता और धीरता, दोनों को साधे रह सकें, हम कैसे छोटे-से-छोटे काम में दक्षता प्राप्त करके वह काम करने में गौरव का अनुभव करें, यह सब श्रीकृष्ण को सामने देखते हैं तो आसान लगता है, श्रीकृष्ण को नहीं देखते हैं, तो असंभव लगता है।

लोग कहते हैं, श्रीकृष्ण अलौकिक हैं। हमारी दृष्टि में वह इतने लौकिक हैं, जितना लौकिक और कोई हो नहीं सकता। जो हर लौकिक संबंध निभाना भी जानता है और निजी-से-निजी संबंध से असंपृक्त रहना भी जानता है। लोक की दृष्टि से जो बड़ा नैतिक साहस हो सकता है, सोलह हजार अपहृत नारियों को स्वीकार करने का साहस अलौकिक शक्ति से नहीं आता, लोकसंग्रही शक्ति से आता है। श्रीकृष्ण महाभारत युद्ध में यह दांव रखते हैं दुर्योधन के सामने, मुझ निःशस्त्र को या मेरी शस्त्र-सन्नद्ध नारायणी सेना को लो, पहले चयन का अधिकार तुम्हें है। दुर्योधन आसुरी संपत्ति के मद में उन्मत्त सेना चुनता है, श्रीकृष्ण को नहीं चुन पाता। वह सर्वात्मा वासुदेव को नहीं, उनका परिग्रह चुनता है।

आज भी यह चयन की छूट हममें से प्रत्येक के सामने है। हम श्रीकृष्ण को ग्रहण करें या श्रीकृष्ण के बाहरी स्वरूप को? हम भी अधिकतर श्रीकृष्ण को नहीं ग्रहण करते, हमें लगता है कि इसमें बड़ा जोखिम है। श्रीकृष्ण अकेले निःशस्त्र साथ रहें, हमारी सुरक्षा नहीं है, क्योंकि हम श्रीकृष्ण के अकेलेपन में सब प्राणियों के अकेलेपन को संपुंजित नहीं देख पाते। हम नहीं देख पाते कि वह अकेलापन बड़ा विराट है। उस विराट अकेलेपन के साथ रहने पर कहीं कुछ खालीपन नहीं रहता। वह न रहे, तभी सब भरा-भरा हो, पर खाली लगता है। घड़ा थोड़े ही रस होता है, घड़े को जो भरता है, वही रस होता है, श्रीकृष्ण ही सबसे अधिक भरने वाले रस हैं।

हां, रस को भरने के पहले घड़ा छोटा हो, बड़ा हो, इससे कुछ नहीं होता, बस कच्चा न हो, कड़ी आंच में पका हो और निरा घड़ा हो, उस पर कोई लेबुल न लगा हो, निपट साधारण हो, उसमें कुछ रस पहले से रखा न हो, घड़ा बार-बार धोकर भीतर साफ किया गया हो, एक बूंद उसमें न रह गई हो, उसे फिर सीधा करके धूप में तपा दिया गया हो, औंधा दिया गया हो, तब श्रीकृष्ण रस भरता है।

श्रीकृष्ण चाहते हैं, तुम जो हो, वह हो जाओ। तुम अपने सहज धर्म में अधिष्ठित हो जाओ और अपने को निचोड़कर अर्पित कर दो। मेरा जो भी रस था, यह अर्पित है, तुम अपने आप में विरेचित हो जाओ, निष्किंचन हो जाओ और पुकारो- श्रीकृष्ण आओ, तुम यहां प्रकट हो। यह अज्ञान की अंधी कारा, यह भय भरी डरावनी रात, यह भयंकर वर्षा, यह शून्य का निरंतर शराघात, ये जकड़ने वाले बंधन, यह गहराता भादों, यह दुर्भेद्य दंभ का प्राचीर, यह अनाचार और अनीति की परिखा, यही तो तुम्हारी प्रादुर्भाव भूमि है। श्रीकृष्ण आज और अभी जन्म लो। सब अंधकार तिरोहित हो जाए, डर चला जाए, श्रृंखलाएं टूट जाएं, प्राचीर ढह जाए, शरवर्षा अमृत-वर्षा हो जाए। श्रीकृष्ण के लिए यह पुकार केवल एक चित्त में नहीं, समष्टि-चित्त में उठेगी, क्योंकि विश्व अपना खोखलापन पहचान चुका है, बहुत आजमा चुका है वह भरने के उपाय, पर कोई तो नहीं भरता, सब और खाली करते हैं।

श्रीकृष्ण का भरना ही भरना होता है, क्योंकि वह स्वयं को निःशेष करके स्वयं भरे हुए, भरने वाले हुए। उन्होंने जीवन-यात्रा को आहुति के रूप में देखा, जन-जन की भूख-प्यास-चाह में अनुभव किया कि जीवन यज्ञ की दीक्षा होती है। उन्होंने मृत्यु की प्रतीक्षा की, जैसे यज्ञांत अवभृथ-स्नान (यज्ञ की पूर्णता पर किया जाने वाला स्नान) की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने को निरंतर दो भागों में चीरा, कितने तुम अपने हो, कितने सबके हो, उन्होंने निरंतर अपने को तिल-तिल काटा और परखा। क्या है वह, जो कटता नहीं, जो चुकता नहीं। उस श्रीकृष्ण के जन्म की तैयारी करनी है, तो श्रीकृष्ण बनें-न-बनें, बन सकने का संकल्प लें। श्रीकृष्ण प्रकट होने वाले हैं, इसके लिए अपने शरीर-इंद्रिय-मन सबको मांजकर रखने होंगे, मांजने की तैयारी कहां हो रही है?

श्रीकृष्ण जन्म एक उत्सव है, रस का उफान है, रस का उच्छलन है। उसमें 'मैं' के लिए गुंजाइश नहीं है। श्रीकृष्ण बड़े ही ईर्ष्यालु हैं, किसी दूसरे की गुंजाइश नहीं रहने देते और जब तक आदमी अपने लिए पराया न हो जाए, तब तक वह अपने नहीं होते। यह उत्सव अपनापन संजोकर नहीं मनाया जा सकता, विद्यापति के *ओ निज भाव सुभाव बिसरल* वाली निजता का विस्मरण माधव के बसने की पहली शर्त है। श्रीकृष्ण-जन्म होकर भी जब तक पूरी तरह प्रतीत नहीं होगा अंग-प्रत्यंग में, भाव-अनुभाव में और कण-तरंग में, तब तक जन्मोत्सव कैसा?

इस जन्मोत्सव के लिए कोई न मुनादी होती है, न पर्चा बंटता है, इसके लिए भीतर से शिराओं में उबाल आता है, नस-नस उत्तप्त हो जाती है, मन उत्तरवाहिनी गंगा बन जाता है, सृष्टि सावधान होकर उत्सुक हो जाती है- श्रीकृष्ण का आविर्भाव होने जा रहा है। वह तैयारी हो रही है या नहीं, यह जांचने-पड़तालने की जरूरत है, क्योंकि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी साधारण अनुष्ठान नहीं है, एक विश्वभावनशील महाजाति के तप की परिणति है, कोटि-कोटि उपवासों का पारण है, असंख्य नक्षत्रों की चंद्रोदय-प्रतीक्षा की परिसमाप्ति है, निरंतर धारासार वृष्टि की झनकार है। वही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है।

(विद्यानिवास मिश्र रचनावली से)

# तकनीक के दौर में शिक्षकों की बढ़ती जिम्मेदारी



यहां स्कैन करें

पंकज चौधरी | वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार

हममें से शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसके जीवन पर उसके शिक्षक की छाप न पड़ी हो। बचपन में किसी शिक्षक द्वारा बोला गया एक साधारण-सा वाक्य या दी गई छोटी-सी सीख वर्षों बाद जीवन के सबसे बड़े और कठिन निर्णयों में हमारा सही मार्गदर्शन करती है। यही एक सच्चे शिक्षक की शक्ति है। वह केवल अक्षर नहीं पढ़ाता, बल्कि जीवन जीने का विवेक देता है।

हमारी गुरुकुल परंपरा में गुरु और शिष्य का संबंध कभी भी केवल कक्षा की चारदीवारी या पाठ्यक्रम की किताबों तक सीमित नहीं रहा। वहां ज्ञान के साथ-साथ जीवन-मूल्यों, चरित्र और संस्कारों की ढलाई होती थी। विद्यार्थियों को यह सिखाया जाता था कि ज्ञान का असली उद्देश्य केवल व्यक्तिगत प्रगति नहीं, बल्कि समाज, राष्ट्र और पूरी मानवता के कल्याण के लिए उपयोगी बनना है। आज का समय तेजी से बदल चुका है। हमारे बच्चे एक ऐसे दौर में बड़े हो रहे हैं, जिसकी कल्पना पिछली पीढ़ियों ने नहीं की थी। आज हर बच्चे के हाथ में स्मार्टफोन, सामने इंटरनेट का अथाह संसार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी अभूतपूर्व तकनीकें हैं। पूरा विश्व उनके लिए एक खुला मंच बन चुका है।

ऐसे बदलते दौर में हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अपनी नई पीढ़ी को हम आधुनिक तकनीक से लैस भी करें और साथ ही उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से मजबूती से जुड़ा हुआ भी रखें। हमें अपने बच्चों को आधुनिकता से बचाने या दूर करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उन्हें आधुनिकता को सही दृष्टि के साथ अपनाने की शिक्षा देने की आवश्यकता है। हमारे बच्चे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विज्ञान पढ़ें, नई-नई तकनीकों में महारत हासिल करें, एआई के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करें और दुनिया के सबसे अग्रणी संस्थानों में प्रतिस्पर्द्धा करें, लेकिन उन्हें इस बात का भी गर्व होना चाहिए कि हमारी भारतीय सभ्यता ने हजारों वर्षों से ज्ञान, तर्क, दर्शन, संस्कृति और मानव कल्याण पर कितना महान चिंतन किया है।

**आज जब तकनीक ज्ञान को हमारी उंगलियों तक ले आई है, तब शिक्षकों को उस ज्ञान के सही उपयोग का विवेक छात्रों को देना होगा।**

हमारे बच्चे दुनिया की हर भाषा को सहजता से बोलें, लेकिन अपनी मातृभाषा बोलने में उसके मन में रत्ती भर भी संकोच न हो। वे वैश्विक नागरिक बनें, परंतु अपनी भारतीय पहचान और अपनी समृद्ध विरासत को लेकर उसके भीतर कोई हीन-भावना न हो। यही वह मोड़ है, जहां आज के समय में एक शिक्षक की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण, चुनौतीपूर्ण और निर्णायक हो जाती है। उनके सामने चुनौती केवल इतनी नहीं है कि वे निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा करा दें और परीक्षा के लिए बच्चों को तैयार कर दें, उनकी मूल चुनौती यह है कि सूचनाओं के इस विशाल और बिखरे हुए संसार में वे विद्यार्थियों को सही और गलत के बीच का अंतर समझा सकें।

जब इंटरनेट हर सवाल का जवाब तुरंत दे रहा है, तब शिक्षक का कार्य केवल उत्तर देना नहीं रह जाता, बल्कि बच्चे को सही सवाल पूछना सिखाना बन जाता है। जब तकनीक ज्ञान को हमारी उंगलियों तक ले आई है, तब शिक्षक को उस ज्ञान का सही उपयोग करने का विवेक देना होता है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन और दर्शन हमें यही याद दिलाता है कि एक शिक्षक का प्रभाव कक्षा के बोर्ड तक सीमित नहीं रहता, वह अपने विद्यार्थियों के माध्यम से आने वाले कई दशकों के भविष्य को आकार देता है।

व्यक्तिगत जीवन की बात करें, तो हम सबके जीवन में सबसे बड़ी शिक्षक हमारी मां होती हैं। मैंने राजनीति में जब कदम रखा, तब मां ने एक बड़ी सीख दी थी- 'लोगों का काम करना है, तो सबसे पहले उनको सुनना और समझना सीखो और कभी भी पद को अपने माथे पर मत चढ़ने देना।... अपना सहज स्वभाव कभी मत बदलना, क्योंकि वही तुम्हारी असली पूंजी है।' मां के ये शब्द आज भी हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करते हैं।

कल शिक्षक दिवस के अवसर पर हम सब अपने उन गुरुजनों को याद करें, जिन्होंने जीवन के किसी भी मोड़ पर हमें कुछ न कुछ सिखाया है। आधुनिक इमारतें देश को भव्यता दे सकती हैं, नई तकनीक देश को गति दे सकती है और मजबूत अर्थव्यवस्था देश को समृद्ध बना सकती है, लेकिन एक सच्चा शिक्षक ही वह ठोस नींव तैयार करता है, जो इन सभी साधनों का सही, मानवीय उपयोग करके राष्ट्र को सही दिशा में आगे ले जाती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# जन्माष्टमी का सच्चा आनंद

जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की मधुर छवियां हमारे मन में जाग उठती हैं- माखन चुराते कन्हैया, बांसुरी बजाते श्याम, ग्वाल-बालों के साथ खेलते नंदलाल और यशोदा मैया को मोहित करते बाल गोपाल। किंतु यही श्रीकृष्ण कुरुक्षेत्र में अर्जुन को जीवन का अत्यंत गहन दर्शन भी देते हैं। उनकी बाल लीलाओं की सरलता और गीता के ज्ञान की गंभीरता मिलकर भगवान के पूर्ण स्वरूप को प्रकट करती हैं।

कृष्ण का जन्म कारागार में होता है। बाहर अंधकार है, भीतर बंधन है और चारों ओर भय है, पर उसी अंधकार में कृष्ण का प्राकट्य होता है। यह प्रसंग प्रतीकात्मक रूप से बहुत कुछ कहता है। मनुष्य के भीतर जब भय, अहंकार, लोभ और मोह का अंधकार बढ़ जाता है, तब उसे कृष्ण-चेतना की आवश्यकता होती है। जन्माष्टमी इसलिए केवल यह स्मरण करने का पर्व नहीं कि हजारों वर्ष पहले कृष्ण का जन्म हुआ था। यह खुद से यह पूछने का दिन भी है कि क्या मेरे भीतर कृष्ण के लिए स्थान है?

भगवान श्रीकृष्ण केवल दूर बैठे न्यायाधीश नहीं हैं, बल्कि जीव के साथ उनके सभी प्रकार के सनातन और नित्य संबंध हैं। वह अनंत कोटि ब्रह्मांडों के स्वामी होकर भी जीवों के मध्य अवतार लेते हैं। गीता में वह कहते हैं कि जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब वह स्वयं प्रकट होते हैं। यही भगवान का दिव्य अवतरण है। जन्माष्टमी इसी अद्भुत सत्य का उत्सव है।

गीता में श्रीकृष्ण स्वयं को जगत का पिता, माता, पालक और पितामह कहते हैं। वह स्वयं को सभी जीवों का निष्काम हितैषी भी बताते हैं। हम उन्हें गुरु, मित्र, पिता, रक्षक, मार्गदर्शक या प्रियतम- किसी भी भाव में अपना बना सकते हैं। यह केवल भावुकता नहीं, जीवात्मा के पूर्ण स्वरूप की अभिव्यक्ति है। यशोदा मैया ने बाल कृष्ण को ऊखल से बांधना चाहा, किंतु हर बार रस्सी दो अंगुल छोटी पड़ गई। अंततः माता का श्रम और निष्काम प्रेम देखकर सर्वशक्तिमान भगवान स्वयं बंधने को तैयार हुए। जब बुद्धि भ्रमित हो, तब कृष्ण को अपना मार्गदर्शक बनाएं; जब जीवन में कठिनाइयां आएं, तब उन्हें अपना सारथी मानें; जब मन अकेला हो, तब उन्हें अपना सच्चा मित्र समझें; और जब हृदय प्रेम की तलाश करे, तब उन्हें अपना परम प्रिय बनाएं।

**कृष्ण को केवल मंदिर में नहीं, अपने विचारों, कर्मों, संबंधों और हृदय में स्थान दें। यही गीता की सीख है, यही भक्ति की सार्थकता है और यही जन्माष्टमी का सच्चा आनंद है।**

श्रीकृष्ण गीता के माध्यम से हमें कर्म और उसके फल का नियम समझाते हैं, और भक्ति के माध्यम से यह विश्वास देते हैं कि जो मनुष्य प्रेमपूर्वक भगवान की शरण लेता है, उसकी आवश्यकताओं और जीवन की रक्षा का दायित्व भगवान स्वयं उठाते हैं। इसलिए कृष्ण को केवल मंदिर में नहीं, अपने विचारों, कर्मों, संबंधों और हृदय में स्थान दें। यही गीता की सीख है, यही भक्ति की सार्थकता है और यही जन्माष्टमी का सच्चा आनंद है।

**स्वामी मुकुन्दानन्द**




# महिला क्रिकेट में नए दौर का आगाज

भारत को पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलना महज खेल-जगत की खबर नहीं, महिला क्रिकेट के बदलते दौर का संकेत है। दशकों तक पुरुष क्रिकेट की तेज धारा के किनारे बहने वाला महिला क्रिकेट अब अपनी राह बना रहा है। श्रीलंका से छीनकर भारत को आयोजन का अधिकार मिलना इसी बदलाव को दर्शाता है। फरवरी 2027 (14 से 28 फरवरी) में मुंबई और वडोदरा में खेला जाने वाला छह टीमों का यह टूर्नामेंट इसलिए महत्वपूर्ण है कि महिला क्रिकेट अब पुरुष क्रिकेट की छाया नहीं रहा, उसने अपनी पहचान बना ली है।

टी-20 प्रारूप इस टूर्नामेंट को और धार देगा। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की छह टीमें राउंड-रॉबिन चरण में भिड़ेंगी और शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी। टीमें भले छह हों, लेकिन हर मुकाबला निर्णायक होगा। भारत जैसे विशाल क्रिकेट बाजार में इसका असर मैदान से बाहर भी दिखेगा। प्रायोजन और मीडिया की दिलचस्पी बढ़ेगी, दर्शक जुड़ेंगे और महिला क्रिकेट की आर्थिक ताकत मजबूत होगी। इसका लाभ केवल भारतीय टीम को नहीं, पूरे एशिया की महिला क्रिकेट को मिल सकता है। लगता है, सबसे बड़ा बदलाव क्रिकेट में नहीं, समाज की सोच में आया है। कभी महिला क्रिकेट को गंभीर खेल के बजाय मनोरंजन या अतिरिक्त गतिविधि माना जाता था। आज वही खेल करियर, सम्मान, आर्थिक स्वतंत्रता और राष्ट्रीय गौरव का रास्ता बन चुका है। हरमनप्रीत कौर जैसी खिलाड़ियों ने सिर्फ गेंद को सीमा पार नहीं पहुंचाया, बल्कि लड़कियों के सपनों के सामने खड़ी मानसिक दीवार भी तोड़ी है। अब सवाल यह नहीं कि लड़की क्रिकेट क्यों खेले, सवाल यह होना चाहिए कि उसकी प्रतिभा को अवसर क्यों न मिले? 2027 का यह आयोजन नई पीढ़ी को यही संदेश देगा कि खिलाड़ी की पहचान उसका लिंग नहीं, उसकी क्षमता और खेल तय करते हैं।

ऐसे में, देश के सामने प्रश्न यह नहीं है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी कितनी अच्छी तरह आयोजित करेगा, बल्कि यह है कि उसके बाद क्या बचाएगा? बेहतर घरेलू ढांचा, अधिक प्रशिक्षण सुविधाएं, महिला कोचों की बढ़ती संख्या और लड़कियों में खेल को करियर मानने का आत्मविश्वास- यदि ये इसकी देन बनें, तभी मेजबानी सार्थक होगी। भारत को सम्मान मिला है, तो परीक्षा भी उसे ही देनी होगी। वह इसे सिर्फ सफल आयोजन तक रखता है या महिला क्रिकेट के भविष्य की नींव बनाता है, फैसला उसके हाथ में है। असली जीत वाहवाही में नहीं, इस भरोसे में होगी कि विश्व क्रिकेट के मैदान गांव की बेटी के लिए भी खुले हैं।

आरके जैन 'अरिजीत', टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम
### महिला चैंपियंस ट्रॉफी



# मेजबानी मिली, अब मुश्किलें दूर हों

यह भारत के लिए गौरव का अवसर है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2027 की पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी भारत को सौंपी है। हालांकि, मेजबानी के सम्मान के साथ एक बड़ा सवाल भी जुड़ा हुआ है कि क्या भारत का महिला क्रिकेट ढांचा उतना मजबूत है कि वह इस अवसर का दीर्घकालिक लाभ उठा सके? आम लोगों में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ी है, पर जमीनी चुनौतियां भी कम नहीं हैं।

पहली चुनौती है, बुनियादी ढांचे में असमानता। भारत में पुरुष क्रिकेट की तुलना में महिला क्रिकेट का आधार कमजोर है। महानगरों में अकादमियां और सुविधाएं मौजूद हैं, लेकिन छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों के लिए समर्पित क्रिकेट मैदान, प्रशिक्षक और फिटनेस सुविधाओं का अभाव है। अनेक राज्यों में महिला आयु-वर्ग प्रतियोगिताएं नियमित नहीं हो पातीं, जिससे प्रतिभा शुरुआती स्तर पर ही छूट जाती है। दूसरी चुनौती है, घरेलू क्रिकेट की आर्थिक सीमाएं। असल में, देशभर की हजारों महिला क्रिकेटरों के लिए अवसर अब भी घरेलू रणजी, वनडे और टी-20 प्रतियोगिताओं तक ही हैं, जहां मैच फीस, प्रसारण और प्रायोजन पुरुष क्रिकेट की तुलना में काफी कम हैं। इससे कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी आर्थिक कारणों से खेल छोड़ देती हैं। तीसरी चुनौती, सामाजिक बाधाएं है। वास्तव में, आज भी अनेक परिवारों में लड़कियों के लिए क्रिकेट को करियर नहीं माना जाता। देर शाम अभ्यास, सुरक्षित परिवहन, पोषण और शिक्षा के साथ खेल का संतुलन जैसी समस्याएं विशेष रूप से छोटे शहरों में सामने आती हैं। यही कारण है कि कई प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने से पहले ही पीछे रह जाती हैं। एक अन्य चुनौती, तेज गेंदबाज और विशेषज्ञ खिलाड़ियों की कमी है। भारतीय महिला टीम में तेज गेंदबाजी का सीमित पूल है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों के पास कई तेज गति की गेंदबाज हैं, जबकि भारत के पास तुलनात्मक रूप से कम विकल्प हैं। विकेटकीपर, पावर-हिटर और आखिरी ओवरों में तेज शॉट मारने जैसी भूमिकाओं के लिए भी खिलाड़ियों को तैयार करने की जरूरत है।

साफ है, बीसीसीआई यदि जिला स्तर पर लड़कियों की क्रिकेट अकादमियां, प्रशिक्षकों में महिला प्रतिनिधित्व और घरेलू क्रिकेट के बेहतर आर्थिक मॉडल पर निवेश करे, तभी महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी एक अवसर साबित होगी। आवश्यकता ऐसी व्यवस्था बनाने की है, जहां अगली पीढ़ी की हजारों लड़कियां भी मैदान में मजबूती से उतर सकें।

सुजीत कुमार, टिप्पणीकार

# गर्दन में बढ़ते दर्द की दवा

**गर्दन और पीठ के ऊपरी हिस्से की समस्याओं के लिए केवल गैजेट्स और पोस्चर को दोष देना सही नहीं है। स्क्रीन के इस्तेमाल से ज्यादा, लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठे रहना नुकसान करता है। इसलिए केवल फर्नीचर बदलने और रोजाना व्यायाम करने से ही समस्या पूरी ठीक नहीं होगी। 'टेक-नेक' की समस्या से बचने के लिए छोटे-छोटे ब्रेक और काम के दौरान अपनी मूवमेंट भी बढ़ानी होगी, बता रही है अनुष्का पटोदिया**



ऑफिस की कॉल के दौरान गर्दन में अचानक खिंचाव आना, लैपटॉप पर काम करते हुए कंधों में भारीपन, मोबाइल देखते-देखते सिरदर्द या कार चलाते समय पीछे देखने में परेशानी होना, ये ऐसे संकेत हैं, जिन्हें हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। धीरे-धीरे जब समस्या बढ़ती है, तब डॉक्टर व फिजियोथेरेपिस्ट की याद आती है।

समस्या सिर्फ गलत पोस्चर में बैठना नहीं है। असली दिक्कत यह है कि हम देर तक एक ही पोस्चर में बैठे रहते हैं। अमृता अस्पताल, फरीदाबाद के आर्थ्रोप्लास्टी और रोबोटिक हिप एवं नी सर्जरी विभाग के वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. साहिल गाबा कहते हैं, 'युवाओं में गर्दन की अकड़न के दो आम कारण लंबे समय तक काम करना और सोने की गलत स्थिति है। कंप्यूटर को गलत ऊंचाई पर रखकर लंबे समय तक इस्तेमाल करने और बीच में ब्रेक न लेने से गर्दन की मांसपेशियों में खिंचाव आ जाता है। इसे 'आईटी डिजीज' कहा जाता है।'

## 20 की उम्र में टेक-नेक क्यों?

मुंबई की स्पोर्ट्स व मस्कुलोस्केलेटल फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. कांची वोरा के मुताबिक, 'एक दशक पहले पोस्चर से जुड़ी शिकायतें हम 40-50 की उम्र के लोगों में देखते थे। अब ये 20 और 30 की उम्र में भी आम है। मोबाइल और लैपटॉप पर काम करते समय सिर लगातार आगे की ओर झुका रहता है। इससे गर्दन की मांसपेशियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। लंबे समय तक ऐसा रहने पर मांसपेशियां थकती हैं, उनमें खिंचाव और मरोड़ आ सकती है। धीरे-धीरे गर्दन की अकड़न सामान्य लगने लगती है।

'टेक्स्ट नेक' और 'जूम शोल्डर्स' जैसे शब्द इन दिनों प्रचलन में हैं। ये शब्द लंबे समय तक एक जैसी मुद्रा व कम मूवमेंट के कारण होने वाले बायोमैकेनिकल बदलाव को दर्शाते हैं। नियमित व्यायाम करने वाले युवा भी इससे पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। व्यायाम के बावजूद आपका शरीर एक ही पोस्चर में देर तक काम करने में सक्षम हो, यह जरूरी नहीं है।

## डॉक्टर से मिलना जरूरी है...

डॉ. गाबा के मुताबिक, गर्दन की शुरुआती तकलीफों को हल्की स्ट्रेचिंग, लचीलापन बढ़ाने वाले व्यायाम और पोस्चर ठीक करके संभाला जा सकता है। हालांकि, कुछ संकेत नजरअंदाज नहीं करने चाहिए-

- आराम और हल्की स्ट्रेचिंग के बावजूद दर्द बना रहे
- कंधे या बांह तक दर्द फैलने लगे
- उंगलियों में झनझनाहट या सुन्न होने का एहसास हो
- गर्दन की अकड़न के साथ चक्कर या उल्टी का अनुभव हो
- बुखार या अचानक वजन कम होने लगे

अगर आराम और घरेलू उपायों के बावजूद समस्या बढ़ रही है, तो किसी अच्छे डॉक्टर व हड्डी रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।

## सिर्फ पोस्चर या फर्नीचर बदलना पर्याप्त नहीं

- स्टैंडिंग डेस्क, एर्गोनॉमिक कुर्सियां और पोस्चर को सही रखने वाली बेल्ट अब ऑफिसों में आम हो गई हैं। हालांकि, कई बार इनके फायदों को जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है।
- मुंबई की मूवमेंट व मोबिलिटी कोच दिशा मीरचंदानी कहती हैं, 'पोस्चर सुधारना जरूरी है, पर इतना ही पर्याप्त नहीं है। शरीर को सिर्फ व्यायाम के एक घंटे की नहीं, बल्कि पूरे दिन नियमित मूवमेंट की जरूरत होती है। समस्या सिर्फ 'गलत बैठने' की नहीं है। एक ही स्थिति में सही तरीके से बैठे रहना भी परेशानी पैदा कर सकता है।
- फंक्शनल मोबिलिटी बेहतर होनी चाहिए। इसका मतलब है कि शरीर रोजमर्रा की गतिविधियां जैसे बैठना, खड़ा होना, चलना, सीढ़ियां चढ़ना व सामान उठाना- बिना दर्द या ज्यादा दबाव डाले आसानी से कर सके। जब शरीर की गतिविधियां सीमित हो जाती हैं, तो रोजमर्रा के साधारण काम भी मेहनत वाले लगने लगते हैं। टेक-नेक की समस्या अचानक नहीं होती। अक्सर यह लंबे समय तक गलत या एक जैसी मुद्रा में रहने से धीरे-धीरे बढ़ती है।
- जब 20 की उम्र में दर्द शुरू होता है, तो यह संकेत है कि हमारा दिमाग तो लगातार काम कर रहा है, पर उसकी तुलना में हम शरीर को हिला-डुला नहीं रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, बिना ब्रेक लगातार बैठे रहने के घंटे कम करने चाहिए, शरीर को अलग-अलग तरह की गतिविधियों में शामिल करना चाहिए और काम करते समय शरीर कैसा महसूस कर रहा है, इस पर ध्यान देना चाहिए। स्क्रीन छोड़ना समस्या का हल नहीं है।

## शरीर को कैसे 'रीसेट' करें

- **लंबे समय तक एक मुद्रा में न रहें:** सही तरीके से बैठे रहने पर भी अगर आप घंटों तक चलते-फिरते नहीं हैं, तो मांसपेशियां थक जाती हैं। जोड़ अकड़ने लगते हैं। हर 45-60 मिनट में कुछ देर चलने-फिरने की कोशिश करें। खड़े हों, दो मिनट टहलें, कंधों को घुमाएं और गर्दन को धीरे-धीरे दाएं-बाएं घुमाते रहें। पंजों के बल ऊपर उठना और नीचे आना भी मदद करता है। ये छोटे-छोटे मूवमेंट बड़ी राहत देते हैं।
- **काम करते हुए मूवमेंट बनाए रखें:** ज्यादातर डेस्क जॉब शरीर को एक ही पोश्चर में बांध देते हैं। जैसे, आगे की ओर देखना, थोड़ा झुकना व शरीर को बहुत कम घुमाना। फंक्शनल मोबिलिटी (शरीर की सहज मूवमेंट की क्षमता) का उद्देश्य इसमें विविधता लाना है। गर्दन को धीरे-धीरे घुमाना, कंधों को घुमाना और बैठे-बैठे रीढ़ को हल्का मोड़ना रीढ़ को सक्रिय रखता है। इससे बाद में मांसपेशियों में ऐंठन की आशंका कम हो जाती है।
- **गर्दन की मांसपेशियां मजबूत करें:** ऊपरी पीठ की कमजोर मांसपेशियां और कमर के मध्य में अकड़न, गर्दन व कंधे दर्द में अहम भूमिका निभाती हैं। स्कैपुलर रिट्रैक्शन (कंधे को पीछे खींचने का व्यायाम), चिन टक व हल्की रेजिस्टेंस एक्सरसाइज गर्दन को सहारा देने वाली मांसपेशियों को मजबूत कर सकती हैं। जिम जाना या उपकरणों की जरूरत नहीं है, बस निरंतरता बनाए रखें।
- **व्यायाम की शुरुआत ढंग से करें:** देर तक डेस्क पर बैठने के बाद सीधे कठिन व्यायाम करना शरीर के लिए अच्छा नहीं हो सकता। व्यायाम से पहले और बाद में करीब पांच मिनट की हल्की मोबिलिटी एक्सरसाइज करने से शरीर को लंबे समय तक बैठे रहने के बाद व्यायाम के लिए पूरी तरह तैयार होने में मदद मिलती है।
- **वर्कस्टेशन ठीक करें, पर सिर्फ उसी पर निर्भर न रहें:** एर्गोनॉमिक्स महत्वपूर्ण हैं। स्क्रीन आंखों के स्तर पर हो। डेस्क व कुर्सी की ऊंचाई शरीर के अनुरूप हो, कोहनियां शरीर के पास व टाइप करते समय कलाई सीधी स्थिति में रहनी चाहिए। जरूरत हो, तो आंखों की जांच व चश्मा पहनें। यहां यह ध्यान रखना जरूरी है कि फर्नीचर ठीक होने से ही गर्दन दर्द की समस्या दूर नहीं हो जाएगी। शरीर को चलाना-फिराना जरूरी है।
- **शुरुआती संकेतों को गंभीरता से लें:** सुबह उठने पर गर्दन में अकड़न, बार-बार होने वाला सिरदर्द, उंगलियों में झनझनाहट या ऐसा दर्द, जो गर्दन से आगे फैल रहा हो- इन संकेतों की अनदेखी न करें। समय रहते इन पर ध्यान देने से लंबे समय तक रहने वाली सर्वाइकल समस्याओं से बचने में मदद मिल सकती है।

**सवाल-जवाब**

# घबराएं नहीं, तलवों में जलन का कारण जानें



डॉ. पुलिन गुप्ता
प्रोफेसर (मेडिसिन), राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली

**सवाल : मेरी उम्र 45 वर्ष है। पिछले तीन महीनों से सुबह सोकर उठने पर पैरों के तलवों में तेज दर्द और जकड़न महसूस होती है। शुरुआत के 10-15 कदम चलना मुश्किल होता है, बाद में दर्द कम हो जाता है। शाम होते-होते पैर की एड़ियों में फिर से दर्द होने लगता है। मैं दिनभर ऑफिस में बैठकर काम करता हूं। ऐसा क्यों हो रहा है?**

**जवाब :** जहां मांसपेशियां या लिगामेंट हड्डी से जुड़ते हैं, उसे 'एंथेसिस' कहते हैं। इसमें सूजन आने पर इसे एंथेसाइटिस या प्लांटर फैसाइटिस कहा जाता है। इस कारण सुबह उठने पर एड़ी और तलवों में तेज चुभन या दर्द महसूस होता है।

आमतौर पर खराब गुणवत्ता के जूते-चप्पल पहनने से भी ऐसा हो जाता है। इसके अलावा थायरॉइड, डायबिटीज या फिर ऑफिस में दिनभर एक ही जगह बैठकर काम करने से मांसपेशियों में खिंचाव आना भी इस समस्या के मुख्य कारण है।

हालांकि, यदि तलवों के साथ-साथ कमर में भी दर्द रहता हो, रात में दर्द से नींद खुलती हो या आंखें लाल होती हों, तो यह एंकाइलोजिंग स्पोंडिलाइटिस (एक प्रकार का गठिया) का संकेत हो सकता है, जिसका इलाज अलग तरह से किया जाता है।

आप अपने स्तर पर कुछ उपाय कर सकते हैं। राहत के लिए सुबह-शाम हल्के गर्म पानी में नमक मिलाकर पैरों की सिकाई करें। साथ ही ऑफिस में काम के दौरान बीच-बीच में थोड़ा टहलें, पंजों को स्ट्रेच करें और सॉफ्ट कुशन वाले जूते पहनें। वजन को नियंत्रित रखें।

यदि समस्या फिर भी बनी रहती है या कमर दर्द भी साथ में है, तो तुरंत डॉक्टर से जांच कराएं ताकि सही कारण का पता लगाकर सही इलाज किया जा सके। अगर डायबिटीज या थायरॉइड है तो उसे नियंत्रित रखने पर ध्यान दें।

**भेजें अपने सवाल**

सेहत से जुड़े सवाल tanmanhindustan@gmail.com पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं- तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, 201301

# कम सुनाई देना केवल कान की समस्या नहीं

**कान की समस्याओं का सही समय पर उपचार न करना, दिमाग पर असर डाल सकता है। समय के साथ याददाश्त और एकाग्रता में कमी आ सकती है।**



हमारे कान आवाज को पकड़ते हैं, लेकिन उसे पहचानने और उसका अर्थ समझने का काम दिमाग करता है। जब किसी व्यक्ति को ठीक से सुनाई नहीं देता, खासकर शोर वाली जगह पर, तो बातचीत समझने के लिए दिमाग को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।

शोध बताते हैं कि कम सुनाई देने का असर एकाग्रता, संवाद और मानसिक सक्रियता पर भी पड़ सकता है। सामाजिक मेलजोल कम होने से तनाव, अकेलापन और उदासी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

## कब जांच कराएं?

दिल्ली के सीके बिड़ला हॉस्पिटल में सलाहकार व ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. जस सिमरन सिंह भाटिया के अनुसार, 'अगर टीवी या मोबाइल की आवाज बार-बार बढ़ानी पड़ती है, दूसरों की बात समझने में परेशानी हो रही है, बार-बार 'क्या कहा?' कहना पड़ रहा है या थोड़ा सा शोर होने पर भी बातचीत समझना मुश्किल हो जाता है, तो जांच करानी चाहिए। सबसे पहले ईएनटी से सलाह लें। डॉक्टर कान की जांच के बाद जरूरत पड़ने पर ऑडियोमेट्री और कान से जुड़ी दूसरी जांच करा सकते हैं।'

## एक जैसा इलाज नहीं

कम सुनाई देने के कई कारण हो सकते हैं, इसलिए उपचार कारण पर निर्भर करता है। कान में मैल जमा होने, संक्रमण या मध्य कान की समस्या के कारण सुनाई कम दे रहा है, तो इलाज के बाद सुनने की क्षमता सुधर सकती है। कुछ मामलों में दवा या सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है।

डॉ. जस सिमरन के अनुसार, 'अगर अंदरूनी कान की कोशिकाओं या नस में क्षति है, तो हियरिंग ऐड कारगर हो सकते हैं। कई बार सुनना काफी कम हो जाता है, ऐसी स्थिति में मरीजों में कोक्लियर इम्प्लांट भी विकल्प हो सकता है। शुरुआत में उपचार से सुनने की क्षमता सामान्य करने में मदद मिलती है।

## तेज आवाज में संगीत सुनने से बचें

सुनने की क्षमता अचानक कम होना, एक कान से अचानक सुनाई न देना, कान में लगातार सीटी या घंटी जैसी आवाज आना या तेजी से सुनने की क्षमता घटना ऐसी स्थितियां हैं, जिनमें जल्दी चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। तेज आवाज में लंबे समय तक संगीत सुनने से बचें। खासकर, तेज आवाज में देर तक ईयरफोन्स का इस्तेमाल न करें।

# रात में फल खाने से वजन बढ़ता है?

**अक्सर रात में फल खाने को मना किया जाता है। कुछ का कहना है कि रात में फल खाने से वजन तेजी से बढ़ता है। सच क्या है, आइए जानें...**

**अक्सर** सोशल मीडिया पर यह देखने या सुनने का मिल जाता है कि रात में फल खाने से वजन तेजी से बढ़ता है। हालांकि, विशेषज्ञ ऐसा नहीं मानते।

राजकोट के स्टर्लिंग हॉस्पिटल में क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ और ओबेसिटी स्पेशलिस्ट डॉ. जेनिथ सिनोजिया के अनुसार, 'इंसान के शरीर में ऐसा कोई 'बटन' नहीं है, जो सूरज ढलते ही फल की कैलोरी को तुरंत फैट में बदलना शुरू कर देता है। वजन तब बढ़ता है, जब आप अपनी जरूरत से ज्यादा कैलोरी का सेवन करते हैं। खुराक की मात्रा और खान-पान की आदतों पर बहुत कुछ निर्भर करता है।'

**फाइबर से भरपूर :** यह एक गलतफहमी है कि अंधेरा होते ही फलों में मौजूद कुदरती शर्करा जादुई रूप से फैट में बदल जाती है। फलों में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। फाइबर का होना इन्हें प्रोसेस्ड शुगर या मिठाइयों की तुलना में कहीं अधिक पौष्टिक और सुरक्षित बनाता है।

## कब होता है नुकसान?

भले ही फल खाना वजन नहीं बढ़ाता, पर कुछ परिस्थितियों में फल खाते हुए, समय और मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। यदि आपने रात के खाने में अपनी जरूरत के हिसाब से पूरी कैलोरी ले ली है और उसके बाद देर रात नाश्ते के रूप में कई फल खा रहे हैं, तो वे अतिरिक्त कैलोरी समय के साथ वजन बढ़ा सकती हैं।

जिन लोगों को एसिडिटी या एसिड रिफ्लक्स की समस्या है, उन्हें सोने से ठीक पहले फल खाने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे उनके लक्षण बिगड़ सकते हैं। शुगर या डायबिटीज से पीड़ित मरीजों को रात में अकेले केवल ढेर सारे फल खाने के बजाय, उन्हें सही मात्रा में अपने भोजन के हिस्से के रूप में शामिल करना चाहिए।

डॉ. जेनिथ के अनुसार, 'एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए शाम या रात के समय सेब, अमरूद या संतरा जैसे फल खाने से डरने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। किसी के द्वारा बताए गए समय के अनुसार या सोशल मीडिया ट्रेंड्स को फॉलो करने के बजाय आपको अपने खानपान, भोजन की मात्रा और कैलोरी बैलेंस पर ध्यान देना चाहिए।



# रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। सेहत के प्रति सचेत रहें। जीवनसाथी की सेहत में सुधार होगा। कारोबार के लिए माता से धन मिल सकता है।

**वृष :** मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। लेखनादि कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। किसी मित्र से भेंट हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन :** संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार से भागदौड़ भी बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह :** मन परेशान हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ सुस्ती देखने को मिल सकती है। यात्रा पर जाने के योग भी बन रहे हैं। खर्च बढ़ेंगे।

**कन्या :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिल सकता है।

**तुला :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। भागादौड़ अधिक बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**धनु :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर :** मन प्रसन्न रहेगा। संतान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

**कुंभ :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**मीन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

## वर्ग पहेली : 8441



**बाएं से दाएं**
2. निर्वासित किए जाने की स्थिति (2,3)
4. अन्यमनस्क; अस्वस्थ; उदास; सुस्त (4)
7. नामजदगी; नियुक्ति; मनोनीत किया जाना (5)
9. गरमी के कारण पानी छूटना; दिल में दया उत्पन्न होना, खिन्न होना (4)
10. वाहनों पर लगने वाला एक प्रकार का कर (4)
12. उदरस्थ कर लेना; निगल जाना; हड़प जाना (3,2)
13. आमद रफ्त; मिलना-जुलना; आवाजाही (2,2)
15. जिससे तनाव हो; तनाव देने वाला (5)

**ऊपर से नीचे**
1. घूंट-घूंट कर तरल को गले से नीचे उतारना; पीना; तांबूल (2)
2. सौंपना; दान करना; पहुंचाना (2)
3. कानून का सहारा लेने की आवश्यकता न समझना; बल प्रयोग करना (3,2,1,2)
5. आमोद-प्रमोद करना, खेलना; दिल खुश करना; मन प्रसन्न करना (5,3)
6. लगातार; निरंतर; सतत; हमेशा; सदैव (5)
7. नशा; प्रमाद; आनंद; हर्ष; गर्व; घमंड (2)
8. किसी नगर के साथ लगा नगरीय क्षेत्र; नगर के बाहरी भाग में बसी बस्ती (5)
11. छाती; टांका लगाना; सिलाई करना (2)
13. करौती; क्रकच; लकड़ी चीरने का औजार; सुतारी (2)
14. एक ऋतु; ठंढ; पाला; शीत; सरदी (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8440

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 म | 2 न | न | क | 3 र | 4 ना | | 5 आ |
| 6 म | | ग | | | 7 वि | दा | र | क |
| 8 सा | ध | र | ण | | | न | | ल |
| ले | | ज | | 9 कु | | | 10 धु | न |
| दा | | 11 न | र | पि | शा | 12 च | | क |
| 13 र | क्त | | | त | | म | | र |
| भो | | 14 दी | | | 15 मु | क | ला | वा |
| 16 ज | ल | वा | 17 ना | | | दा | | ना |
| न | | 18 ना | का | म | क | र | ना | |

## सुडोकू : 8395

*आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 5 | | 9 | | 8 | |
| | 6 | | 3 | | 7 | | 4 | |
| | | 5 | 4 | | 8 | 2 | | |
| | | 1 | | | | 5 | | |
| 5 | | 7 | | | | 3 | | 9 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| | | 9 | 8 | | 1 | 7 | | |
| | 8 | | 7 | | 2 | | 5 | |
| | 1 | | 6 | | 5 | | 9 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8394

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 2 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 7 | 5 | 8 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 |

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

04 सितंबर, शुक्रवार, **शक संवत्** : 13 भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 19 भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम**: 21 रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्** : भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि रात्रि 12.14 बजे तक पश्चात नवमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र रात्रि 11.05 मिनट तक, हर्ष योग अपराह्न 03.44 मिनट तक पश्चात वज्र योग, बालव करण, चंद्रमा वृष राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य दक्षिणायन।** सूर्य उत्तर गोल। वर्षा ऋतु। प्रातः 10.30 मिनट से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत। अगस्त्य-उदय।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**विदेश में रह रही संतान को नौकरी में समस्या हो, तो ये उपाय करें :**

- नौकरी में नए-नए अवसर प्राप्त करने के लिए उन्हें अपने कमरे की उत्तर दिशा में काले रंग की मोमबत्ती जलाने के लिए कहें। आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए दक्षिण पूर्व दिशा में लाल रंग की मोमबत्ती जलाने के लिए कहें।
- संतान को अपने हाथ में हरे रंग का धागा बांधने के लिए कहें।
- रात को सोने से पहले नित्य ध्यान के साथ अपनी इच्छा दोहराने के लिए कहें।
- कुछ दिन उन्हें काले कपड़े पहनने से बचने के लिए कहें। अपने मोबाइल में 808 का वॉल पेपर लगाए।

# साख पर सवाल

इससे किसी को भी असहमति नहीं होगी कि देश की चुनाव प्रक्रिया में सिर्फ वैध मतदाता को ही मतदान करने का अधिकार मिले। साथ ही संबंधित क्षेत्र की मतदाता सूची में वैसे लोगों के नाम हटा दिए जाएं, जिनकी या तो मौत हो गई या फिर वे वहां से स्थायी रूप से विस्थापित हो गए। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर का उद्देश्य यही बताया गया है कि इस अभियान के जरिए वैध और पात्र मतदाताओं के वोट देने का हक सुनिश्चित किया जाएगा। सवाल है कि इस अभियान के दौरान अगर गलत तरीके से मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की कोशिश भी हो रही है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? झारखंड के गोड्डा जिले में जिस तरह कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए परिपत्र-7 के दुरुपयोग का प्रयास सामने आया है, उससे एक बार फिर एसआइआर प्रक्रिया की शुचिता कठघरे में खड़ी हुई है। इससे पहले भी अलग-अलग कारणों से एसआइआर के जरिए बेलगाम तरीके से मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के आरोप लगते रहे हैं।

यह अपने आप में विचित्र है कि निर्वाचन आयोग अपने जिस अभियान को केवल वैध मतदाताओं के मतदान का हक सुनिश्चित करने का जरिया बता रहा है, उसी में ऐसे अनेक उदाहरण सामने आ रहे हैं, जिनमें गलत तरीके से सूची से नाम हटाए जाने के आरोप लगे हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के पहले जो एसआइआर की प्रक्रिया संचालित की गई थी, उसमें लाखों लोग मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए। जब विपक्षी दलों ने इसके खिलाफ आवाज उठाई और मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तो उसके बाद अपीलीय न्यायाधिकरणों के जरिए इसका समाधान निकालने की कोशिश की गई। अब अपील और उसके बाद जैसी तस्वीर उभर रही है, उसने एक तरह से निर्वाचन आयोग के कामकाज पर गंभीर सवाल उठाए हैं। दरअसल, हाल ही में आई खबर के मुताबिक, शुरुआती दौर में ही न्यायाधिकरणों में सूची से हटाए जाने के जितने मामले पहुंचे, उनमें से 91 फीसद लोगों के मताधिकार को वैध पाया गया और उनका नाम फिर से मतदाता सूची में शामिल किया गया। इस बीच राज्य में विधानसभा चुनाव हुए और सूची में दोबारा शामिल होने के बावजूद ऐसे लोग वोट नहीं दे सके।

सवाल है कि इस सबकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? झारखंड और पश्चिम बंगाल में भाजपा के कार्यकर्ताओं पर वैसे मतदाताओं के भी नाम हटवाने के लिए सुनियोजित तरीके से परिपत्र-7 का बेजा इस्तेमाल करने के आरोप सामने आए, जो अपने पते पर मौजूद थे। झारखंड के गोड्डा में बूथ स्तरीय अधिकारी यानी बीएलओ ने कुछ लोगों की ओर से दिए गए परिपत्र-7 पर सवाल उठाए और कहा कि जिनका नाम हटाने के लिए 'पते पर मौजूद नहीं' या 'स्थानांतरित' की श्रेणी के तहत यह आवेदन दिया जा रहा है, वे लोग लंबे समय से अपने पते पर रह रहे हैं और वैध मतदाता हैं। अब इस बात की क्या गारंटी है कि समूची एसआइआर की प्रक्रिया में अलग-अलग राज्यों में ऐसा बड़े पैमाने पर नहीं किया गया होगा। क्या यही वजह नहीं है कि पश्चिम बंगाल में अपीलीय न्यायाधिकरणों में तकरीबन 91 फीसद लोगों के नाम को फिर से मतदाता सूची में शामिल करना पड़ा? यह समूचा मामला दरअसल निर्वाचन आयोग की साख पर सवाल उठाता है, जिसकी लापरवाही की वजह से न जाने कितने लोग मतदाता सूची से बाहर हुए और उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित होना पड़ा।

# मनमानी का चेहरा

बीते अप्रैल में नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार की गई दिल्ली विश्वविद्यालय की एक छात्रा के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला यह बताने के लिए काफी है कि पुलिस महकमा अपने दायित्वों को लेकर किस हद तक गैरजिम्मेदार है। बिना किसी ठोस आधार के छात्रा को गिरफ्तार किया गया, उसे बिना किसी स्पष्ट आधार के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून यानी रासुका के तहत महीनों जेल में रखा गया। जबकि अदालत में पुलिस छात्रा के विरुद्ध कोई भी ठोस सबूत पेश नहीं कर पाई। जाहिर है, यह पुलिस की कार्यशैली, लापरवाही और मनमानी का एक और उदाहरण है। इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने पाया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'मनगढ़ंत कहानी' के आधार पर छात्रा को पांच महीने से हिरासत में रखा गया है। छात्रा की गिरफ्तारी और रासुका के तहत नोटिस जारी करने के क्रम में कई प्रक्रियागत खामियां भी सामने आईं। अदालत ने नोएडा के जिलाधिकारी को उन्हें पांच लाख रुपए का मुआवजा देने को भी कहा।

अदालत का यह फैसला दरअसल पुलिस की कार्यशैली और जांच करने के उसके तौर-तरीके पर सवालिया निशान है। इसमें दोराय नहीं कि बिना किसी पुख्ता सबूत के किसी पर भी रासुका लगाने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। रासुका देश की सुरक्षा से संबंधित एक संवेदनशील कानून है और इसे नागरिकों के भीतर डर पैदा करने का औजार नहीं बनाया जाना चाहिए। विचित्र बात है कि कानून व्यवस्था कायम रखने की सामान्य स्थितियों में भी इसे बिना सोचे-समझे किसी निर्दोष पर लगा दिया जाता है। इस संबंध में अदालत ने जो टिप्पणियां की हैं, उससे यह सवाल खड़ा हुआ है कि इस तरह का कठोर कदम उठाने से पहले क्या पुलिस अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं करती और क्या वह किसी परोक्ष निर्देश पर काम कर रही होती है? भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां किसी मुद्दे पर धरना-प्रदर्शन तथा आंदोलन कोई नई बात नहीं। मगर इस दौरान कार्यकर्ताओं, श्रमिकों और विद्यार्थियों के खिलाफ भी पुलिस का जैसा रवैया देखने में आ रहा है, वह प्रकारांतर से असहमति को दबाने का ही प्रयास है।

## कल्पमेधा

*व्यक्ति दुर्भावना का शिकार तो हो जाता है, लेकिन उसकी दुर्भावना उसके दुश्मन के बजाय उसे ही अधिक दुख देती है।*
*– चार्ल्स बक्सटन*

# आपदा के बाद पुनर्वास की चुनौती



**बाढ़ के बाद असली परीक्षा राज्य सरकारों और आपदा प्रबंधन विभाग की होती है। स्थायी पुनर्वास कैसे होगा, भुखमरी से लोगों को कैसे बचाया जाए, यह आज भी बड़ी चुनौती है।**

**अखिलेश आर्येंदु**

नेपाल की आपदा से इतर भारत में बाढ़ इस साल भी असम, केरलम, हिमाचल, ओड़ीशा और जम्मू-कश्मीर आदि जगहों पर आफत बन कर आई। अब तक जो आकलन किया गया है, उसके मुताबिक सैकड़ों लोगों की जान गई है। हजारों की संख्या में मवेशी मारे गए हैं। लाखों हेक्टेयर फसल बर्बाद हुई है। लाखों परिवार प्रभावित हुए हैं। वहीं सैकड़ों सड़कें, पुल, मकान और बाग-बगीचे पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। अब प्रशासन के सामने बाढ़, भूस्खलन और अति वृष्टि की वजह से हुई बर्बादी के बाद अलग-अलग स्तर की कई चुनौतियां सामने हैं। सबसे ज्यादा चुनौतियां असम में दिख रही है। वहां राहत के बाद पुनर्वास एक बड़ा संकट है। पीड़ित परिवारों को भुखमरी से बचाना जरूरी है। स्कूल छोड़ने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा नियमित करना भी बड़ी चुनौती है।

दरअसल, बाढ़ के बाद असली परीक्षा राज्य सरकारों, आपदा प्रबंधन विभाग और बाढ़ पीड़ितों की होती है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रभावित नागरिकों, खासकर जिनके मकान और खेत-खलिहान पूरी तरह नष्ट हो गए होते हैं, उनके लिए स्थायी पुनर्वास और भुखमरी से बचाने की होती है। असम, ओड़ीशा, केरलम, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में हजारों गिरे मकानों को फिर से बना कर लोगों के लिए तत्काल भोजन, पानी-बिजली और अन्य जरूरी चीजों की बेहतर व्यवस्था करना सरकार के लिए किसी कड़ी परीक्षा से कम नहीं है।

केंद्र और राज्य सरकारें आपदा राहत के लिए मुख्यतः राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की मदद लेती हैं, लेकिन इस वक्त सबसे बड़ी चुनौती यह है कि राहत का काम अपेक्षाकृत तेजी से कैसे हो, जबकि स्थायी पुनर्वास में क्षति का सर्वेक्षण, पात्र परिवारों की पहचान, मुआवजा, बुनियादी ढांचे की पुनर्बहाली में समय अधिक लगने से परिवारों को भुखमरी और दूसरी समस्याओं को कम समय में उचित समाधान करने की चुनौती बनी रहती है। इसलिए बेहतर बाढ़ प्रबंधन नए दौर की जरूरत है।

इस बार मानसून ने असम से लेकर हिमाचल प्रदेश, केरलम और ओड़ीशा जैसे सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित राज्यों तक यह सवाल फिर सामने है कि क्या हम हर साल बाढ़ आने पर राहत शिविर और मुआवजा देने तक सीमित रहेंगे या ऐसी कोई व्यवस्था बनाएंगे जिसमें बाढ़ के बाद प्रभावित परिवारों को स्थायी रूप से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। सवाल यह भी है कि स्थायी पुनर्वास और आत्मनिर्भर बनाने वाली नीति को पारदर्शी तरीके से लागू करना और उस पर अमल करवाना क्या संभव है? यह सवाल इसलिए उठा है कि पिछले वर्षों में बाढ़ प्रभावित लोग महीनों तक दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर हुए थे। इस साल भी हजारों परिवारों के सामने पुनर्वास की विकट समस्या है। इसके अलावा, सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई, स्कूल और आंगनबाड़ी जैसी परिसंपत्तियों की पुनर्बहाली जैसी समस्याएं हैं, जिन्हें हल करना बेहद जरूरी है।



बाढ़ पीड़ितों के लिए स्थायी पुनर्वास और भविष्य में बाढ़ से जोखिम कम करने की चुनौती राज्य सरकारों के सामने होती है, लेकिन हर साल ये समस्याएं उसी रूप में बनी रहती हैं। इसलिए अतिवृष्टि और बाढ़ आने पर लोगों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि ऐसा बाढ़

> इस बार मानसून ने असम से लेकर हिमाचल प्रदेश, केरलम और ओड़ीशा जैसे सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित राज्यों तक में यह सवाल फिर सामने है कि क्या हम हर साल बाढ़ आने पर राहत शिविर चलाने और मुआवजा देने तक सीमित रहेंगे या ऐसी कोई व्यवस्था बनाएंगे, जिसमें बाढ़ के बाद प्रभावित परिवारों को स्थायी रूप से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। सवाल यह भी है कि स्थायी पुनर्वास और आत्मनिर्भर बनाने वाली नीति को पारदर्शी तरीके से लागू करना और उस पर अमल करवाना क्या संभव है? यह सवाल इसलिए उठा है कि पिछले वर्षों में बाढ़ प्रभावित लोग महीनों तक दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर हुए थे। इस साल भी हजारों परिवारों के सामने पुनर्वास की विकट समस्या है।

नियंत्रण ढांचा तैयार किया जाए, जिससे विकट बाढ़ और बरसात में लोगों को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े, जैसे जापान और आस्ट्रेलिया जैसे विकसित देशों में देखने में आता है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक असम में इस साल बाढ़ की वजह से सबसे ज्यादा जान-माल और बुनियादी ढांचे का नुकसान हुआ है। इस साल अब तक सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 10,748.64 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न हो चुका है। 47,000 से अधिक मवेशी बाढ़ में बह गए या भूख से मर गए। असम सरकार के मुताबिक इस साल 12 अगस्त तक बाढ़ और अतिवृष्टि की वजह से 150 करोड़ का नुकसान हुआ है। सरकार का अनुमान है कि इस साल बाढ़ के बाद राहत और पुनर्वास में एक हजार करोड़ से अधिक खर्च हो सकता है। राज्य सरकार के मुताबिक यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगी कि असम को इस साल अतिवृष्टि और बाढ़ से कितना नुकसान हुआ है।

हिमाचल प्रदेश में असम से अलग तरह की समस्या है। यहां अचानक आई बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन और पहाड़ी ढलानों के टूटने से तबाही मची। तीस जून से 11 अगस्त तक हुए नुकसान के जो आंकड़े राज्य प्रशासन ने उपलब्ध कराए हैं, उसके मुताबिक 70 से अधिक लोगों की मौत हुई है। सार्वजनिक संपत्ति में करीब 910.35 करोड़ का नुकसान हुआ। यहां भी अचानक बादल फटने से ढह गए मकानों को फिर से बनवाना एक बड़ी चुनौती होती है, क्योंकि पहाड़ी इलाका होने की वजह से पुनर्वास सहज नहीं होता है।

ओड़ीशा में बाढ़ और अतिवृष्टि के कारण हर साल की तरह इस साल भी जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। 22 जिलों में 1,458 गांवों और 85 प्रखंडों में 8,63,909 मकानों को नुकसान पहुंचा है। राज्य सरकार ने 110 करोड़ की शुरुआती बाढ़ राहत की घोषणा की। यहां फसलों को सबसे अधिक नुकसान हुआ। इसी तरह केरलम में बाढ़, भारी बरसात और भूस्खलन से जान-माल का काफी नुकसान हुआ। ऐसे में राहत के बाद स्थायी पुनर्वास और प्रभावित लोगों को हर तरह की मदद की दरकार है। यहां हर साल बाढ़ और अति वृष्टि से काफी जान-माल का नुकसान होता है, लेकिन पुनर्वास की समस्या यहां भी है। इस पर राज्य सरकार को गौर करने की जरूरत है।

बाढ़, भूस्खलन और अतिवृष्टि के कारण मकानों-मवेशियों और फसलों के नष्ट होने से लोगों पर ऐसी मुसीबत आती है कि प्रभावित क्षेत्रों में कुछ भी दिखाई नहीं देता है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकार की जिम्मेदारी हर स्तर पर बढ़ जाती है। मसलन, किसान की एक गाय या भैंस केवल एक पशु नहीं होती, यह बच्चों के लिए दूध-भोजन, शिक्षा और परिवार के लिए नियमित आय का आधार होती है। इसी तरह फसल का नुकसान केवल एक मौसम की आय का नुकसान नहीं है, किसान की अगली फसल के लिए बीज, खाद, सिंचाई, मजदूरी, पानी के लिए पूंजी का आधार भी है।

आपदा प्रबंधन का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं किया जा सकता कि कितने लोगों को बचाया गया या कितने राहत शिविर लगाए गए। समग्रता से हर स्तर, हर क्षेत्र और हर व्यक्ति के नुकसान का मूल्यांकन होना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि असम में राहत और स्थायी पुनर्वास के लिए पूरे दम-खम और ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम किया जाएगा। बाढ़ का पानी उतरने के बाद राहत के कार्य तेजी से करने की बेहद जरूरत है। यह तभी संभव है जब बाढ़ प्रभावित राज्यों के अधिकारी पूरी संवेदना और ईमानदारी के साथ राहत कार्यों की निगरानी करें।

# आत्मज्ञान की राह

## दुनिया मेरे आगे

**मोनिका राज**

मनुष्य का जीवन एक अनवरत यात्रा है। इस यात्रा में हम अनेक पड़ावों से गुजरते हैं- सफलता, असफलता, प्रशंसा, उपेक्षा, आशा और निराशा। अधिकांश लोग इस यात्रा का उद्देश्य बाहरी उपलब्धियों में खोजते हैं। कोई धन कमाने में लगा है, कोई प्रतिष्ठा अर्जित करने में, तो कोई दूसरों से आगे निकलने की दौड़ में। मगर जब जीवन की सांझ ढलने लगती है, तब एक प्रश्न भीतर से उठता है कि क्या यही वास्तविक विजय थी। सत्य यह है कि सच्ची जीत ट्राफियों, पदकों, पदों या प्रशंसा के शब्दों में नहीं होती। वह तो उस क्षण जन्म लेती है, जब मनुष्य स्वयं को पहचान लेता है, अपनी कमियों से आंखें नहीं चुराता और अपने अंतर्मन के सत्य को स्वीकार कर लेता है। जिसने स्वयं को जान लिया, उसने जीवन का सबसे बड़ा रहस्य जान लिया।

हमारे दैनिक जीवन में ऐसे अनेक अवसर आते हैं, जब हम दूसरों को प्रभावित करने के लिए अपने वास्तविक स्वरूप से दूर हो जाते हैं। हम मुस्कुराते हैं, जबकि भीतर दुख होता है। हम स्वयं को सफल दिखाने का प्रयास करते हैं, जबकि मन असंतोष से भरा रहता है। हम अपनी गलतियों को छिपाने के लिए बहाने गढ़ लेते हैं, क्योंकि हमें डर होता है कि कहीं लोग हमें कमजोर न समझ लें। यही डर धीरे-धीरे हमारे व्यक्तित्व पर एक ऐसा आवरण चढ़ा देता है, जिसके नीचे हमारा वास्तविक अस्तित्व दबने लगता है। भीतर के सत्य को जानने का अर्थ यह नहीं कि मनुष्य स्वयं को दोषी मानता रहे। इसका अर्थ है अपने गुणों और दोषों, दोनों को समान ईमानदारी से स्वीकार करना। जो व्यक्ति अपनी कमजोरी को पहचान लेता है, वही उसे शक्ति में बदलने की दिशा में कदम बढ़ा सकता है। जो अपनी भूल स्वीकार नहीं करता, वह सीखने का अवसर भी खो देता है।

> ऐसे अनेक अवसर आते हैं, जब हम दूसरों को प्रभावित करने के लिए अपने वास्तविक स्वरूप से दूर हो जाते हैं। हम मुस्कुराते हैं, जबकि भीतर दुख होता है। हम स्वयं को सफल दिखाने का प्रयास करते हैं, जबकि मन असंतोष से भरा रहता है। हम अपनी गलतियों को छिपाने के लिए बहाने गढ़ लेते हैं, क्योंकि हमें डर होता है कि कहीं लोग हमें कमजोर न समझ लें।

हम अपने परिवार की ओर देखें, तो पाएंगे कि अधिकांश रिश्तों में दूरियां किसी बड़ी घटना से नहीं, बल्कि अहंकार और असत्य से पैदा होती हैं। एक छोटा-सा 'मैं गलत था' कई टूटते संबंधों को फिर से जोड़ सकता है, लेकिन यह साहस उसी व्यक्ति में होता है, जिसने अपने भीतर के सत्य को पहचान लिया हो। सत्य मनुष्य को झुकना सिखाता है, और जो झुकना जानता है, वही संबंधों को बचा पाता है। आज का समय तुलना का समय बन गया है। सोशल मीडिया पर दूसरों की सफलताएं देखकर हम स्वयं को कमतर समझने लगते हैं। हमें लगता है कि दूसरों का जीवन हमसे अधिक सुंदर, अधिक सफल और अधिक सुखी है। इस तुलना में हम अपने भीतर झांकना ही भूल जाते हैं। जबकि वास्तविक शांति इस बात में नहीं कि हमारे पास दूसरों से अधिक क्या है, बल्कि इस बात में है कि हम अपने जीवन से कितने संतुष्ट और ईमानदार हैं।

जीवन में अनेक बार असफलता भी मिलती हैं। परीक्षा में अपेक्षित अंक नहीं आते, व्यवसाय में हानि हो जाती है, नौकरी का अवसर छूट जाता है या कोई प्रिय व्यक्ति साथ छोड़ देता है। ऐसे समय में बाहरी संसार हमें कमजोर मान सकता है, लेकिन यदि हमारा अंतर्मन दृढ़ है, तो हम फिर उठ खड़े होते हैं। यही भीतर के सत्य की शक्ति है। वह हमें यह विश्वास दिलाती है कि हमारी पहचान किसी एक सफलता या असफलता से नहीं, बल्कि हमारे चरित्र से बनती है। बाहरी युद्ध जीतना सरल हो सकता है, पर अपने भीतर के संघर्ष को जीतना सबसे कठिन और सबसे महान साधना है।

साधारण जीवन में भी यह सत्य स्पष्ट दिखाई देता है। एक किसान जो पूरी निष्ठा से अपनी भूमि पर श्रम करता है, एक शिक्षक जो ईमानदारी से अपने विद्यार्थियों का भविष्य संवारता है, एक मां जो बिना किसी अपेक्षा के परिवार के लिए अपना जीवन समर्पित कर देती है, या एक कर्मचारी जो अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाता है, इनमें से किसी के पास शायद बड़ी प्रसिद्धि न हो, पर वे अपने कार्य के प्रति सच्चे हैं, तो वे जीवन के वास्तविक विजेता हैं। उनका आत्मसम्मान किसी पुरस्कार का मोहताज नहीं होता। सत्य तक पहुंचने का मार्ग आत्मचिंतन से होकर जाता है। प्रतिदिन कुछ समय स्वयं के साथ बिताना, अपनी भूलों पर विचार करना, अपनी अच्छाइयों के लिए कृतज्ञ होना और स्वयं से यह पूछना कि 'क्या मैं वही हूं, जो मैं दुनिया को दिखाता हूं?' ये छोटे-छोटे प्रश्न हमारे जीवन की दिशा बदल सकते हैं। जब मनुष्य स्वयं से झूठ बोलना छोड़ देता है, तभी उसके भीतर वास्तविक परिवर्तन प्रारंभ होता है।

सच्चा सुख भी भीतर के सत्य से ही जन्म लेता है। बाहरी वस्तुएं केवल क्षणिक आनंद दे सकती हैं, लेकिन आत्मस्वीकृति स्थायी संतोष देती है। जिस दिन हम अपने वास्तविक स्वरूप को स्वीकार कर लेते हैं, उसी दिन दूसरों की प्रशंसा या आलोचना का प्रभाव भी कम होने लगता है। तब हमारा जीवन दूसरों की अपेक्षाओं से नहीं, बल्कि अपने मूल्यों से संचालित होता है। जीवन की सबसे बड़ी जीत किसी मंच पर खड़े होकर तालियां प्राप्त करना नहीं, बल्कि रात को निश्चिंत होकर यह अनुभव करना है कि हमने स्वयं के साथ ईमानदारी निभाई है। यही ईमानदारी आत्मविश्वास बनती है, यही आत्मविश्वास चरित्र बनता है और यही चरित्र जीवन की सबसे मूल्यवान उपलब्धि बन जाता है। इसलिए हमें अपने भीतर के सत्य को जानने का साहस करना चाहिए, क्योंकि जो व्यक्ति स्वयं को पहचान लेता है, वह परिस्थितियों का दास नहीं रहता, बल्कि अपने जीवन का सच्चा निर्माता बन जाता है। बाहरी सफलताएं समय के साथ धूमिल हो सकती हैं, लेकिन आत्मज्ञान का प्रकाश कभी नहीं बुझता। यही प्रकाश मनुष्य को सही दिशा देता है, संबंधों को मधुर बनाता है और जीवन को सार्थकता प्रदान करता है। वास्तव में, स्वयं को जान लेना ही मनुष्य की सबसे बड़ी और सबसे स्थायी विजय है।




## पोषण की फिक्र

'खाद्य सुरक्षा के समांतर पोषण का प्रश्न' (आलेख, 2 सितंबर) पढ़ा। सच है कि भारत ने खाद्यान्न उत्पादन और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सफलता अर्जित कर भुखमरी पर तो प्रभावी नियंत्रण पाया है, लेकिन असली चुनौती अब केवल पेट भरने की नहीं, बल्कि हर नागरिक तक संतुलित और सुरक्षित पौष्टिक भोजन पहुंचाने की है। यह तथ्य विचारणीय है कि देश में रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन के बावजूद लगभग 52 करोड़ लोग पौष्टिक भोजन का खर्च उठाने में कठिनाई महसूस करते हैं। बच्चों में कम वजन एवं बौनापन, महिलाओं में रक्ताल्पता और शहरों में बढ़ता मोटापा यह दर्शाता है कि हमारा देश कुपोषण और अति-पोषण के दोहरे संकट से जूझ रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और मध्याह्न भोजन जैसी योजनाओं में मोटा अनाज, दालों और स्थानीय पौष्टिक आहार को महत्त्व देना समय की मांग है। जब तक किसानों की उत्पादन लागत कम नहीं होगी, उन्हें स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण तथा बाजार की सुविधा नहीं मिलेगी, तब तक पौष्टिक भोजन सुलभ और सस्ता नहीं हो सकता। खाद्य सुरक्षा का अर्थ केवल यह नहीं कि देश भूखा न सोए, बल्कि यह है कि हर नागरिक स्वस्थ रहे।

*– मनोज वशिष्ठ, रेवाड़ी, हरियाणा*

## असुरक्षित महिलाएं

देश में बेटियों की सुरक्षा खतरे में है। आए दिन घटनाएं सामने आती रहती हैं। दिल्ली में चलती बस में एक किशोरी से बलात्कार की घटना ने एक बार फिर सभी को झकझोर दिया है। इस घटना से दिल्ली में बहुस्तरीय सुरक्षा के दावों की भी कलई खुली है। निर्भया मामले जैसी घटनाएं आखिर क्यों हो रही हैं? पकड़े गए आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस तंत्र और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने की जरूरत है। ऐसे गंभीर मामलों को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द सुनवाई हो और पीड़ित को इंसाफ मिले। न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, बल्कि पूरे देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए के लिए कारगर रणनीति बननी चाहिए और उस पर वास्तव में अमल होना चाहिए। सड़कों पर सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए, तभी अपराधियों के हौसले पस्त होंगे। अपराध पर नियंत्रण के लिए कई स्तरों पर काम करने की जरूरत है।

*– योगेश जोशी, बड़वाह*

## कसौटी पर साझेदारी

अमेरिका में बनी अति आधुनिक मिसाइल जल्द ही भारतीय सेना की युद्धक क्षमता को नई धार देगी। यह ऐसी मिसाइल है जो 'दागो और भूल जाओ' तकनीक पर आधारित है। यह हल्की मिसाइल लद्दाख के कठिन पहाड़ों और थार मरुस्थल में पैदल सैनिकों के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण साबित होगी। वर्ष 2010 से यह सौदा लंबित था। अब तकनीक हस्तांतरण और भारत में ही निर्माण यानी 'मेक इन इंडिया' की शर्तों के साथ आगे बढ़ा है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का मुकाबला करने, भारत की रूस पर निर्भरता कम करने और द्विपक्षीय व्यापार घाटा घटाने के रणनीतिक उद्देश्यों ने इस सौदे को गति दी है। गौरतलब है कि यह रक्षा समझौता न केवल सीमावर्ती इलाकों में त्वरित हमलावर क्षमता को मजबूत करेगा, बल्कि भारत और अमेरिका के बीच बेहतर होते रक्षा संबंधों को भी एक नई ऊंचाई देगा। भारत और अमेरिका के बीच विभिन्न मुद्दों पर अंतर्विरोध के बावजूद यह सौदा चौंकाने वाला है।

*– अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर*

## संतुलन की दिशा

पश्चिमी समाज में डिजिटल निर्भरता से सीख लेते हुए भारत में समय रहते संतुलित दिशा तय करनी चाहिए। विद्यालयों में मोबाइल और टैब का उपयोग न्यूनतम रखते हुए पुस्तक-पठन, खेल, कला, प्रकृति, हस्तलेखन और संवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विद्यालयों और अभिभावकों को स्क्रीन-समय, निजता, एआइ-निर्भरता और जिम्मेदार उपयोग के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश भी अपनाने चाहिए। सबसे महत्त्वपूर्ण है बच्चों को डिजिटल निर्भरता से मुक्त होने का प्रशिक्षण देना। यानी कुछ समय बिना स्क्रीन के रहना और अपने शब्दों में अभिव्यक्त होना। भविष्य के लिए तैयार करने के लिए हमें बच्चों के हाथ में हर समय उपकरण नहीं, बल्कि अपने विचारों पर भरोसा करने का साहस देना होगा। ऐसे भारतीय युवा तैयार करने की जरूरत है, जो जीवन की वास्तविक दुनिया से जुड़ा रहे और अपनी मौलिकता बनाए रखे।

*– बृजभूषण गोयल, लुधियाना*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## चिंतन

# हाइवे पर नियमों की सख्ती से अनुपालन बेहद जरूरी

देश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। लापरवाही लोगों की जान लील रही है। ऐसा नहीं है कि देश में सुरक्षा के लिए नियमों की कमी है। गति सीमा तय है, हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य हैं, भारी वाहनों के लिए पार्किंग के स्थान निर्धारित हैं और हाइवे के किनारे अतिक्रमण रोकने के स्पष्ट प्रावधान हैं। इस सबके बावजूद हादसे कम नहीं हो रहे हैं। साफ है कि समस्या नियमों की नहीं, नियमों के पालन और उन्हें लागू कराने की इच्छाशक्ति की है। कागज पर सख्त नियम सड़क पर बेअसर हो जाएं तो वे हादसे रोकने के बजाय महज औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। हाइवे पर सबसे बड़ा खतरा तेज रफ्तार और आगे निकलने की होड़ से पैदा होता है। निर्धारित गति सीमा को ताक पर रखकर वाहन दौड़ाना, अचानक लेन बदलना, गलत तरीके से ओवरटेक करना और मामूली अंतर पर कट मारना रोजमर्रा के दृश्य बन गए हैं। चालक को लगता है कि कुछ मिनट बचाने के लिए नियम तोड़ना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन यही कुछ मिनट कई बार जिंदगी भर का पछतावा दे जाते हैं। तेज रफ्तार में हुई एक छोटी-सी चूक का परिणाम केवल चालक नहीं, सड़क पर चल रहे दूसरे निर्दोष लोगों को भी भुगतना पड़ता है। हाइवे की दूसरी बड़ी विडंबना यह है कि जिस सड़क पर वाहनों को सुरक्षित गति से चलना चाहिए, उसी के किनारे अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण खतरे खड़े कर दिए जाते हैं। सड़क किनारे खड़े ट्रक और दूसरे भारी वाहन, अनधिकृत ढाबे-दुकानें और सड़क की सीमा में बने अवैध ढांचे यातायात की जगह और दृश्यता दोनों छीन लेते हैं। रात में बिना पर्याप्त रोशनी के खड़ा भारी वाहन किसी चालक के लिए अचानक सामने आई मौत की दीवार बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने टोल प्लाजा पर कैमरे लगाकर हाइवे की निगरानी और अलग निगरानी कक्ष बनाने का सवाल उठाकर एक अहम कमी की ओर ध्यान दिलाया है। कैमरे लगाना समाधान का केवल पहला चरण है। असली जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जिसमें कैमरे लगातार देखे जाएं, नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान हो और सूचना मिलते ही कार्रवाई हो। निगरानी ऐसी होनी चाहिए कि नियम तोड़ने वाला बच न सके और लापरवाही करने वाले अधिकारी की भी जवाबदेही तय हो। हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर भी यही स्थिति है। ये पुलिस से बचने या चालान से छुटकारा पाने के साधन नहीं, जिंदगी बचाने वाले सुरक्षा कवच हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग इनकी अनदेखी करते हैं। प्रशासन को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि सड़क की डिजाइन, संकेतक, रोशनी, कट, पार्किंग और आपातकालीन सेवाएं सुरक्षित मानकों के अनुरूप हों। ब्लैकस्पॉट की पहचान और सूची बनाना जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि उन स्थानों को वास्तव में सुरक्षित बनाया जाए। किसी जगह को हादसों वाला क्षेत्र घोषित करके जिम्मेदारी खत्म नहीं हो सकती। वहां कारण खोजने और स्थायी सुधार करने होंगे। इसी तरह हाइवे के किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक बार करके छोड़ देने के बजाय लगातार निगरानी रखनी होगी, वरना कुछ ही समय में वही स्थिति फिर लौट आएगी। इसलिए अब जरूरत निर्देशों की लंबी सूची बनाने से ज्यादा उनके कठोर और निष्पक्ष अनुपालन की है। गति सीमा का उल्लंघन हो या गलत ओवरटेकिंग, अवैध पार्किंग हो या अतिक्रमण, हेलमेट-सीट बेल्ट की अनदेखी हो या निगरानी तंत्र की कमजोरी हर स्तर पर जवाबदेही तय करनी होगी। नियमों का डर और सुरक्षा की समझ, दोनों साथ चलेंगे तभी हाइवे सचमुच सुरक्षित होंगे।



आस्था
महेन्द्र तिवारी

# राम मंदिर न्यास में नए नेतृत्व से उम्मीदें

**अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और करोड़ों लोगों की अटूट आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। सदियों के संघर्ष, न्यायिक प्रक्रिया और भव्य निर्माण के बाद अब यह मंदिर एक ऐसे चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उसके स्थायी, पारदर्शी और जनोन्मुखी संचालन का है। मंदिर का निर्माण इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय था, लेकिन उसका सफल प्रबंधन भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जितेंद्र मिश्र को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।**

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और करोड़ों लोगों की अटूट आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। सदियों के संघर्ष, न्यायिक प्रक्रिया और भव्य निर्माण के बाद अब यह मंदिर एक ऐसे चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उसके स्थायी, पारदर्शी और जनोन्मुखी संचालन का है। मंदिर का निर्माण इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय था, लेकिन उसका सफल प्रबंधन भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जितेंद्र मिश्र को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक नियुक्ति नहीं, बल्कि उस नई सोच का परिचायक है, जिसमें आस्था के साथ सुशासन, परंपरा के साथ आधुनिक व्यवस्था और संस्कृति के साथ जवाबदेही को समान महत्व दिया जा रहा है। बिहार के सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर देश के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक न्यास की सर्वोच्च प्रशासनिक जिम्मेदारी तक पहुंचना इसी विश्वास को मजबूत करता है। बिहार और अयोध्या का संबंध भारतीय संस्कृति में अत्यंत गहरा और पवित्र रहा है। मिथिला माता सीता की जन्मभूमि है और अवध भगवान राम की जन्मभूमि। यही कारण है कि रामायण की परंपरा में मिथिला और अयोध्या सदैव एक दूसरे के पूरक रहे हैं। आज जब राम मंदिर के सर्वोच्च प्रशासनिक पद पर बिहार से जुड़े व्यक्ति की नियुक्ति होती है तो अनेक लोगों को उसमें उसी सांस्कृतिक एकात्मता की आधुनिक अभिव्यक्ति दिखाई देती है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का स्वरूप आज विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों में शामिल हो चुका है। प्रतिदिन हजारों और विशेष अवसरों पर लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इतनी विशाल संख्या में आने वाले लोगों की सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा सहायता, यातायात समन्वय और मूलभूत सुविधाओं का संचालन अत्यंत जटिल कार्य है। इसके साथ ही मंदिर को प्राप्त होने वाली दानराशि का पारदर्शी उपयोग, निर्माणाधीन परियोजनाओं का संचालन और भविष्य की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। इसलिए नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह धार्मिक भावनाओं को सर्वोच्च सम्मान देते हुए एक ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था विकसित करे जो विश्वस्तरीय मानकों पर खरी उतर सके। आधुनिक समय में किसी भी बड़े धार्मिक संस्थान की सफलता केवल उसकी भव्यता से नहीं, बल्कि उसकी व्यवस्थाओं से मापी जाती है। श्रद्धालु आज सुविधा, पारदर्शिता और सम्मान तीनों की अपेक्षा रखते हैं। दर्शन के लिए लंबी प्रतीक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, विश्राम स्थल, वृद्ध और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा जैसे विषय अब मंदिर प्रशासन के केंद्र में हैं। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग अनिवार्य हो गया है। डिजिटल व्यवस्था, पारदर्शी सूचना प्रणाली और सुव्यवस्थित सेवा प्रबंधन मंदिर को भविष्य के अनुरूप बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे। इस नियुक्ति का एक सामाजिक संदेश भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय



तक यह धारणा बनी रही कि बड़े संस्थानों का नेतृत्व केवल विशेष वर्गों या प्रभावशाली पृष्ठभूमि के लोगों तक सीमित रहता है। अयोध्या का विकास आज केवल धार्मिक पर्यटन तक सीमित नहीं है। इसे वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने की व्यापक योजना पर कार्य हो रहा है। नए परिवहन मार्ग, विस्तृत सड़कें, आधुनिक रेलवे सुविधाएं, हवाई संपर्क और नगर सौंदर्यीकरण के साथ अब पर्यावरण संरक्षण भी उतना ही आवश्यक विषय बन गया है। सरयू नदी की स्वच्छता, हरित क्षेत्र का विस्तार, कचरा प्रबंधन और टिकाऊ विकास की योजनाएं अयोध्या के भविष्य को निर्धारित करेंगी। मंदिर प्रशासन को स्थानीय प्रशासन और विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर ऐसा विकास मॉडल तैयार करना होगा, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रकृति दोनों का संतुलन बना रहे। स्थानीय अर्थव्यवस्था भी राम मंदिर से गहराई से जुड़ी हुई है। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन से छोटे व्यापारियों, हस्तशिल्प कलाकारों, फूल विक्रेताओं, प्रसाद निर्माताओं, परिवहन सेवाओं और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। यदि इन अवसरों को योजनाबद्ध ढंग से विकसित किया जाए तो अयोध्या केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी उदाहरण बन सकती है। नए नेतृत्व से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में भी गंभीर पहल करेगा। न्यास की भूमिका केवल मंदिर परिसर तक सीमित नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्न सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और धार्मिक अध्ययन जैसे अनेक क्षेत्रों में भी इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। भविष्य में बड़े अस्पताल, शोध संस्थान, पुस्तकालय और भारतीय संस्कृति के अध्ययन केंद्र जैसी योजनाएं समाज को व्यापक लाभ पहुंचा सकती हैं। इन परियोजनाओं के लिए वित्तीय अनुशासन, दीर्घकालिक योजना और कठोर जवाबदेही आवश्यक होगी। दान देने वाले करोड़ों श्रद्धालु यह विश्वास रखना चाहते हैं कि उनकी आस्था समाज कल्याण में सार्थक रूप से परिवर्तित हो रही है। पारदर्शिता आज किसी भी सार्वजनिक संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। मंदिर प्रशासन को ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जिसमें प्रत्येक आर्थिक निर्णय स्पष्ट हो, प्रत्येक परियोजना की प्रगति सार्वजनिक हो और प्रत्येक दानदाता को विश्वास हो कि उसका योगदान उचित दिशा में उपयोग हो रहा है। सूचना तकनीक के माध्यम से विश्वभर के रामभक्तों को मंदिर की गतिविधियों, धार्मिक अनुष्ठानों और जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा सकता है। इससे न केवल विश्वास बढ़ेगा, बल्कि मंदिर की वैश्विक पहचान भी और मजबूत होगी। यह भी स्मरण रखना आवश्यक है कि किसी भी बड़े संस्थान का वास्तविक मूल्य उसके भवनों से नहीं, बल्कि उसकी कार्यसंस्कृति से तय होता है। यदि प्रशासन संवेदनशील, जवाबदेह और जनहितकारी होगा तो मंदिर आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु केवल दर्शन ही नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मीयता का भी अनुभव करेगा। यही वह भावना है जिसे भारतीय परंपरा रामराज्य का आधार मानती श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास में नया नेतृत्व वस्तुतः एक नए प्रशासनिक युग की शुरुआत का संकेत है। यह निर्णय बताता है कि भारत की सबसे बड़ी आस्था को अब आधुनिक प्रबंधन, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में सफलता का वास्तविक पैमाना यही होगा कि अयोध्या विश्व के सबसे अनुकरणीय आध्यात्मिक नगरों में स्थान प्राप्त करे, जहां धर्म और व्यवस्था, श्रद्धा और सेवा, परंपरा और प्रगति एक साथ विकसित होते दिखाई दें।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पर्व
सच्चिदानंद वर्मा



# जन्माष्टमी का वास्तविक उत्सव अपने हृदय में मनाएं

जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला एक अत्यंत पवित्र और प्रसिद्ध त्योहार है,जो हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण देवकी और वासुदेव के आठवें पुत्र थे। उनका जन्म मथुरा की एक कारागार (कंस के कारावास) में हुआ था। अपने मामा कंस के अत्याचारों से मथुरावासियों को मुक्ति दिलाने के लिए उनका जन्म हुआ था। जन्माष्टमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण का आह्वान भी है। यह हमें याद दिलाता है कि जैसे श्रीकृष्ण ने अपने पुरुषार्थ से देवत्व को पाया, वैसे ही हम भी ज्ञान और योग के मार्ग पर चलकर अपने वास्तविक स्वरूप को प्राप्त कर सकते हैं। जब हम भगवान श्रीकृष्ण के साथ अधिकाधिक समस्वर होने का प्रयास करते हैं तो जन्माष्टमी का उत्सव हमारे हृदयों और आत्माओं के भीतर मनता है। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ योगी कथामृत के लेखक परमहंस योगानन्द ने गीता की अपनी व्याख्या, "ईश्वर-अर्जुन संवाद," में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए अमर सन्देश के सच्चे अर्थ की विस्तृत व्याख्या की है। योगानन्द बताते हैं कि महाभारत के नाम से प्रसिद्ध कुरुक्षेत्र के युद्ध का वास्तविक महत्व उन आन्तरिक संघर्षों में निहित है जिनका सामना प्रत्येक मनुष्य को निरन्तर अपने मन में करना पड़ता है। मानवीय जीवन के प्रत्येक खण्ड में स्वयं हमारी अच्छी प्रवृत्तियों और बुरी प्रवृत्तियों को परस्पर युद्ध करना पड़ता है। अन्ततः अच्छाई की विजय और बुराई की पराजय होती है, परन्तु इसके लिए हमें ईश्वर के निकट जाने के लिए दृढ़ प्रयास करना और उसके परिणामस्वरूप भौतिक संसार के प्रति सभी आसक्तियों को त्यागना आवश्यक है। जन्माष्टमी के इस दिवस पर हम सबको अपने अन्तरतम् में विद्यमान भगवान श्रीकृष्ण को जाग्रत करने का प्रयास करना चाहिए। जहां हमारी ऊर्जा होती है, वहीं हमारी चेतना होती है। यदि इसके प्रवाह को अंतर्मुखी कर दिया जाए तो उसी अंतर्मुखी, निर्लिप्त मन के माध्यम से हम प्रेम के उस अनंत स्रोत तक पहुंच सकते हैं जो हमें कृष्ण चैतन्य का अनुभव करा सकता है, जहां श्रीकृष्ण हमारी चेतना में जन्म लेते हैं। जन्माष्टमी कृष्ण के जन्म का उत्सव है। जब हम उनके जन्म का जश्न मनाते हैं, तो हम अपने दिलों में उनकी उपस्थिति के जन्म के लिए भी प्रार्थना कर सकते हैं। कृष्ण की बांसुरी आज भी पुकारती है। इसकी आवाज़ बाहर के शोर-शराबे में नहीं, बल्कि भीतर की शांति में सुनाई देती है। जब हम ध्यान के माध्यम से अपने भीतर मुड़ते हैं, तो हम वह जान सकते हैं जिसे कृष्ण ने अर्जुन - और हम सभी - में जगाने का प्रयास किया था, जीने का साहस, कर्म करने की बुद्धिमत्ता और अपने सच्चे दिव्य स्वरूप को जानने का आनंद। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर महान योगी परमहंस योगानंद के विचार अत्यंत गहरे, दार्शनिक और आध्यात्मिक रूप से व्यावहारिक हैं। योगानंद ने भगवान कृष्ण को केवल एक ऐतिहासिक महापुरुष या पौराणिक चरित्र नहीं माना, बल्कि उन्हें दिव्य प्रेम और आनंद का अवतार तथा योगेश्वर के रूप में देखा है। भगवद्गीता पर अपनी प्रसिद्ध व्याख्या गॉड टॉक्स विद अर्जुन में उन्होंने कृष्ण के जीवन और संदेश के सूक्ष्म आध्यात्मिक अर्थों को उजागर किया है। जन्माष्टमी का वास्तविक अर्थ केवल बाहरी उत्सव मनाना या उपवास रखना नहीं है। इसका गहरा आध्यात्मिक अर्थ है, अपने भीतर कृष्ण चेतना को जाग्रत करना। जब एक साधक गहरे ध्यान में उतरता है, तो उसके शांत मन रूपी गर्भ में ईश्वर के आनंद और दिव्य प्रेम का जन्म होता है। यही वास्तविक जन्माष्टमी है। सही मार्ग सक्रियता में ध्यान और ध्यान में सक्रियता (संतुलित जीवन) का है। कर्तव्य कर्म करते हुए भी मन को निरंतर ईश्वर में स्थिर रखना ही कृष्ण का वास्तविक संदेश है। भगवान कृष्ण ने भगवद्गीता में जिस राजयोग और निष्काम कर्मयोग की बात की है, वह वास्तव में क्रिया योग का ही प्राचीन विज्ञान है। ध्यान और वैज्ञानिक योग तकनीकों के माध्यम से सांसों और मन को नियंत्रित करके ही अर्जुन की तरह जीवन के कुरुक्षेत्र (आंतरिक विकारों और अच्छाइयों के युद्ध) में विजय प्राप्त की जा सकती है। ईश्वर के आंतरिक आनंद के बिना कर्म करना नरक के समान कष्टकारी हो सकता है। जब कोई ध्यान के माध्यम से ईश्वर के आनंद को छू लेता है, तो वह जहाँ भी जाता है, अपने भीतर एक चलती-फिरती स्वर्ग लेकर चलता है। योगानंद ने सिखाया कि इस जन्माष्टमी पर हमें भगवान कृष्ण से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि हम उनके संतुलित जीवन के उदाहरण को अपना सकें। इस पावन समय में ध्यान और भक्ति के द्वारा उनकी नित्य-वर्तमान उपस्थिति और अनन्त प्रेम का अनुभव करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# एक नहीं, कई तरह की होती है दोस्ती!



संकलित
दर्शन

दोस्ती वो रशिता है जिसमें कोई शर्त नहीं होती है। चाहे वो लड़का हो या लड़की, हर कसिी की लाइफ में दोस्त का होना जरूरी है। दोस्ती एक ऐसा रिश्ता है, जो खून का नहीं होता फिर भी दिल के बेहद करीब होता है। हालांकि, दोस्ती भी कई तरह की होती है। हम सबकी जिंदगी में कई दोस्त होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हर दोस्ती एक जैसी नहीं होती है? कुछ दोस्त जिंदगी भर साथ रहते हैं, तो कुछ सिर्फ काम के वक्त याद आते हैं। लाइफर उन दोस्तों को कहा जाता है जो बचपन से लेकर लाइफ टाइम तक आपके साथ रहते हैं। चाहे हमारे लाइफ में कितनी भी परेशानियां आएं, ये दोस्त हमेशा आपके साथ रहते हैं। आप इन पर पूरी तरह भरोसा कर सकते हैं। बेस्ट फ्रेंड्स वो होते हैं जो हमारे दिल के सबसे करीब होते हैं। हम इनसे अपने दिल की सारी बातें शेयर कर सकते हैं। आप आंख बंद करके इनसे कुछ भी शेयर कर सकते हो। कैजुअल दोस्त भी अच्छे दोस्तों में गनि जाते हैं। ये भले आपसे रोजाना नहीं मलिते हैं लेकनि जब भी आस-पास होते हैं, तो आप उन्नसे आसानी से जुड़ सकते हैं। उनके साथ लंच या कॉफी पर मिलना बहुत अच्छा एक्सपीरयिंस होता है। ये आपके कलीग भी हो सकते हैं। इस तरह के दोस्त वो होते हैं जिनसे हमारी लाइफ की कई सारी चीजें मैच करती हैं। इनसे हमारी दोस्ती किसी हॉबी या एक्टिविटी के जरिए ही होती है। आपको बता दें कि हर तरह की दोस्ती हमारी लाइफ में नया रंग भर देती है। कुछ दोस्त आपको खुशी देते हैं तो कुछ सलाह और कुछ तो हमें खुद को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा- उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहा- आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहा- ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछा- पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोला- तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा- क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला- जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कितनी सुरक्षित हैं महिलाएं व बालिकाएं?

हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में चलती स्लीपर बस में 16 वर्षीय छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार घटना के आरोपी बस चालक और कंडक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा बस को भी जब्त कर लिया गया है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर यह गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर देश में महिलाएं और बालिकाएं कितनी सुरक्षित हैं? इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि जिस बस में यह हैवानियत हुई, वह करीब 47 किलोमीटर तक चलती रही, लेकिन इस दौरान न तो बस को किसी चेकपोस्ट पर रोका गया और न ही किसी स्तर पर ऐसी कोई निगरानी सामने आई जिससे इस अपराध को समय रहते रोका जा सकता। - *सुनील चौबे, धमतरी*

## ट्रेंड

### भारत और बेल्जियम



भारत और बेल्जियम के संबंध एक नए और बड़े लक्ष्य वाले दौर में प्रवेश कर रहे है। प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के साथ बातचीत के दौरान, हमने व्यापार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा



दिल्ली, 5,088 बसों के देश के सबसे बड़े ईवी बस बेड़े के साथ भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा में सबसे आगे है। आज 50 और ई-बसों और नई दिल्ली-रेवाड़ी सर्विस के शुरू होने से यात्रियों को साफ-सुथरी यात्रा, बेहतर कनेक्टिविटी और मजबूत पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क मिलेगा।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### चुनौतियों का सामना



एलबीपीए असम पूरे भारत से पुलिस बलों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यहां साइबर क्राइम से लेकर डिजिटल धोखाधड़ी जैसी नई चुनौतियों का सामना करने के लिए ट्रेनिंग को बेहतर बनाया जा रहा है। हमारा लक्ष्य एक नेशनल एकेडमी बनाना है।
- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### शुद्धिकरण की रस्म



हल्द्वानी की घटना सीधे तौर पर छुआछूत का मामला है। हल्द्वानी में शुद्धिकरण की रस्मों के जरिए दलितों को यह संदेश दिया गया कि 'हम श्रेष्ठ हैं और वे निचली जाति के हैं', इसलिए यह शुद्धिकरण किया गया।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# चीन में अकादमिक कदाचार पर कार्रवाई, चार प्रोफेसर हटाए

चीन ने अकादमिक कदाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सार्वजनिक कार्रवाई शुरू करते हुए चार प्रमुख शिक्षाविदों को उनके पद से हटा दिया है और विश्वविद्यालयों तथा अस्पतालों के 40 से अधिक शोधकर्ताओं के खिलाफ जांच शुरू की है। हांगकांग से प्रकाशित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने बृहस्पतिवार को खबर दी कि चीन के राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान फाउंडेशन (एनएसएफसी) ने 26 अगस्त को देशभर के विश्वविद्यालयों और अस्पतालों में अकादमिक कदाचार के 31 नए मामलों का विवरण जारी किया। इन मामलों में 40 से अधिक शोधकर्ता शामिल हैं। एनएसएफसी की यह घोषणा चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा अकादमिक कदाचार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आह्वान करने के करीब दो महीने बाद की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में चार प्रमुख शिक्षाविदों को अपने पद गंवाने पड़े। हाई-प्रोफाइल ब्लॉगर और पीएचडी की पढ़ाई बीच में छोड़ चुके छात्र गेंग ने अप्रैल में सार्वजनिक रूप से इन शिक्षाविदों के नाम उजागर किए थे और उनके शोध में कथित कदाचार की ओर ध्यान दिलाया था। इन चारों शिक्षाविदों को राष्ट्रीय उत्कृष्ट युवा वैज्ञानिकों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान कोष से सम्मानित किया जा चुका है।



## ऑफ बीट

# 22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम

विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था - यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।



## अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।